e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 340

शनिवार

16.12.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमें सिर्फ अपनी संघर्ष करने की क्षमता बढ़ानी है, सफलता का मिलना तो तय है।

## क्विक न्यूज

### किशोरी से दुष्कर्म मामले में दोषी भाजपा विधायक को 25 साल की कैद

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में दुद्धी सीट से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को किशोरी से दुष्कर्म मामले में सजा का एलान हुआ। भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को कोर्ट ने 25 साल की कैद तथा 10 लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को मिलेगी।किशोरी से दुष्कर्म के मामले में सोनभद्र की एमपी-एमएलए कोर्ट ने ये फैसला सुनाया है। नवंबर 2014 में म्योरपुर थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था और आठ सालों की लंबी सुनवाई के बाद फैसला आया है। एमपी-एमएलए कोर्ट से विधायक रामदुलार गोंड को सजा होने पर पीड़िता के भाई ने खुशी जाहिर की।

### संसद की सुरक्षा में चूक मास्टरमाइंड ललित झा 7 दिनों की पुलिस रिमांड पर

**नई दिल्ली :** संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक के मामले के मुख्य साजिशकर्ता माने जा रहे ललित झा को पटियाला हाउस कोर्ट ने पुलिस हिरासत में शुक्रवार को भेज दिया. ललित को सात दिनों कि पुलिस हिरासत में भेजा गया. पुलिस के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि ललित से पता लगाना है कि पैसा कहां से आया और इनका मकसद क्या था? पुलिस ने कहा कि अब तक जांच में मास्टरमाइंड के तौर पर ललित झा का नाम सामने आया है. इससे मोबाइल फोन की बरामदगी भी करनी है. इस कारण हमें 15 दिनों की हिरासत चाहिए.

### विस का शीतकालीन सत्र धीरज साहू मामले को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**रांची :** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू हो चुका है. पहले दिन भाजपा ने सदन के बाहर धीरज साहू मामले को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया. धीरज साहू की गिरफ्तारी और कैश कांड की सीबीआई जांच कराने की मांग की. इसके बाद सुबह 11.07 में विधानसभा की कार्यवाही शुरू हुई. स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने प्रारंभिक वक्तव्य दिया. विधानसभा के कार्य संचालन नियमावली के तहत सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सद्स्यों के नामों की घोषणा की. राजभवन के लौटाये गये 1932 का खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक के साथ आई राज्यपाल की टिप्पणी को भी उन्होंने हुबहू सदन के अंदर पढ़ा, जिसमें राज्यपाल ने इस विधेयक में सिर्फ फोर्थ ग्रेड की नौकरियों को आरक्षित करने का सुझाव दिया है. इसके बाद सदन में शोक प्रकाश लाया गया. स्पीकर, सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम समेत अन्य दलों के विधायक दल के नेता ने शोक प्रस्ताव पढ़ा. शोक प्रकाश के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी.

### एमएस धोनी की याचिका पर आईपीएस अधिकारी संपत कुमार को जेल

**मद्रास :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी की ओर से दायर अदालत की अवमानना याचिका पर मद्रास हाई कोर्ट ने शुक्रवार को आईपीएस अधिकारी संपत कुमार को 15 दिन कारावास की सजा सुनाई. हालांकि जस्टिस एसएस सुंदर और सुंदर मोहन की बेंच ने संपत कुमार को अपील दायर करने की अनुमति देने के लिए सजा को 30 दिनों के लिए निलंबित कर दिया.

### प्रख्यात संगीतकार अनूप घोषाल का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**कोलकाता :** प्रख्यात संगीतकार एवं गायक डॉ. अनूप घोषाल का शुक्रवार को 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। शुक्रवार दोपहर बाद उन्होंने आखिरी सांस ली। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पर ममता ने लिखा है कि प्रमुख संगीतकार डॉ. अनूप घोषाल के निधन से बहुत दुखी हूं। उनके गाने आज भी लोगों की जुबान पर हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने उन्हें 2011 में नजरुल स्मृति पुरस्कार और 2013 में संगीत महासम्मान से सम्मानित किया। अनूप घोषाल का निधन संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। अनूप घोषाल के रिश्तेदारों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 22° |
| न्युनतम | 10° |

**खूंटी : सीएम ने 437 करोड़ 48 लाख रुपए की 76 योजनाओं का शिलान्यास एवं 406 करोड़ 20 लाख रुपए की 27 योजनाओं का किया उद्घाटन**

# बिचौलियों पर होगी कार्रवाई : हेमंत

*** 11,841 लाभुक के बीच 88 करोड़ 64 लाख रुपए की परिसंपत्ति का हुआ वितरण**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य में वर्ष 2021 से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ खूंटी के इस पावन भूमि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्म स्थल उलिहातु से हुआ था। वर्ष 2022 में भी इसका आयोजन किया गया और अब 2023 में तीसरे चरण के तहत राज्य के सभी पंचायत और गांव में इसका आयोजन उत्सव के रूप में किया जा रहा है। मैंने पूर्व में भी कहा था कि यह सरकार गांव-गांव, पंचायत-पंचायत और आपके द्वार-द्वार तक जाकर आपकी समस्याओं का समाधान करेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 से पूर्व आखिर ऐसा क्या कार्य हुआ था कि ये विगत दो चरणों में हमें समस्याओं के लाखों आवेदन प्राप्त हुए। बुजुर्गों, दिव्यांगों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिलाओं सभी की अपनी-अपनी समस्याएं थी। कहा कि अब ऐसा कोई घर नहीं जहां सरकार की योजना का लाभ नहीं मिला हो। अब स्थिति बदल गई है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, उपायुक्त खूंटी सहित अन्य पदाधिकारी, लाभुक, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### योजनाओं की दें जानकारी

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार के तहत गांव और पंचायत में लगाए जा रहे शिविरों में सभी के लिए योजनाएं हैं। आप सभी जाकर योजनाओं का लाभ लें। इसके अतिरिक्त यहां एक शिविर बुकलेट का भी लगा है। इस कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र-छात्राएं इस बुकलेट के जरिए अपने परिवार एवं अन्य को सहायता प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। यह बुकलेट आपकी स्कूलों में भी उपलब्ध रहेगी। ताकि सभी को योजनाओं का लाभ एवं योजनाओं की जानकारी मिले। विभिन्न योजना रूपी दरवाजे हमने खोल रखे हैं इसका लाभ सभी लोग लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गांव को मजबूत करना है, तभी झारखण्ड विकसित राज्य बन सकेगा।

### राज्य की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए भी करेंगे आर्थिक सहयोग

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि अब परिवार की सभी बेटियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। 12वीं के बाद भी उच्च शिक्षा में सरकार झारखंड की बेटियों को आर्थिक सहयोग करेगी। बेटियां सिर्फ डिग्री नही लेंगी बल्कि इससे आगे इंजीनियरिंग, डॉक्टर, लॉ आदि समेत अन्य उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यहां के छात्र-छात्राओं को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत आर्थिक मदद करेगी। साथ ही अगर आप विदेश में उच्च शिक्षा लेने की इच्छा रखते हों तो आपको मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत आपको शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। वर्तमान में खूंटी, सिमडेगा और गुमला समेत अन्य जिला की बेटियां विदेश में उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहीं हैं।




### अबुआ आवास योजना के तहत देंगे तीन कमरों का आवास

मुख्यमंत्री ने कहा रोटी, कपड़ा और मकान सभी की जरूरत हैं, इसके बिना जीवन यापन मुश्किल है, लेकिन झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अहर्ता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। पूर्व में 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया गया। लेकिन आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड से आच्छादित किया।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि बेटियां सिर्फ डिग्री नही लेंगी बल्कि इससे आगे इंजीनियरिंग, डॉक्टर, लॉ आदि समेत अन्य उच्च शिक्षा की ओर भी अग्रसर हो सकेंगी।**

### खेल में हो रहा है बेहतर प्रदर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड की बेटियां खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। जिला स्तर पर एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाने का कार्य आपकी सरकार ने किया है। हमने नई खेल नीति बनाई है। अब खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि भी दिया जाएगा। आने वाले समय में खिलाड़ियों को नौकरी में भी हिस्सा देने का विचार कर रहें हैं। हम बेटियों को और मजबूती प्रदान कर सकें। महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन झारखंड में जिस प्रकार किया गया यह ऐतिहासिक आयोजन था। हमें नहीं लगता है कि इस तरह का आयोजन देश के किसी भी राज्य में किया गया हो। आने वाले वर्षों में भी इसी तरह के अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खेल आयोजन झारखंड में होंगे यह राज्य सरकार का प्रयास है।

### नागपुर में 28 को कांग्रेस मनाएगी पार्टी का स्थापना दिवस

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने 28 दिसंबर को नागपुर में पार्टी का स्थापना दिवस मनाने का फैसला किया है. पार्टी इसके जरिए आरएसएस और भाजपा को संदेश देना चाहती है. नागपुर में ही आरएसएस का मुख्यालय है. इसलिए कांग्रेस के इस फैसले के राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं.पार्टी सूत्रों ने बताया है कि पार्टी उस दिन नागपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन करेगी, जिसे सोनिया गांधी भी संबोधित करेंगी. सोनिया के अलावा इस रैली को राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा भी संबोधित करेंगे.कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में भाग लेंगे. सूत्रों ने बताया कि पार्टी अपनी पूरी ताकत का वहां पर प्रदर्शन करेगी. कांग्रेस इस रैली के जरिए अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकना चाहती है. इस रैली से पहले 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की भी बैठक हो रही है.नागपुर में तैयारियों का जायजा लेने के लिए पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल पहुंचे. उन्होंने महाराष्ट्र के सीनियर लीडर्स के साथ बातचीत की और तैयारियों को लेकर कुछ निर्देश भी दिए. महाराष्ट्र के प्रभारी सचिव आशीष दुआ ने कहा कि आरएसएस और भाजपा को बताने की जरूरत है कि उनकी लाख कोशिशों के बावजूद देश कांग्रेस मुक्त नहीं हुआ है.कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा, यह पार्टी का एक कार्यक्रम है. इसमें पार्टी कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे, इसलिए इसका राजनीतिक महत्व तो है.यह हमें चुनावी लाभ देगा. जहां तक आरएसएस का सवाल है, तो उनका मुख्यालय नागपुर में है, लेकिन शहर पर उनका असर नहीं है.

**कांग्रेस नागपुर में अपनी ताकत का करेगी प्रदर्शन**

## पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से जुड़े लोगों के ठिकानों पर एनआईए ने की छापेमारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी:** झारखंड के नक्सली संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के खूंटी स्थित कई ठिकानों पर एनआईए की टीम ने छापेमारी की. बताया जा रहा है कि जिन लोगों के यहां छापेमारी की जा रही है, सभी दिनेश गोप से जुड़े हुए हैं. प्राथमिक जानकारी के अनुसार दिनेश गोप के साथ नक्सली गतिविधि से जुड़े हुए लोग इसमें शामिल हैं.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों के एक बड़े नेटवर्क पर मिले इनपुट के बाद ही छापेमारी शुरू की गई है. झारखंड के खूंटी जिले में पांच स्थानों पर छापेमारी की गई.

जबकि दूसरे राज्यों में भी छापेमारी की सूचना है.बता दें कि इसी साल मई महीने में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को नेपाल से गिरफ्तार किया गया था. झारखंड पुलिस ने एनआईए के सहयोग से उसे पकड़ा.

दिनेश गोप पर 25 लाख का इनाम रखा गया था. खूंटी, सिमडेगा, रांची, गुमला, चाईबासा और लोहरदगा में पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की दहशत थी. इस दहशत के दम पर उसने काफी संपत्ति अर्जित की थी. उसकी दो पत्नियां भी जेल में पहले से बंद हैं.

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप खूंटी के जरियागढ़ का रहने वाला है. फरवरी 2022 के बाद से दिनेश गोप फरार चल रहा था. फरवरी 2022 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी में पुलिस और दिनेश गोप के दस्ते के बीच मुठभेड़ हुई थी. जिसमें वो बुरी तरह से फंस गया था, लेकिन किसी तरह जंगल और पहाड़ का फायदा उठाकर वो भाग निकला था.

गिरफ्तारी के बाद से पीएलएफआई सुप्रीम दिनेश गोप से लगातार पूछताछ की जा रही है. उसने कई राज उगले हैं. कई बार उसे खूंटी, सिमडेगा ले जाकर कई जगहों पर खोजबीन की गई है.

# राजस्थान : भजनलाल शर्मा ने ली सीएम पद की शपथ

*** दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी डिप्टी सीएम पद की ली शपथ**

**एजेंसी**

**जयपुर :** भाजना के दिग्गज नेता भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई. दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है. शपथ ग्रहण समारोह में भजनलाल शर्मा के साथ ही ये दोनों नेताओं ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली. अल्बर्ट हॉल में हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे. इसके अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे.




राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. बीजेपी के एक प्रवक्ता ने बताया कि समारोह के लिए केंद्रीय नेताओं और राज्य के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजे गए थे. समारोह से पहले प्रदेश की राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया. इनमें भाजपा के झंडे और केंद्र सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े पोस्टर और बैनर थे. राज्य में 200 में से 199 सीट पर हुए चुनाव में भाजपा ने 115 सीटों पर जीत दर्ज की है. करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था. विधानसभा की इस सीट पर अब 5 जनवरी 2024 को मतदान होगा. दिलचस्प है कि भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को ही जन्मदिन भी था. ऐसे में 15 दिसंबर का दिन उनके लिए काफी बड़ा और ऐतिहासिक रहा.शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी से लेकर अलग-अलग राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने शिरकत की. तमाम विशिष्ट अतिथियों के अलावा समारोह स्थल पर बड़ी संख्या में आमलोग भी मौजूद रहे.

**कैबिनेट की बैठक में 23 प्रस्तावों पर लगी मुहर**

## झारखंड आंदोलनकारी के आश्रितों को नियुक्ति में मिलेगा आरक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मंत्रालय में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की। इसमें 23 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इनमें झारखंड आंदोलनकारियों के आश्रित को रिक्तियों में पांच प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देने का फैसला किया गया। राज्य सरकार की तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नियुक्तियों में हर आंदोलनकारी के एक आश्रित को पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ मिलेगा। इसके लिए झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम 2001 में संशोधन किया जायेगा। आंदोलनकारी के आश्रित के अलावा महिलाओं को भी रिक्तियों में पांच प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा। दिव्यांगों को भी इस व्यवस्था का लाभ मिलेगा।कैबिनेट ने बोकारो में 500 बेड के अस्पताल का नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण की मंजूरी दी।इसमें 688 करोड़ रुपये खर्च होंगे। गुमला में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के लिए 127 करोड़ की योजना स्वीकृत की गयी। बंशीधर नगर पंचायत के लिए 102 करोड़ योजना सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट




योजना के लिए स्वीकृत किये गये। दुमका नगर परिषद में भी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के लिए 172 करोड़ की योजना मंजूर की गयी। डिपॉजिट बेसिस पर राज्य सरकार ने 44.80 करोड़ की लागत से नामकुम के केतारी बगान में आरओबी निर्माण की मंजूरी दी है। यह आरओबी नामकुम-रांची स्टेशन के बीच बनेगा। इसके बनने से इस इलाके के लोगों को हर दिन के जाम से मुक्ति मिलेगी। झारखंड कंबाइंड सिविल सेवा रूल्स 2021 में संशोधन किया गया।राज्य के नियोजन पदाधिकारी का ग्रेड पे में संशोधन किया गया। ई एसएल वेदांता बोकारो को क्षति रूप पूरक वन रोपण के लिए बोकारो के चंद्रपुर जनरेट ही कसमार पेटरवार में 327 एकड़ रुपये भूमि वन विभाग को दी गई।प्रज्ञान नेशनल विश्वविद्यालय 2023 को निरस्त किया गया। इसके अलावा शाइन विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी दी गई।महिला बाल विकास माता की बच्चियों के सभी बच्चियों को सहायता दी जाएगी। कैबिनेट में बीपीओ पॉलिसी-2023 की मंजूरी दी गई।

### कोर्ट कैंपस में अपराधी की गोली मारकर हत्या

**पटना (एजेंसी) :** बिहार के दानापुर की कोर्ट कैंपस में एक अपराधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक अपराधी का नाम छोटे सरकार है. उसे बेऊर जेल से पेशी के लिए दानापुर कोर्ट लाया गया था. पुलिस ने मामले में दो हत्यारोपियों को कोर्ट कैंपस से ही गिरफ्तार किया है.दानापुर कोर्ट शूटआउट पर सिटी एसपी राजेश कुमार का कहना है कि मृतक एक खूंखार अपराधी था. दानापुर कोर्ट में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई.

असर्फी कैंसर संस्थान, धनबाद
असर्फी हॉस्पीटल
वही तरीका वही ईलाज
संभव है, कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
मुँह और गले का कैंसर
अंडाशय का कैंसर
पित्ताशय का कैंसर
स्तन कैंसर
फेफड़ा का कैंसर
हड्डी का कैंसर
गर्भाशय के मुँह का कैंसर
पेट का कैंसर
मलाशय का कैंसर
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

## संक्षिप्त खबरें

### हुसैनाबाद में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**हुसैनाबाद :** 17 दिसंबर 2023 रविवार को सुबह दस बजे से प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच कर दवा दी जायेगी। शिविर का आयोजन रांची के जाने माने सर्जन डाक्टर शाहबाज आलम ने किया है। उन्होंने बताया कि वह हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के सिंघना गांव के निवासी हैं। उन्होंने गांव के लोगों की स्वास्थ्य संबंधित जरूरतों को नजदीक से देखा है। वह पैसे के अभाव में अपना स्वास्थ्य जांच भी नहीं करा पाते हैं। बाद में उन्हें बीमारियों का शिकार होना पड़ता है। इसे ध्यान में रखकर रख कर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर उन्हें निशुल्क दवा की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में उन्होंने हैदरनगर में भी शिविर आयोजित कर काफी लोगों को जांच कर दवा उपलब्ध कराने का काम किया है। शिविर में उनके अलावा महिला चिकित्सक भी मौजूद रहेंगी।

### हाईवा व टेंपू की टक्कर चार घायल

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज ब्लॉक कार्यालय के समीप शुक्रवार की सुबह एनएच 139 पर हाईवा व टेंपू की टक्कर में टेंपू सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये, घायलों को स्थानीय लोगों ने हरिहरगंज सीएचसी केंद्र लेकर गये जहां सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया। टेंपो सवार छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग गांव निवासी मनोज यादव, कमलेश यादव, दीपू यादव एवं देवताही गांव के रामगति यादव को गंभीर चोट आई है। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजेश कुशवाहा ने बताया कि घायलों को सर, पैर में चोट लगी है, समाजसेवी राजीव रंजन ने घटना की सूचना पाकर हरिहरगंज सीएचसी केंद्र पहुंचकर घायलों का हाल जाना एवं मेदिनीनगर अस्पताल भेजने का काम किया।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा) :** प्रखंड के सिसरी पंचायत भवन के समीप आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख आभा रानी, बीडीओ रविंद्र कुमार, सीओ सुनील कुमार, मुखिया श्वेता देवी तथा उप प्रमुख देवदत प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख आभा रानी ने कहा राज्य सरकार ने प्रखंड के सभी पंचायतो में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। ताकि पंचायत के लोगो की समस्याओं का समाधान हो सके। साथ ही कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की जन उपयोगी योजनाओं को लोगो तक पहुंचाया जा सके। बीडीओ रविंद्र कुमार ने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की योजनाओं को गांव के हर व्यक्ति तक पहुचाना है। साथ ही ग्रामीणों को शिविर में लगाये गये विभिन्न विभागों के स्टॉल की जानकारी दिया। इस दौरान सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, बीपीओ कमलेश पासवान, पंचायत सचिव उमेश राम, लेखपाल अशानंदन राम, ऑपरेटर मनीष कुमार, सचेत कुमार, बीटीएम संतोष कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### शालिनी को मिला सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पंडवा (पलामू) :** पंडवा प्रखंड अन्तर्गत पतरा पंचायत मेंआपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित शिविर में आज राजकीय कृत उच्च विद्यालय, लामीपतरा की छात्रा शालिनी कुमारी को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिला। शालिनी ने बताया कि उसके पिता राजन प्रसाद एवं माता रंजू देवी सामान्य परिवार हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत उसे 5000 रूपये का राशि चेक मिला है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी उन्हें इस योजना के तहत राशि मिली है। वह दसवीं कक्षा की छात्रा है और इस योजना के लाभ मिलने से उसे पढ़ाई जारी रखने में काफी सहूलियत हो रही है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद की है। विदित होकर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का मुख्य उद्देश्य बालिका शिक्षा पर जोर देना, बाल विवाह प्रथा का अंत करना एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत झारखंड की बेटियों को अच्छी शिक्षा के लिए 40 हजार तक की सहायता राशि देने का प्रावधान सरकार ने किया है। यह राशि विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत छात्राओं को अनुदान के रूप में दी जाती है।

## जेई के विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता गुणवंत कुमार के स्थानांतरण के बाद अनुमंडल कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार ने किया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता सुमन कुमार दुबे, सहायक विद्युत अभियंता दीपक कुमार सहित अन्य बिजली कर्मियों ने जेई गुणवंत कुमार को बुके देकर और माला पहनाकर सम्मानित किया तथा अंगवस्त्र भेंट किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अथिति कार्यपालक अभियंता सुमन कुमार दुबे ने निवर्तमान जेई गुणवंत कुमार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा की मृदुभाषी और बिजली कामगारों से बेहतर समन्वय बनाकर ससमय कार्यो का निष्पादन करते थे। उनका यहां का कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग के नौकरी में तबादला एवं सेवानिवृत्त एक निर्धारित प्रक्रिया है। पद संभालने के बाद जेई गुणवंत कुमार ने पूरी ईमानदारी से यहां की समस्याओं को समझा। उसके निराकरण के लिए सार्थक पहल किया। उनके लगन से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की दशा में अभूतपूर्व बदलाव नजर आया। उन्होंने श्री बंशीधर राधा कृष्ण जी से उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना किया। विदाई समारोह के संबोधन में जेई गुणवंत कुमार ने भावुक होकर अपने अधीनस्थ कार्य करने वाले कर्मियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारीयों के सहयोग की सराहना किया। उन्होंने कहा कि यहां के लोग हमारे दिल में हैं। श्री बंशीधर नगर जैसे जगह में कार्य कर अपने आप में एक अलग अनुभव प्राप्त हुआ। विदाई समारोह में अमल राय, अशोक मेहता, अमित सिंह, संजीव कुमार, विनोद कुमार, प्रेम मेहता, लक्ष्मी नारायण, नईम अंसारी, राजू कुमार, संजीव कुमार, शत्रुघ्न पांडे, गुलजार अंसारी, विकास कुमार, अमित कुमार सहित बिजली विभाग के कर्मी मौजूद थे।

## जपला में मनी सरदार पटेल की 73 वीं पुण्यतिथि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** शहर पटेल नगर स्थित लगी प्रतिमा के समक्ष देश के प्रथम गृहमंत्री एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 73 वीं पूण्य तिथि मनी इस मौके पर कई रसजनीतिक व सामाजिक संगठनों के लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया मौके पर हुसैनाबाद उत्तरी जीप सदस्य राजू मेहता ने कहा कि सरदार पटेल भारत के आजादी के महानायक थे जिनके नेतृत्व क्षमता के कारण देश विभिन्न रियासतों से कट कर एक अखण्ड भारत का निर्माण किया गया।वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने उन्हें श्रद्धांजल देते हुए कहा कि सरदार पटेल दूरदर्शी नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता वाले नेता थे जिन्होंने आधुनिक भारत की नींव रखी। उनका अनुकरणीय कार्य हमें एक मजबूत देश के निर्माण की दिशा में मार्गदर्शन देता है। हम समृद्ध भारत के उनके सपने को साकार करने के लिए उनके कार्यो और जीवन से प्रेरणा लेते हैं। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्षा बहन उषा देवी, वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र कुमार चंदेल राजद नेता जाकिर अली उर्फ राज अली पत्रकार गौतम पटेल,सूर्यनाथ पासवान, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, सुबोध कश्यप, जनक पासवान, इम्तेयाज आलम, इजहार अंसारी, रंजीत पासवान असगर खान, प्रवीण पटेल, धीरेंद्र पटेल, शशि कान्त पटेल, चन्दन पटेल, आदि दर्जनों

## आवेदन देकर प्राथमिक विद्यालय की भूमि जोत का जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई की किया है मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड के कुशदण्ड ग्राम निवासी रामकिशुन राम ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर गांव के कुशमाहा टोला स्थित नव प्राथमिक विद्यालय की भूमि जोतने का आरोप गांव के गुलाम हुसैन पर लगाते हुये जांचोपरांत विद्यालय की भूमि जोतने वाले पर कानूनी कार्रवाई करने तथा उक्त भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग किया है.आवेदन में कहा गया है कि गुलाम हुसैन द्वारा 1987 में फर्जी केवाला करवाकर विद्यालय की भूमि को बार बार जोतने का प्रयास किया जा रहा है.पूर्व में भी अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा उक्त भूमि को जोतने से रोका गया था.26 मार्च 2019 को ट्रैक्टर से जोतने का प्रयास करने पर ग्रामीणों ने रोका था। 27 मार्च 2019 को मुखिया, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने विद्यालय की भूमि नही जोतने का कागज बनाया था, इसके बाद भी उक्त व्यक्ति द्वारा जमीन जोतने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के उपायुक्त महोदय से मोबाइल पर सम्पर्क करने पर एसडीओ के पास जाने को कहा गया था। उक्त भूमि पर सैयद अंसारी द्वारा मकान निर्माण कराया जा रहा था, जिसे उपायुक्त महोदय के निर्देश पर अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी द्वारा रोका गया था, दीवार आज भी खड़ा है। उक्त भूमि पर फर्जी आंगनबाड़ी का निर्माण कराया जा रहा था जिसका अपील सूचना आयोग रांची में चल रहा है। फर्जी बंदोबस्ती व फर्जी केवाला का मांग खारिज के लिये अपर समाहर्ता गढवा के न्यायालय में मुकदमा चल रहा है।

## लालगढ़ पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत, बिश्रामपुर प्रखंड के लालगढ पंचायत भवन के निकट शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन अपर सम्हर्ता सुरजीत सिंह, प्रखंड पदाधिकारी विक्रम आनंद, विशुत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की गई ! शिविर में वृद्धा पेंशन अबुआ आवास सिंचाई के लिए कुआं का आवेदन बच्चों के लिए साइकिल खरीदने के लिए चेक वितरण, सहित कई मामलों का दर्जनों आवेदन प्राप्त हुआ। इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का भी वितरण किया गया. वहीं मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने बताया, यह सरकार की बड़ी उपलब्धि है। जो हमारे ग्राम में शिविर लगाकर पंचायत की जनता की समस्या को हल करने मे बहुत बड़ा कारगर साबित हो रही है। मौके पर उपस्थित परियोजना पदाधिकारी नरेगा संजय कुमार, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह, बीपीआरओ मुकेश कुमार, शिक्षक विनोद पांडे, मनोज पाठक, रोजगार सेवक मनोज चौबे, जितेंद्र कुमार चौधरी बसंत पासवान, जितेंद्र राम, श्याम किशोर काफी संख्या में इस कार्यक्रम में लोक सम्मिलित थे।

### बीडीओ ने किया बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक बताई कई जानकारियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर सभागार में शुक्रवार को प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने प्रखंड के बिएलओ के साथ शुक्रवार को समीक्षा बैठक किया। जहां एसएसआर 2024 से संबंधित कई जानकारियां बिएलओ लोगों को बताएं। जिसमें बताया गया कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। यदि किसी व्यक्ति का दो जगह नाम है।तो उसे चिन्हित कर जल्द से जल्द हटाना है।मतदाता सूची में फोटो चिन्हित नहीं हो पा रहा है तो उसे पुनः सुधार करें।

## डीएसओ ने रामगढ़ के सरौआ टोला में पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन का वितरण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह पंचायत के सरौआ टोला पहुंचकर वहां रह रहे पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन का पैकेट वितरण कराया। इस दौरान मौजूद 40 से अधिक बच्चों के बीच बिस्किट के पैकेट का भी वितरण किया गया। वहीं कई वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। मौके पर उन्होंने सभी पीवीटीजी परिवारों से कहा कि अगर कोई राशन डीलर ससमय उन्हें राशन उपलब्ध नहीं कराता है तो वे सीधे डीएसओ से शिकायत कर सकते हैं.डीएसओ ने सभी से कहा कि आपको समय से राशन मिले, इसे लेकर जिले के डीसी गंभीर हैं। इसके पूर्व रामगढ़ के ही पीड़हे गांव में अवस्थित पीवीटीजी परिवारों के बीच में डाकिया योजना के तहत प्रखंड कल्याण पर्यवेक्षक, सहायक गोदाम प्रबंधक, उप प्रमुख एवं संबंधित वार्ड के सदस्य की उपस्थिति में खाद्यान्न का वितरण किया गया। दरअसल, सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म से उपरोक्त दोनों स्थानों पर पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन वितरण नहीं किए जाने से संबंधित मामला प्रकाश में आया था जिसके सत्यापन के पश्चात यह कार्रवाई की गयी। इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रिति किस्कु ने बताया कि अधिकांश परिवार जनों के बीच राशन वितरण हो रहा था। बैकलॉग की कुछ समस्या थी जिसका समाधान कर दिया गया है एवं सभी पीवीटीजी परिवारों के बीच राशन का वितरण कर दिया गया है।

## हरिहरगंज नयन होटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 दिसंबर को



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज शहर के न्यू सब्जी बाजार स्थित नयन होटल में 17 दिसंबर को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के आयोजक भाजपा जिला युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने शुक्रवार को नयन होटल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दिया। राजीव रंजन ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से पटना के मशहूर चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले भी निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें काफी संख्या में मरीजों का जांच किया गया था, इस तरह के आयोजन होने से मरीज को काफी लाभ मिलता है, उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह का आयोजन करते रहेंगे। गरीबों को सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है, उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को आकर रोगों की जांच कराने की बात कही है। मौके पर भाजपा नेता टंटू मिश्र, मृत्युंजय सिंह, कृष्णा साव, दिनेश पासवान, विनोद पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

## जेएसएलपीएस के महिला समूह के सदस्यों ने निकाला जागरूकता रैली




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बिलासपुर आजीविका महिला संकुल संगठन अन्तर्गत हुलहुला खुर्द पंचायत के नरखोरिया, पिंडरिया, शिवपुर, सोनवर्षा गांव के सभी जेएस एल पी एस के महिला समूह के सदस्यों ने नई चेतना, पहल बदलाव की,सहेंगे नही कहेंगे, चुप्पी तोड़ेंगे, लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान, शपथ आदि कहते हुए पिंडरिया चौपाल से लेकर सोनवर्षा गाँव तक जागरूकता रैली निकाली गई। एसआरपी वाजदा खातून ने कहा कि लिंग आधारित वह व्यवहार जिसकी वजह से महिलाओं एवं लड़कियों को शारिरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रूप से चोट पहुंचे या पहुंचने की संभावना हो उसे हम हिंसा कहते है। आज महिलाएं बिल्कुल सुरक्षित नही है, पितृसत्ता का वह नियम जो महिलाओं को अपने उस परिस्थितियों में फसी हुई है जिस परिस्थितियों से महिलाएं निकल नही पा रही है। पितृसत्ता में मान्यता है कि महिलाएं काम एवं भोग के लिए है। जिस कारण पुरुषों में यह धरना बना हुआ है। आज सरकार महिलाओं एवं पुरुषों को बराबरी का दर्जा दिया है। इसलिए महिलाओं एवं पुरुषों दोनों को जागरूक किया जा रहा है। मौके पर हुलहुला पंचायत की मुखिया सुशीला देवी, एसआरपी वाजदा खातून, एफटीसी अनुज सिंह, बीएपी रंजीत कुमार साव, आई पी आर पी जाबिर हुसैन, सीसी योगेन्द्र सिंह, अध्यक्ष जुलेखा बीबी, सचिव चिंता देवी, सक्रिय महिला अंजू, खुश्बू, उषा, पिंकी, माधुरी, शिला, जैरुण निशा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुक करते थाना प्रभारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** सड़क दुघर्टना में लगातार हो रही वृद्धि को लेकर भवनाथपुर पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत चपरी पंचायत भवन में शुक्रवार को पंचायत प्रतिनिधि, और ग्रामीणों के साथ बैठक कर सड़क सुरक्षा से जुड़ी जानकारी दिया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि इन दोनों बहुत तेजी से सड़क में दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और लोगों की मौत हो रही है जीवन अनमोल है और इसे बचाने के लिए सड़क सुरक्षा का पालन अति आवश्यक है। उन्होने बताया कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट लगाकर ही चलाएं और साथ में ईयर फोन का उपयोग न करें, इसके अलावा नाबालिक बच्चों को बाइक चलाने के लिए ना दें, साथ ही अधिक तेजी से बाइक ना चलाएं। वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें ओर साथ शराब पीकर वाहन नही चलाएं। चार पहिए वाहन में सीट बेल्ट अवश्य लगाएं। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अभिभावकों से छात्र-छात्राओं से सड़क सुरक्षा का पालन करने का आग्रह किया। इस मौके पर मुखिया शैलेश चौबे सहित ने पंचायत प्रतिनिधि और काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खेल में मेहनत से संवारा जा सकता है भविष्य : डीडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** खेल ही वो माध्यम है जिससे डिप्रेशन जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। वही शाहपुर स्थित बिरसा नगर सहोदय उच्च विद्यालय का खेल मैदान में शुक्रवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ डीडीसी रवि आनंद ने फुटबॉल को किक मारकर किया।मौके पर रवि आनंद ने कहा कि बच्चों को होनहार बनाने के लिए उनके माता-पिता और शिक्षक का दायित्व बनता है कि बच्चों के अंदर छुपे हुए कला को निखारने का मौका जरूर दें जिससे कि बच्चे अपने अंदर छुपे हुए कला को निखार सके। जिससे कि वह अपने गांव जिला राज्य व देश का नाम रौशन कर सके। खेल ही वो मध्यम है जिससे डिप्रेशन जैसी समस्या से भी छुटकारा पाया जा सकता है। खेल ही है जहां हर को सहज भाव से और जीत को पूरी विनम्रता के साथ स्वीकार किया जाता है। खेलों में अपनी मेहनत के दम पर भविष्य संवारा जा सकता है।जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने कहा कि जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट में सभी छात्र-छात्राओं का उम्र 18 साल से 40 साल तक निर्धारित किया गया है और उन्होंने कहा कि 21 प्रखंड से सभी छात्र-छात्राएं अपने-अपने पंचायत से खेल कर विजेता बनकर टीम प्रखंड में आए और प्रखंड से जो टीम विजेता बना वह टीम जिला स्तरीय खेल टूर्नामेंट में भाग लिया है और उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय खेल टूर्नामेंट दिन शुक्रवार 15 दिसंबर को ए ग्रुप में 12 टीम शामिल हुए हैं और 16 दिसंबर दिन शनिवार को 09 टीम खेलेगी। जिसमें जो टीम विजेता बनेगा वह 17 दिसंबर को फाइनल विजेता बनकर राज स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट में भाग लेगा। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता से आने वाली पीढ़ी को खेलों में आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है और उनमें देश के लिए कुछ करने का जज्बा भी पैदा होगा।मौके पर सेवा निर्मित शिक्षक कमलानंद दुबे, जिला स्तरीय खेल सचिव महेश तिवारी, उमर राशिद जिया, सिद्धार्थ कुमार, प्रदीप मेहता, इदरीस अंसारी, सत्येंद्र कुमार, सिकंदर कुमार, सुनील यादव, बालमुकुंद पाण्डेय सहित छात्र छात्राएं समेत कई लोग शामिल थें।

संक्षिप्त खबरें

### मुमताज अंसारी को सुन्नी वक्फ बोर्ड का मिला अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** उपनिदेशक जनजाति कल्याण एवं कार्यक्रम आदिवासी कल्याण आयुक्त कार्यालय रांची के पद पर पदस्थापित मोहम्मद मुमताज अंसारी को अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड एवं सदस्य झारखंड राज्य वक्फ न्यायाधिकरण का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सरकार ने इसके अलावा जिला भु अर्जन पदाधिकारी गढ़वा, एजाज अनवर की सेवा भू राजस्व विभाग से वापस लेते हुए उन्हें संयुक्त सचिव कृषि विभाग एवं अतिरिक्त प्रभार में निदेशक प्रशासन बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाया गया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

### बीयूएमएस की बहाली करने की मांग

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने दूसरी आन्तरिक बैठक में अपनी बात रखते हुए बीयूएमएस बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी से सम्बन्धित बहाली नही होने पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जब से झारखंड बना है तब से आजतक बीयूएमएस की बहाली नही हुआ है। जबकि बीयूएमएस का लगभग 100 पद इस राज्य में पद सृजित है। जेपीएससी के द्वारा 2018 में वैकेंसी निकाली गई थी। लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक इसकी बहाली नही हुई है। जेपीएससी के द्वारा इस बहाली को लेकर भेद भाव का रवैया अपनाया जा रहा है। आयोग के अध्यक्ष से उन्होंने आग्रह किया कि इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर जल्द से जल्द बीयूएमएस कि बहाली लेने का मार्ग प्रशस्त किया जाए।

## धीरज साहू मामले में मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा


# आयकर विभाग ने अब तक कुछ स्पष्ट नहीं कहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को धीरज साहू प्रकरण को लेकर सदन के बाहर भाजपा के विरोध प्रदर्शन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने अब तक मामले में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा है जबकि भाजपा धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग कर रही है। ठाकुर ने कहा कि इनकम टैक्स, ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां तो केंद्र की भाजपा सरकार के नियंत्रण में है। ऐसा लग रहा है कि अब तो भाजपा को इन एजेंसियों पर भी भरोसा नहीं है। इसका एक ही रास्ता है। भाजपा दिल्ली से लेकर रांची तक इन केंद्रीय एजेंसियों के डायरेक्टर और अधिकारियों के पद पर अपने नेताओं को नियुक्त कर दे। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने वन संरक्षण कानून का मामला को लेकर सत्र के पहले दिन एक अखबार की पेपर कटिंग लेकर सदन पहुंचीं। उन्होंने कहा कि कोई भी वन संरक्षण के मुद्दों पर बात नहीं कर रहा है। झारखंड में जल जंगल जमीन वाली मुद्दों पर बात नहीं हो रही है। उन्होंने इस मुद्दे को सदन के अंदर उठाने की बात कही है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार वन संरक्षण कानून में बदलाव ला रही है। इसको लेकर वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक 2023 लाया गया है, जो लोकसभा और राज्यसभा से पारित हो गया है। वहीं सरकार चाहती है कि देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भी लागू हो। इस पर भी गहराई से विचार-विमर्श जारी है।

### झारखंड विस : स्पीकर ने सदन में स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की टिप्पणी को पढ़ा, कार्यवाही 18 तक स्थगित



**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 07 मिनट पर शुरू हुई। स्पीकर रविंद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्य संचालन नियमावली के तहत इस सत्र के लिए सभापति, कार्य मंत्रणा समिति और विशेष आमंत्रित सदस्यों के नामों की घोषणा की। इसके बाद स्थानीय नीति विधेयक पर राज्यपाल की और से की गयी टिप्पणी को हुबहू सदन में पढ़ा। उन्होंने पिछले सत्र से इस सत्र के बीच दिवंगत हुए समाजसेवी, राजनेता, खिलाड़ियों और आम लोगों को श्रृद्धांजलि दी। स्पीकर के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री आलमगीर आलम ने शोक प्रस्ताव पढ़ा। स्पीकर ने शोक प्रकाश के बाद सदन की कार्यवाही 18 दिसंबर सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### झारखंड विस के बाहर धीरज साहू कैश कांड को लेकर भाजपा का धरना




झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन शुक्रवार शुक्रवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित कंपनी के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी का मामला गूंजा। धीरज साहू के ठिकानों से 500 करोड़ की बरामदगी को लेकर विपक्ष (भाजपा) ने सदन के बाहर जमकर हंगामा किया। भाजपा विधायक पत्थर चोरी, कोयला चोरी, बालू चोरी या ट्रांसफर पोस्टिंग का भी मामला उठा रहे थे। इस दौरान भाजपा के विधायक लगातार सीबीआई जांच की मांग कर रहे थे। हंगामे के दौरान अनंत ओझा, बिरंची नारायण, नीरा यादव, राज सिन्हा, जयप्रकाश भाई पटेल, समरी लाल और ढुल्लू महतो मौजूद रहे। आजसू विधायक लंबोदर महतो भी सदन के बाहर धरने पर बैठे हैं और बेरमो को जिला बनाने की मांग कर रहे हैं। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि पार्टी सदन के अंदर धीरज साहू से लेकर युवाओं के मुद्दे को जरूर उठाएगी। इरफान अंसारी ने कहा कि धीरज साहू के साथ पूरी कांग्रेस पार्टी खड़ी है। वह गरीबों के मसीहा हैं। आजादी से पहले ही उनका व्यवसाय करोड़ों में था। भाजपा बेवजह हंगामा करने का काम करती है। दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि बीस हजार करोड़ रुपये से बने संसद भवन की सुरक्षा केंद्र सरकार नहीं कर पा रही है। यह एक बड़ा मुद्दा है लेकिन इसे छोड़ भाजपा बेवजह हंगामा कर रही है। कांग्रेस विधायक अनूप सिंह ने धीरज साहू प्रकरण को लेकर कहा कि वर्षो से उनका व्यवसाय चलते आ रहा है। उनका कारोबार करोड़ों में है। भाजपा का आरोप कितना उचित है। यह जनता जानती है।

### विधानसभा सत्र के दौरान रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर शुक्रवार को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। विधानसभा आने वाली सभी गाड़ियों की जांच की जा रही थी। साथ ही बिना पास के किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। विधायक और मंत्रियों के वाहनों की भी चेकिंग हो रही थी। सुरक्षा के मद्देनजर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करते दिखे। सभी ने विधानसभा में अंदर प्रवेश करने से पहले गाड़ियों की जांच को सुरक्षा की दृष्टि से सही बताया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव, एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) राजेश्वर नाथ आलोक खुद सुरक्षा व्यवस्था का मुआयना कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि संसद में हुई घटना के बाद झारखंड विधानसभा में भी सुरक्षा व्यवस्था पहले के मुकाबले बढ़ा दी गयी है। सुरक्षा को लेकर पांच आईपीएस, 12 डीएसपी और 1000 जवान की तैनाती की गई है।

### सीएम ने स्पीकर को पुष्पगुच्छ भेंट किया



**रांची :** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र प्रारम्भ होने से पहले शुक्रवार को झारखंड विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में मुख्यमंत्री को राज्य के मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मंत्रिमंडल समन्वय सचिवालय विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल एवं प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा सैयद जावेद हैदर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## 24 के डिलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग को लेकर आयोग को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट ने आरएसएस और वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा 24 दिसंबर को रांची में आयोजित डिलिस्टिंग महारैली को रद्द करने की मांग झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से की है। शुक्रवार को फ्रंट का एक प्रतिनिधिमंडल आलम के आवास पर मिलकर उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि 24 दिसंबर को ईसाई और मुसलमानों को लक्ष्य करते हुए भाजपा नेता कड़िया मुंडा द्वारा मोरहाबादी मैदान में उलगुलान आदिवासी डिलिस्टिंग महारैली का आयोजन किया गया है । ज्ञात हो कि 24-25 दिसंबर को ईसाई समुदाय का मुख्य त्यौहार है, जो पूरी दुनिया में मनाया जाता है। 24 को ही रैली में लाखों लोगों के शामिल होने की बात कही गई है, इससे ईसाई समुदाय में आक्रोश है। हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध समुदाय के त्योहारों में सरकार व प्रशासन शांति और उल्लास के साथ त्यौहार मनाने के लिए समान रूप से अवसर प्रदान करता आया है।

रैली में ईसाई और मुस्लिम धर्म अपनाने वाले आदिवासियों को जनजाति कोटे से बाहर करने और उनका आरक्षण रद्द करने की मांग की जाएगी। ऐसे में ईसाइयों के सबसे प्रमुख त्योहार के दिन इस तरह के ईसाई विरोधी कृपया कृतय करना और हिट स्पीच देना कहां से नयायसंगत लगता है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल फ्रंट के संयोजक प्रवीण कचछप, प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण डुंगडुंग, झारखंड प्रदेश सपा अध्यक्ष अजीत बाखला, अलेक्स लकड़ा समीर हेंब्रम आदि को श्री आलम ने आशवस्त किया कि वे उनकी मांगों को अविलंब उचित प्लेटफार्म में रखने का काम करेंगे।

## वारिश ने बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी में बहाली का मामला उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग कार्यालय में अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान की अध्यक्षता में एक आंतरिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में बहुत से कई मुद्दों पर चर्चाएं हुई। सर्वसम्मति से इनमें से बहुत से प्रस्ताव पारित कर संबंधित विभागों को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष ज्योति सिंह माथारू, सदस्य मोस्लेउद्दीन तौसीफ, सुशील मराण्डी, वारिश कुरैशी, सफ्फार अंसारी, बरकत अली, इकरारूल हसन एवं सबिता टुडू उपस्थित थे। इस बैठक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने बीयूएमएस बैचलर ऑफ यूनानी मेडिसिन एंड सर्जरी से सम्बन्धित बहाली नहीं होने पर सवाल किया। उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि जब से झारखंड बना है तब से आजतक बीयूएमएस कि बहाली नही हुआ है। जबकि बीयूएमएस का लगभग 100 पद इस राज्य में पद सृजित है।जेपीएससी के द्वारा 2018 में वैकेंसी निकाली गई थी। लेकिन 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक इसकी बहाली नही हुई है। जेपीएससी के द्वारा इस बहाली को लेकर भेद भाव का रवैया अपनाया जा रहा है।

आयोग के अध्यक्ष से आग्रह किया कि इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए झारखंड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर जल्द से जल्द बीयूएमएस कि बहाली लेने का मार्ग प्रशस्त किया जाए। ताकि बहाली की प्रत्याशा में बैठे हुए प्रतिभागी का भला हो सके।

## हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अरगोड़ा थाना क्षेत्र से हथियार के साथ दो युवक की गिरफ्तारी की गई है । सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक को एक सूचना मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र के इमली चौक से वीर कुंवर सिंह चौक जाने के क्रम में जनता फ्लैट के पास दो व्यक्ति काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल से आकर पिस्टल लहरा रहा है और फायरिंग भी की गई है। ऐसी सूचना पर पुलिस ने वहां पर छापा मारी की जिसमें ठाकुर धर्मेंद्र सिंह और रविंद्र सिंह उर्फ बिट्टू को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है । इसके पास से देसी पिस्तौल ,एक मैगजीन, दो जिंदा गोली , एक स्मार्टफोन दो और मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि पूछताछ के क्रम में पता चला कि धर्मेंद्र का विवाद संजीत नमक व्यक्ति था इसी घटनाओं को लेकर धर्मेंद्र मन में ठान लिया था और उस को मारने की नियत से धर्मेंद्र वहां पर पहुंचा था । इस छापेमारी में हटिया डीएसपी राजा मित्र , अरगोड़ा थाना प्रभारी बृज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक निरीक्षक अनिमेष शांतिकारी ,कृष्ण कुमार ,आशीष कुमार आदि शामिल थे।

### सचिव वंदना दादेल 16 से छुट्टी पर, अजय सिंह को अतिरिक्त प्रभार



**रांची :** मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव वंदना दादेल 16 से 28 दिसंबर तक अवकाश पर रहेंगी। उनके अवकाश पर रहने की स्थिति में ग्रामीण कार्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं संबंध में विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जन-जन को मिला आमंत्रण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को होने वाले श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए जन-जन को आमंत्रण देने हेतु रांची पहुंचे अक्षत कलश की आज श्री राम जानकी मंदिर तपोवन मंदिर में मंदिर के पूज्य महंत श्री ओम प्रकाश शरण जी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर रांची महानगर के 16 नगरों में वितरित किया गया। सभी 16 नगरों के लिए पीतल के कलशो में पूजित पीला अक्षत भरकर नगर संयोजक एवं सहसंयोजक को सौंपा गया जिसे श्रद्धा पूर्वक अपने माथे पर रखकर जय श्री राम के उद्घोष के साथ अपने-अपने नगरों में ले गये जिसे दर्शन पूजन के लिए नगर के मंदिरों में रखा जाएगा । 1 जनवरी से 15 जनवरी के बीच महानगर के सभी सनातनी परिवार के घर निमंत्रण के रूप में पूजित अक्षत ,आमंत्रण पत्र एवं श्री राम मंदिर का चित्र कार्यकर्ताओं द्वारा पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर तपोवन श्री राम जानकी मंदिर में मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख मिथिलेश्वर मिश्र ने कहा पूरे विश्व के हिंदुओं एवं भारतवर्ष के लिए यह एक अभूतपूर्व आनंद का क्षण होगा जब प्रभु श्री राम अपने दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर में विराजित होंगे श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी 2024 को अयोध्या जी के साथ-साथ रांची महानगर के भी सभी मठ मंदिरों को सजाया जाएगा तथा भजन- कीर्तन एवं अनुष्ठान किए जाएंगे, प्रसाद बटेंगे तथा कई मंदिरों में भंडारा भी होगा। समस्त हिंदू समाज अपने आसपास के मंदिरों में एकत्र होकर सामूहिक पूजन एवं आरती में भाग लेंगे। संध्या काल में सभी अपने-अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाएंगे। अक्षत कलश वितरण कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद रांची महानगर के अध्यक्ष श्री कैलाश केसरी, कार्यक्रम के महानगर संयोजक चंद्रदीप दुबे ,सहसंयोजक अंकित सिंह, प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत धर्मप्रसार परियोजना प्रमुख रेणु अग्रवाल, विभाग मंत्री कृष्ण कुमार झा, विभाग धर्माचार्य संपर्क प्रमुख सुरेंद्र तिवारी ,विभाग सेवा प्रमुख रविशंकर राय, विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अमर प्रसाद, रांची महानगर सह मंत्री विश्वरंजन , पारसनाथ मिश्र , मुकेश गिरी सहित सभी नगरों के संयोजक, सहसंयोजक सहित संघ, विहिप एवं अन्य सम वैचारिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कश्मीरी युवा आदान प्रदान कार्यक्रम रांची का हुआ रंगारंग उदघाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वाई.बी.एन.यूनिवर्सिटी नामकुम के सभागार में कश्मीरी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम रांची का रंगारंग उदघाटन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सुशांत गौरव, निदेशक, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेल -कूद और युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वाई.बी. एन यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर रामजी यादव, कुलपति डॉ नरेश कुमार गुप्ता एवं राज्य निदेशक नेहरु युवा केंद्र संगठन झारखण्ड हनी सिन्हा रहीढ्ढ अतिथियों का स्वागत नेहरु युवा केंद्र,रांची के उपनिदेशक सर्वेन्द्र प्रताप सिंह तथा कार्यक्रम सहायक गौरव चुघ तथा वाई.बी. एन.यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम समन्वयक कौशल किशोर द्वारा अंगवस्त्र,मोमेंटो तथा पौधा देकर की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत एवं कला एवं संस्कृति विभाग,झारखण्ड के मनपूरन नायक एवं नाट्य दल, रांची द्वारा प्रस्तुति दी गयी तथा वाई.बी. एन.यूनिवर्सिटी के छात्र/छात्राओं द्वारा नागपुरी नृत्य के माध्यम से कश्मीरी युवाओ के सम्मान में प्रस्तुति दी गयी।किसी भी पुराने धारणाओं को बदलने में कश्मीरी युवा-आदान प्रदान कार्यक्रम एक सार्थक पहल है। जिसके माध्यम से गृह मंत्रालय,भारत सरकार के सहयोग से नेहरु युवा केंद्र संगठन,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय,भारत सरकार के द्वारा इस तरह के आयोजनों से निश्चय ही झारखण्ड एवं कश्मीर के लोगों की एक आपसी समझ विकसित होगी तथा दोनों राज्य के युवा अपनी अहम् भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रदेश एवं राष्ट्र की तरक्की में भागीदार बनेगें। उद्धघाटन समारोह के अंत में अतिथियों का आभार वाई.बी.एन. यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. नरेश कुमार गुप्ता द्वारा किया गया।

## सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में16 दिसम्बर को होने वाली सदभावना सम्मान समारोह की तैयारी पूरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सर्वधर्म सदभावना समिति के तत्वावधान में 16 दिसम्बर को कचहरी रोड स्थित बिहार क्लब में 11:30 बजे दिन में होने वाली सदभावना सम्मान समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है। समिति के अध्यक्ष मो. इसलाम, मुख्य संरक्षक डा. अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव एवं कुणाल अजमानी ने संयुक्त रूप से बताया कि सदभावना सम्मान समारोह कार्यक्रम सर्वधर्म सदभावना समिति के अध्यक्ष मो.इसलाम की अधयक्षता एवं पूरे कार्यक्रम की सरपरस्ती समिति के मुख्य संरक्षक डा. अजीत सहाय, संरक्षक जयसिंह यादव एवं कुणाल अजमानी करेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी को आमंत्रित कर दिया गया है एवं एक तैयारी समिति बनाते हुए सभी को अलग अलग जिम्मेवारी दे दी गई है। तैयारी समिति में मुख्य रूप से मो. इश्तेयाक, परवेज आलम, फिरोज अंसारी, प्रदीप राय बाबू, सुहैल खान, परमजीत सिंह ट्क्किू,जनक नायक, मोईज अख्तर भोलू , शमीम कुरैशी एवं मंजीत सिंह को शामिल करते हुए प्रत्येक के जिम्मे अलग अलग कार्यों की विस्तृत जिम्मेवारी दे दी गई है ताकि सभी के सहयोग से कार्यक्रम कोअच्छी तरह सफल बनाया जा सके। कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों को मंच तक लाने की जिम्मेवारी राजन वर्मा एवं संजय सिन्हा गोपू तथा अन्य जिम्मेवारी अनिल भाई को दी गई है।

## हरदाग पंचायत मे आजसू की बैठक संपन्न



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को हरदाग पंचायत में आजसू पार्टी की बैठक पंचायत प्रभरी मधू सिंह बिजिंया के अध्यक्षता में की गयी।हरदाग पंचायत के सभी ग्राम प्रभारी एवं बृध्द महिला पुरुष,उपस्थित रहे। आजसू पार्टी के राँची जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आजसू पार्टी माटी की पार्टी है,ये राज्य स्वाभाविक नहीं आन्दोलन का उपज है,राज्य के दबे कुचले अभाव रहित ग्रामीणों का सेवा हीं पार्टी का संपूर्ण लक्ष्य है,अगर आजसू पार्टी की सरकार झारखण्ड में बनेगी तो निश्चित रूप से माननीय श्री सुदेश कुमार महतो जी के नेतृत्व में पुरे झारखण्ड राज्य का सर्वागीण विकास होगा। साथ हीं पार्टी के सौजन्य से बढ़ते ठण्ड से बचने के लिए सैकड़ो बर्ध्दि महिला पुरूष,विकलांग के बीच कंबल का भी वितरण किया गया,मुख्य रूप से महिला नेत्री केन्द्रीय सचिव श्रीमती फुलकुमारी देवी,केन्द्रीय सचिव सह खिजरी विधान सभा प्रभरी जितेन्द्र सिंह,जिला सचिव कुदरत शेख,समाज सेवी सह आजसू पार्टी हुड़वा पंचायत प्रभरी राजू उरांव,हरदाग पंचायत महिला प्रभारी दीपा देवी,ग्राम प्रभारी मनबोध संगा,सुनीता बाड़ा,मुनिया नाग,डुभन देवी,दशमी तिर्की,पार्वती कच्छप,अनिता ताम्बा,टोरेशा देशवाई,रीणा संग्गा,गुड़िया तिर्की आदी सैकड़ो महिला पुरूष उपस्थित थे।

## किचटो पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत मे शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की शुरूआत मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय और कीचटो पंचायत की मुखिया संगीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस दौरान उपस्थित लोगों ने हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया।कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि आज भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को जो मजबूती मिला जिससे भारत का वैश्विक सम्मान और पहचान सबसे उपर है।लोकल को ग्लोबल यानी स्थानीय को वैश्विक बनाने के विजन का नाम मोदी सरकार है।गरीब कल्याण देश का कल्याण के सूत्र से कमजोर वर्गो की आकांक्षाओं को पूरा करने का नाम मोदी सरकार है। पिछ्ले 9 वर्षो में देश महिला नेतृत्व विकास की दृष्टि से आगे बढ़ा है।इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया।मौके पर टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी,गणेश प्रसाद साहु, टंडवा बीपीओ सुबोध पासवान,मनीलाल महतो, पिपरवार मंडल महामंत्री संजय गंझू,यूवा मोर्चा मंडल सयोजक रामलाल महतो, महिला नेत्री बबीता देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## बेंती उच्च विधालय के छात्रो का दल शैक्षणिक भवन के लिए राजगीर हुआ रवाना



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेंती के छात्र छात्राओं का एक दल शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुक्रवार को बोधगया राजगीर विश्वविद्यालय नालंदा के लिए रवाना हुआ।स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष स्कूली बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए ले जाया जाता है।इससे बच्चों को कई प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है।शिक्षकों ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले बच्चे वहां की वर्तमान और भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी लेते हैं।शिक्षा के लिए शैक्षणिक भ्रमण एक बेहतर पहल है।इस दौरान शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे एक बस में सवार होकर शुक्रवार की सुबह रवाना हुए।इस मौके पर विजय टोप्पो,दशरथ महतो,मुकेश दास,प्रभु ठाकुर,गोवर्धन,अजय प्रजापति,सोनी कुमारी,डोली कुमारी,सपना कुमारी, निखिल कुमार,बिनित कुमार, साक्षी कुमारी,जानवी कुमारी सहित स्कूल के कई शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

## अशोक परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का हुआ आयोजन

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोका परियोजना में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में अशोका परियोजना पीट कार्यालय में अशोका परियोजना के सेफ्टी ऑफिसर सुनिल कुमार यादव के द्वारा झंडोतोलन और उपस्थित अधिकारियों एंव कर्मियो को सुरक्षा



की शपथ दिलाए जाने के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने कहा कि कोयला खदानों में कामगारों के बेहतर सुरक्षा से ही अत्यधिक कोयले का उत्पादन संभव हो सकेगा। उन्होंने कोयले का उत्पादन में सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए प्रत्येक कोयला कामगारों को कोयला खदान में ड्युटी के दौरान सुरक्षा के मापदंड को आवश्यक समझकर अनुपालन करने का आहवान किया जिससे दुर्घटनाओं से कोयला कामगारों को निजात मिल सके।कार्यक्रम को एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषण सहित जमसं के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह,सीसीएल सेफ्टी कमेटी के सदस्य अरविंद शर्मा,भीम प्रसाद मेहता सहित कई अधिकारियों ने संबोधित किया।कार्यक्रम में डीके आनंद,आरपी सिंह,हेमराज महतो,मुकेश तोषण,संजय कुमार यादव,पीके त्रिपाठी, आरएन पडिंत,बिनोद कुमार, गुरदयाल सिंह,बालेश्वर सिंह,अरुण सिंह,प्रमोद कुमार,सुरेश चौधरी सहित काफी संख्या में कोयला कामगार मौजूद थे।

# बेड़ो प्रखंड के करांजी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के पंचायत करांजी पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कई आवेदन को तत्काल स्वीकृत किया गया वहीं कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी प्रताप मिंज ने सरकार के द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं का विस्तार से जानकारी दिए। वहीं अंचल कार्यालय से होने वाले आपदा प्रबंधन, किसान सम्मान निधि, जमीन त्रुटी के निराकरण के बारे में जानकारी दिये।कांग्रेस पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से कहा कि सरकार आपलोगों के लिए अबुवा आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार श्रजन योजना, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले महिला समृद्धि योजना, कंबल, धोती साड़ी सहित कई कल्यणकारी योजना चला रही है। आप योजनाओं का अधिक से अधिक ले सकें इसके लिए सभी विभाग के पदाधिकारीयों को आपतक भेजने का काम किया है। सरकार सबको नौकरी नहीं दे पाएगी लेकिन आपको योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बना रही है। इसके साथ ही सरकार हमारे बच्चों को पढ़ने के लिए किताब



दे रही है, पैसा दे रही है और खाना भी दे रही है। हमें जरूरत है, अधिक से अधिक योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने का। कार्यक्रम में कुल 1381 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं 655 लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण किया गया। आवेदकों में सबसे लम्बी लाईन अबुआ आवास का था जिसमें 670 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं 269 लाभुकों के बीच सोना-सोबरन धोती साड़ी का वितरण किया गया। 10 छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। वन विभाग की ओर से 30 लाभुकों के बीच पौधा का वितरण किया गया। वहीं 4 किसानों के बीच केसीसी स्वीकृति पत्र दिया गया।मौके पर मुखिया फ्रांसिस्का मिंज, बबलु खान,पूर्व पचस अमीन अंसारी, अंचल निरीक्षक भिखम कुमार, प्रधान सहायक मो नदीम, आदि थे ।

## 13 दिवसीय पोशाक आभूषन उद्यमी ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय पोशाक आभूषण उद्यमी ज्वैलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अथिति मुरी ओ पी, ए एस आइ श्री आशीष रंजन ने राज्य के विभिन प्रखंड से आए 18 सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र दिया और को खुद का स्वरोजगार करने का संदेश दिया । उन्हों ने कहा आज के समय में पोशाक आभूषण ज्वैलरी का बहुत डिमांड है बाजारों में शादी विवाह के मौके पर, आप बहुत ज्यादा से ज्यादा आय कर



सकतें है अपने स्वरोजगार से और अपने स्वरोजगार को बैंक से लोन लेकर भी आगे बढ़ा सकतें है और दूसरो को भी रोजगार दे सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने मुख्य अतिथि को धन्यवाद ज्ञापन किए । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, दशरथ कुमार महतो,महेशरूही दास, उपस्थित रहे।

## बेड़ो में गरीब वृद्धों के बीच 100 कम्बल का वितरण

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत सचिवालय बेड़ो में शुक्रवार को वृद्ध व गरीबों के बीच 100 कम्बल का वितरण किया गया। वितरण सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, मुखिया सुशांति भगत व पंचायत समिति सदस्य विजय भगत ने सामुहिक रूप से किया। बढ़ती ठंड के बीच गरीब बुजुर्गों को कंबल मिलने से काफी खुश हुए और प्रतिनिधि को आशिर्वाद दिए। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय ने कहा कि इस ठंड के मौसम में जरूरतमंदों का जरूरत पुरा करना हमारा कर्तव्य समझते हैं और हमेशा से हम इस तरह के कर्तव्यों का



निर्वाहन करते आये हैं और करते रहेंगे। मुखिया सुशांति भगत ने कहा की हमारे पंचायत में 100 कम्बल बांटने के लिए आया हुआ था जिसका वितरण हम अपने पंचायत के सही लाभुकों तक पहुंचाने का काम किये हैं।

## गुंज महोत्सव को लेकर बैठक आज

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली स्टेडियम परिसर मे गुंज महोत्सव को लेकर विधानसभा स्तरीय बैठक आज रखी गई है। इस बैठक के मुख्य अतिथि आजसु पार्टी सुप्रीमों पूर्व उपमुख्यमंत्री झारखंड सरकार सह सिल्ली के लोकप्रिय विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहेगें। इस बैठक मे सिल्ली प्रखंड समिति के सभी पदाधिकारी, पंचायत कमेटी,पंचायत प्रभारी,ग्राम प्रभारी, बुद्धिजीवी, मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पूर्व मुखिया, पूर्व उप मुखिया, महिला ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं सक्रिय महिला दीदी की उपस्थिति अनिवार्य है।

**जिला खेल पदाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(जिला खेल शाखा)**
दूरभाष : ................. Email ID : dsoramgarh48@gmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सभी खिलाड़ियों/आम जनों को सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय के पत्रांक–888 दिनांक 16.10.2023 के आलोक में विभागीय अधिसूचना संख्या–553 दिनांक 17.05.2002 एवं झारखण्ड खेल नीति–2022 के अनुसार **''खिलाड़ी कल्याण कोष''** के तहत सहायता प्राप्त करने हेतु राज्य के वैसे उदीयमान खिलाड़ियों (राज्य में पदक एवं राष्ट्रीय भागीदारी), जो प्रतियोगिताओं के लिए उनकी प्रशिक्षण अवधि के दौरान अथवा प्रतियोगिता के दौरान घायल/चौटग्रस्त हो गए हों अथवा जो अभावग्रस्त परिस्थितियों में हो अथवा खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हों, परन्तु खेल उपस्कर/किट क्रय करने में सक्षम नहीं हो अथवा जो अन्तरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हों एवं उन्हें चिकित्सीय उपचार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने का प्रावधान है।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु जिला खेल कार्यालय, रामगढ़/खेलकूद निदेशालय, झारखण्ड राँची से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी,रामगढ़
PR 313551 District(23-24).D

**स्थानीय सूचना**
**प्रपत्र VI 'क'**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
**प्रारंभिक अधिसूचना**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

संख्या–957/भू0अ0 दिनांक–13/12/2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, कोडरमा को यह प्रतीत होता है, कि ग्राम–**बगरीडीह** थाना–**डोमचाँच,** थाना सं0–**356,** अंचल–**डोमचाँच,** जिला–**कोडरमा** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा **बगडो से महेशपुर चौक भाया मसमोहना सड़क चौडीकरण निर्माण** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–**बगरीडीह** थाना–**डोमचाँच,** थाना सं0–**356,** अंचल–**डोमचाँच,** जिला– **कोडरमा** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**0.0670 एकड़** यानि–**0.0271** हेक्टेयर मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है............

ग्राम–**बगरीडीह** थाना–**डोमचाँच,** थाना सं0–**356,** अंचल–**डोमचाँच,** जिला–**कोडरमा।**

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 37 | 497 | रैयती | टांड | 0.0050 | अज्ञात | उ0–प्लॉट नं0–496,472 | द0–अंश भाग | पू0–प्लॉट नं0–672 | प0–प्लॉट नं0–498 |
| 2 | 67 | 502 | रैयती | टांड एक | 0.0350 | मो0 खलील वो अब्दुल जलील पिता–पोखन मियां | उ0–अंश भाग | द0–रास्ता | पू0–प्लॉट नं0–503 | प0–सीमाना बगडो |
| 3 | 58 | 560 | रैयती | टांड | 0.0100 | कलीम उद्दीन पिता–सहमली मियां | उ0–सीमाना धुमाडीह | द0–प्लॉट नं0–566 | पू0–अंश भाग | प0–प्लॉट नं0–559 |
| 4 | 46 | 570 | रैयती | परती कदीम | 0.0170 | मकसुद मियां पिता– छदु मियां वो मोहिउद्दीन पिता–गफुर मियां | उ0–प्लॉट नं0–559 | द0–प्लॉट नं0–559 | पू0–अंश भाग | प0–प्लॉट नं0–559 |
| कुल:– | | | | | 0.0670 | (एकड़) | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अन्तरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, **कोडरमा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
समुचित सरकार–सह–उपायुक्त, कोडरमा
PR 313558 Land Reforms(23-24).D

# चुरी मध्य पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** चुरी मध्य पंचायत में बुधवार को अंचल अधिकारी खलारी शिशुपाल आर्य की अध्यक्षता में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभागों के द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी ली एवं समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन दिया. इसके साथ ही उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया. वहीं कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित कुल 1359 आवेदन दिए जिनमें से 962 आवेदनों का निष्पादन तत्काल शिविर में ही कर दिया गया. अन्य आवेदनों को आगे की कारवाई के लिए अग्रसारित किया गया.कार्यक्रम में 56 जाति व 52 आय प्रमाण पत्र लोगों को दिया गया.वहीं मनरेगा अंतर्गत 65 नए जॉब कार्ड का वितरण किया गया, 176 लोगों को श्रम कार्ड दिया गया, 15वें वित्त आयोग के तहत 14 नई योजनाएं स्वीकृत की गई.इसके अलावा 100 आयुष्मान कार्ड का वितरण हुआ.वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 55 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई. इस दौरान 225 लोगों



को कंबल, 331 लोगों को धोती, साड़ी का वितरण किया गया. इसके साथ ही सर्वजन पेंशन के लिए 10 आवदेन, निर्वाचन संबंधित 25 अवोदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 04 आवेदन, सावित्री बाई फुले योजना के लिए 05 आवेदन, राशन कार्ड सुधार के लिए 46 आवेदन, आधार पंजियन 65 के अलावा अबुआ आवास योजना के लिए 35 आवेदन सहित अन्य विभागों के लिए भी लाभुकों द्वारा आवेदन दिया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया सुनीता देवी, प्रदेश सचिव कांग्रेस इंदिरा देवी, खलारी प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस साबीर अंसारी ,भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रतिमा कुमारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी गोपाल राम दास, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी आदि थे ।

# बचरा जामा मस्जिद में अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी की हुई बैठक

### चतरा मे होने वाले तहरीक ऐ बेदारी कॉन्फ्रेंस में जाने का लिया गया निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जमा मस्जिद में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद अंजुमन फैजुल इस्लाम कमेटी की बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता अंजुमन के सदर इस्लाम अंसारी और संचालन सेक्रेटरी इरफान शेख ने किया।बैठक में समाज से जुड़े कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।समाज मे फैल रहे कुरुतियो को दुर करने पर चर्चा की गई।बैठक मे सर्वसम्मति से समाज को शिक्षित बनाने, दहेज प्रथा दुर करने,शादी विवाह मे फिजुल खर्च को बन्द करने,नशापान को बन्द कराने,समाज से भटके युवा को मुख्यधारा से जोड़ने सहित कई बातो पर चर्चा करते हुए इस पर समाज के लोगो को जागरूक करने का निर्णय लिया गया।बैठक में आगामी 19 दिसंबर को चतरा के हंटरगंज में एदारा शरिया के तत्वाधान में होने वाले तहरीक ऐ बेदारी कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने एवं पिपरवार क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल



होने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि इस कांफ्रेंस में देश के कई उलेमा एवं मौलाना शामिल होंगे,जिसमें सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।बैठक के अंत में क्षेत्र एवं राज्य की अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।बैठक मे बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज, हाफिज मुनव्वर, वासिक रजा, इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन, इरफान शेख, हदीश खान, जसीमुद्दीन अंसारी, अयूब अंसारी, छोटू खान, अमजद अली, मंजूर आलम, दानिश अंसारी, आदि थे ।

**कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़**

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोला प्रखण्ड अन्तर्गत बनतारा मेला, गोला का वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए बंदोबस्ती हेतु निर्धारित तिथि 12.12.2023 को किसी आवेदनकर्त्ता द्वारा भाग नहीं लेने के कारण पुनः उक्त बंदोबस्ती दिनांक 19.12.2023 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रामगढ़ के सभागार में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्राधिकृत बंदोबस्ती चयन समिति द्वारा खुली डाक के माध्यम से की जायेगी।

डाक में भाग लेने हेतु इच्छूक आवेदको को आवश्यक सुरक्षित जमा राशि का ड्राफ्ट मूल रूप में एवं सभी वांछित कागजात सहित आवेदन सीलबंद लिफाफे में दिनांक 19.12.2023 को अपराह्न 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि के पश्चात आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट : बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्तें जिला परिषद, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के वेबसाईट www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, रामगढ़
PR 313550 (District)23-24*D

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.**

**Request for Proposal for Performance based Maintenance Contracts.**
**E-mail:** eenhgumlajhr@gmail.com / eenhgumla-jhr@nic.in
NIT No. NH/GUMLA/PBMC/02/2023-24 Dated : 13-12-2023

Application in the prescribed format form eligible contractors for Request for Proposal Performance based Maintenance Contracts (PBMC) mode are invited for following project in two bid systems, (Technical &Financail)

| Sl. No. | Name of Work | State | Length | Approximate Cost | Cost of RFP document in Rs | Bid Security | Contract Duration* (Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PBMC work from km 12.00 to km 36.100 (Total Length-=24.100 km) of NH-143B in the state of Jharkhand. | Jharkhand | 24.100 km | 150990230.00 | 10,000/- | 15.10 Lakhs | 60 |

Important Dates.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Issue of Notice Inviting RFP | 13-12-2023 |
| 2. | Last Date For Receiving Queries | 02-01-2024 |
| 3. | Pre-BID Meeting At Venue (as mentioned in RFP) | 08-01-2024 at 13:00 Hrs, Office of the Chief Engineer, NH Wing Ranchi, Jharkhand. |
| 4. | Authority Response To Queries Latest by | 05-01-2024 |
| 5. | Period of Sale of Bid Document | From 18-12-2023 15:00 HRS to 18-01-2024 upto 15:HRS Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 6 | BID Due Date | Date 18-01-2024 Up to 15:00 HRS Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 7. | Last date of physical submission of bid security, POA and other documents in original | 18-01-2024, up to 15.00 HRS |
| 8. | Time and Date of Opening Technical Bid (RFP) | Date 19-01-2024, 15:30 HRS Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 9. | Time and Date Opening Financial Bid | To be notify. Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 10. | Place of Opening of Bids | Office of the Chief Engineer, NH Wing Ranchi,Jharkhand. Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in/] |
| 11. | Bid Validity | 120 Days From the Bid Due Date. |
| 12. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer NH Division, Gumla RCD Jharkhand |

(a). Bid Document fee (Cost of RFP document) which **Rs. 10,000/-(Rupees Ten thousand only)** shall be paid only through NTRP(Non–Tax Receipt Portal) Portal https://bharatkosh.gov.in to Pay & Accounts Officer (PAO: 034756 in "Regional Pay Accounts Officer [RPAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.] . The GST of Rs. 1800/- (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall be submitted in the form of Demand Draft favouring "Regional Pay & Accounts Officer (NH), MoRTH, Kolkata", payable at kolkata.

(b). Bid Security "Bid Security of Rs. **15.10 Lakhs** (Rupees Fifteen lakhs ten thousand) in the form Original Bank Guarantee in the format as mentioned in RFP from a scheduled Bank in favour of Executive Engineer, National Highway Division, Gumla . Bid Security in the form of B.G. only will have to be deposited in any office of the (i) Executive Engineer, National Highway Division, Gumla (ii) Superintending Engineer, National Highway Circle, Ranchi (iii) Chief Engineer, National Highway Wing, Ranchi (iv) Regional Officer, Ministry of Road Transport & Highway, Jharkhand Ranchi on before 15:00 HRS on **18-01-2024** failing which the bid will be rejected.

Sd/-
**Executive Engineer**
**National Highways Division, Gumla.**
PR **313497** (Road) 23-24 (D)

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मैथन पावर लिमिटेड को मिला प्रशस्ति पत्र

**जमशेदपुर/धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा पावर और दामोदर वैली कॉरपोरेशन के संयुक्त उद्यम मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) को रिएक्टिव पावर के उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए ईस्टर्न रीजन लोड डिस्पैच सेंटर (ईआरएलडीसी), कोलकाता की ओर से सराहना हासिल हुई है। यह प्रशस्ति 30 नवंबर, 2023 को ईआरएलडीसी द्वारा जारी की गई थी, जो भारत के पूर्वी क्षेत्र में बिजली प्रणाली के इंटीग्रेटेड ऑपरेशन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। ग्रिड में वोल्टेज स्थिरता और बिजली की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए रिएक्टिव पावर आवश्यक है। भारतीय ऊर्जा प्रणाली में सौर और पवन जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के बढ़ते एकीकरण के संदर्भ में रिएक्टिव ऊर्जा प्रबंधन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।

## किआ की नई सॉनेट में मानक सुविधा के रूप में 6-एयरबैग को शामिल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की अग्रणी मास प्रीमियम कार निर्माता, किआ ने अपने दूसरे सबसे ज्यादा बिकने वाले इनोवेशन, द न्यू सॉनेट के नए अवतार को सबसे पहले भारत में पेश किया है। अधिक मजबूत और स्पोर्टी सॉनेट को तकनीक-प्रेमी और वन-स्टॉप मोबिलिटी समाधान चाहने वाले आधुनिक जोड़ों और पेशेवरों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इसमें 10 ऑटोनॉमस सुविधाओं वाला एडैस दिया गया है, जिनमें फ्रंट कोलिज़न अवॉइडेंस असिस्ट (एफसीए), लीडिंग व्हीकल डिपार्चर अलर्ट (एलभीडीए), और लेन फॉलोइंग असिस्ट (एलएफए) जैसे कुछ नाम शामिल हैं। मजबूत 15 हाई-सेफ्टी सुविधाओं के साथ, सॉनेट अब 25 से अधिक सेफ्टी फीचर्स का दावा करती है।




## 18 दिसंबर से पुनः चलेगी टाटा जालियांवाला बाग एक्सप्रेस

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दपू रेलवे द्वारा कोहरे के कारण तीन माह के लिए रद्द की गई टाटा-अमृतसर-टाटा जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को पूर्व की तरह चलाने का आदेश रेलवे ने जारी कर दिया है। इसको लेकर दपू रेलवे ने एक अधिसूचना भी जारी कर दी हैं। अधिसूचना के अनुसार टाटा-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस 18 दिसंबर से टाटानगर से और अमृतसर-टाटा जालियांवाला बाग एक्सप्रेस अमृतसर से 20 दिसंबर से शुरू होने जा रही है। लोगों की मांग को देखते हुए रेलवे ने यह निर्णय लिया है। बता दें कि कोहरे को देखते हुए रेल प्रशासन ने चार दिसंबर से लेकर एक मार्च तक जालियांवाला बाग एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया था। इस ट्रेन को पुनः बहाल करने के लिए शहर के तमाम सिख संगठनों ने अंदोलन की चेतावनी दी थी। यही नहीं, इसको लेकर पिछले दिनों रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के जमशेदपुर आगमन पर सांसद विद्युत वरण महतो समेत विभिन्न सिख संगठनों ने इस ट्रेन को चलाने की मांग को लेकर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था। सीजीपीसी के प्रतिनिधिमंडल ने भी हाल ही में डीआरएम को एक मांग पत्र सौंपा था। ट्रेन के शुरू होने से सिख समुदाय के लोगों में खुशी की लहर है।

## टाटा मोटर्स के पूर्व प्लांट हेड आर सी बंका का निधन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा मोटर्स के पूर्व प्लांट हेड आर सी बंका का शुक्रवार 15 दिसंबर को देहांत हो गया। उनके निधन से उनके परिवार जनों और प्रियजनों सहित उद्योग जगत से जुड़े लोगों में शोक की लहर है। श्री बंका ट्रैक्टर बनाने वाली विश्वप्रसिद्ध कंपनी टैफे के कार्यकारी निदेशक भी रह चुके हैं। मिलनसार, हंसमुख और दयालु प्रकृति के आरसी बंका जनहितकारी सामाजिक कार्यों में भी हमेशा संलग्न रहते थे। उनकी अंतिम यात्रा 17 दिसंबर को उनके नीलडीह स्थित आवास से 3 बजे पार्वती घाट के लिए प्रस्थान करेगी।



## गम्हरिया की प्रशंसा दीवान एलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में यूनिवर्सिटी टॉपर

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी गम्हरिया निवासी योगेश दीवान की पुत्री प्रशंसा दीवान ने इस वर्ष बीए एलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षा में यूनिवर्सिटी टॉपर बनकर परिवार ही नही क्षेत्र का भी नाम रौशन किया है। वह नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी से वकालत की पढ़ाई कर रही है। साथ ही, सरायकेला जिला न्यायालय में प्रसिद्ध अधिवक्ता केपी दुबे के संरक्षण में अपनी प्रैक्टिस का अभ्यास भी कर रही है। उसकी इस सफलता पर परिजनों समेत शुभचिंतकों में हर्ष व्याप्त है और उन्होंने प्रशंसा को इस सफलता के लिए बधाई भी दिया है।



## कुकड़ू में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, परिसंपत्तियों का हुआ वितरण

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को कुकड़ू प्रखंड के कुकड़ू पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राकेश कुमार गोप, जिप उपाध्यक्ष मधुश्री महतो,प्रमुख प्रतिमा सिंह ,मुखिया राधिका सिंह मुंडा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपने संबंधोंन में कुकड़ू प्रखंड के बीडीओ राकेश कुमार गोप ने लोगों को सरकार द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के योजनाओं का लाभ सुयोग्य लोगों को लेने की अपील की। शिविर में 22 स्टॉल लगाया गया है। इस दौरान लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 1586आवेदन हुए प्राप्त हुए, जिसमें से 373 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया।

## भादुडीह में स्विफ्ट कार की टक्कर से टेम्पो पलटा, चालक समेत 4 घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे भादुडीह मोड़ के पास एक अज्ञात स्विफ्ट कार ने एक टेम्पो को पीछे से टक्कर मार दिया। इससे टेम्पो चालक बर्मामाइंस निवासी सुशील मुखी के एक पैर की हड्डी टूट गई है जबकि अन्य तीन लोग घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंचे कुटिमाकुली निवासी समाजसेवी उमेश चंद्र महतो ने एक अन्य कार पर तीन घायलों को चिकित्सा हेतु एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। जबकि गंभीर रूप से घायल टेम्पो चालक को अस्पताल भेजने की तैयारी चल रही थी। घटनास्थल बोड़ाम थाना क्षेत्र में पड़ता है और इसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है। घायल चालक ने बताया कि वह बर्मामाइंस निवासी 6 लोगों को टेम्पो में हाथीखेदा मंदिर लावजोड़ा लेकर पूजा कराने गया था। वहां से लौटने के क्रम में भादुडीह के पास तेज रफ्तार से जमशेदपुर की ओर जा रही एक स्विफ्ट कार ने पीछे से जोरदार धक्का मार दिया जिसके कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। घटनास्थल पर घायलों को छोड़ कार चालक वाहन लेकर भाग निकला। पुलिस द्वारा घटना में शामिल कार का पता लगाया जा रहा है। घटना में टेम्पो का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

## डहरे टुसू कार्यक्रम को लेकर लोवाडीह में बैठक संपन्न, पटमदा से हजारों लोग होंगे शामिल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 7 जनवरी को वृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा डिमना से साकची तक आयोजित डहरे टुसू कार्यक्रम की तैयारी के मद्देनजर शुक्रवार को पटमदा प्रखंड के लोवाडीह स्थित कुड़माली भवन परिसर में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दीपक कुमार महतो ने कहा कि पटमदा प्रखंड से पिछले साल की भांति इस साल भी 90 गांवों से 50 हजार से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें 7 पारम्परिक छऊ नृत्य टीम एवं 24 महिला नृत्य टीम की झांकी इस बार आकर्षण का केंद्र रहेगा। बैठक में मुख्य रूप से जयराम महतो, फनीभूषण महतो, साधुपद महतो, माधव महतो, दीपक महतो, लबधन महतो, साधु महतो, साधन महतो, सनातन महतो, निर्मल महतो, राजकिशोर महतो, रामकृष्ण महतो, लालमोहन महतो, संतोष महतो व दीपक रंजीत आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### उपायुक्त जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के पहले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में हुए शामिल

# सरकार खिलाड़ियों के आर्थिक, सामाजिक उत्थान के लिए चला रही कई योजनायें : मंजूनाथ भजन्त्री

### देश-विदेश में अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहरा चुके युवा प्रतिभा हुए सम्मानित






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में आयोजित जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के पहले वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2023 में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होने मार्च पास्ट की सलामी ली तथा युवा महिला खिलाड़ी जिन्होने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अंजीला गुप्ता, खेल प्रशिक्षक डॉ हसन इमाम, रजिस्ट्रार राजेन्द्र जायसवाल, स्पोर्टस के चेयरमैन तथा अन्य प्रोफेसर व यूनिवर्सिटी की छात्रायें मौजूद रहीं । उपायुक्त ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि व्यक्तिगत रूप से यह मेरे लिए हर्ष की बात है जहां युवा प्रतिभाओं को संबोधित करने का अवसर मिला है। हमारे देश, राज्य और समाज के भविष्य युवा हैं, छात्र-छात्रायें हैं और इनको संबोधित करते हुए समाज में आगे आने और समाज में बदलाव लाने के लिए प्ररित कर पाऊं तो काफी खुशी होगी। कहा कि विज्ञान के इस युग में, इंटरनेट की दुनिया में हमलोग लगातार छोटे-छोटे बच्चे हों या बुजुर्ग तक एक कमरे में, कुर्सी पर कैद होते जा रहे हैं जिसकी वजह से शारीरिक और मानसिक-स्वास्थ्य पर विपरित परिणाम पड़ रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि खेल के साथ खेल भावना बहुत महत्वपूर्ण है। खेलभावना हमें हार जीत को एक सकारात्मक तरीके से लेकर अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने की सीख देती है । उन्होंने कहा कि हमारे झारखंड के युवाओं में खेल को लेकर नैसर्गिक प्रतिभा है। सरकार द्वारा भी खिलाड़ियों के आर्थिक, सामाजिक उत्थान की दिशा में कई पहल किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल विजेताओं को सरकारी नौकरी में सीधी नियुक्ति देनी हो या खेल प्रतियोगिता के आयोजन से पंचायत और प्रखंड स्तर तक के प्रतिभाओं को तराशा जा रहा है ।

## जलमीनार का बकाया पैसा नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** छोटानागरा पंचायत अन्तर्गत जामकुन्डिया गांव के मुंडा टोला में 15वीं वित्त आयोग से वर्ष 2020-21 में निर्मित पाइप लाइन से जलापूर्ति योजना का पैसा आज तक विभाग द्वारा अभिकर्ता लाभुक समिति, जामकुंडिया को नहीं मिलने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. इस संबंध में गांव के मुंडा कुशो देवगम ने बताया कि उक्त योजना के तहत मुंडा टोला के 12 परिवारों को घर-घर पाइप लाइन से पानी का कनेक्शन देना था. इस कार्य की प्राक्कलन राशि 1,13,414 रुपये था. कार्य को करने की जिम्मेदारी जामकुंडिया लाभुक समिति को दी गई थी. लाभुक समिति ने अपना पैसा लगाकर कार्य को पूर्ण कर लोगों के घर-घर तक पानी पहुंचा दिया है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक लाभुक समिति को मात्र 15 हजार रुपये ही दिया गया है. समिति बाकी के पैसा वर्षो से विभाग से मांग रही है, लेकिन आज तक पैसा नहीं मिला. इस मामले की जांच प्रशासन जल्द कर लाभुक समिति को बाकी के पैसे का भुगतान करने की मांग की है. मुंडा ने बताया कि गांव में एक अन्य जलमीनार बनाया गया है, जिससे पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है. जल मीनार में लगा लोहे का एंगल सड़ गया है. बांस बांधकर उसमें नल लगा दिया गया है. इसमें लगा मोटर भी खराब है, जिस वजह से पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है. इस समस्या का समाधान संबंधित विभाग अविलम्ब करें.

## चैतनपुर के ग्रामीणों ने बिजली समस्या को लेकर बैठक की, समाधान नहीं तो होगी जन आंदोलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसवां प्रखंड के रीडिंग पंचायत मौजा चैतनपुर में शुक्रवार को ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें झारखंड पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर ने उपस्थित होकर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद बिहारी कुजूर ने कहा कि खरसावां विधानसभा क्षेत्र के चैतनपुर गांव में आजादी के 75 साल के बाद भी गांव में बिजली नहीं पहुंच पाना सरकार की नाकामी को दर्शाता है, जिससे इस आधुनिक युग में भी लालटेन और ढिबरी बत्ती के सहारे ही चैतनपुरवासी जीने को मजबूर हैं। जबकि गांव में कुल 440 की आबादी है। बिटापुर पंचायत गांव सिलपिंगदा टोला हेसेलपीड़ी ग्रामीणों का कहना है बिजली विभाग जब से बिजली कनेक्शन दिया है एक बार भी बिजली बिल नहीं दिया गया, जब बिल 5000- 10000 हजार हुआ तब विभाग बिना समय और सूचना के ही बिजली काट दिया गया। बिजली काटने के एक साल बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं है। हम विभाग से इस प्रेस विज्ञप्ति के मध्यम से विनम्र आग्रह करते हैं। जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान हो। अन्यथा झारखंड पार्टी ग्रामीणों के साथ मिलकर जन आंदोलन को बाध्य होगी।



## जिले से कुपोषण दूर करने को आईसीडीएस द्वारा वृद्धि निगरानी सप्ताह का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले से कुपोषण को दूर करने एवं कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु शुक्रवार 15 दिसंबर से आईसीडीएस द्वारा वृद्धि निगरानी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर वीएचएसएनडी के पूर्व 0-5 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 14 से 18 वर्ष की किशोरियों के वृद्धि की निगरानी की जानी है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर ने बताया विभागीय निर्देशानुसार जिले के परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को वृद्धि निगरानी के संबंध में जानकारी दी जा चुकी है। ताकि, वृद्धि निगरानी के सभी आंकड़ों की इंट्री पोषण ट्रैकर एप में दर्ज की जा सके। इसके लिए प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह को वृद्धि निगरानी सप्ताह के रूप में आयोजित करते हुए मापित आंकड़ों का पोषण ट्रैकर में इंट्री कराना सुनिश्चित किया जाएगा। बाल अवस्था में विकास की तीव्र गति को देखते हुए समय-समय पर वृद्धि और विकास की गति और दर की पहचान किया जाना जरूरी है। नियमित निगरानी से शारीरिक माप में आये अंतर की पहचान होती हैं और माता-पिता को सही समय पर उचित परामर्श दिया जा सकता है।



### 22 दिसंबर को मनाया जाएगा संताली भाषा विजय दिवस

## सुपर 100 संताली लेखक होंगे सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** सरायकेला खरसावां जिला के चांडिल डैम परिसर होटल आहार सृजन में शुक्रवार को संताली भाषा विजय दिवस मनाने के लिए आयोजक मण्डली के अध्यक्ष श्यामल मार्डी के अध्यक्षता में एक बैठक किया गया। बैठक में अखिल भारतीय संताली लेखक संघ झारखंड शाखा, पातकोम दिशोम माझी पारगाना माहाल, ओलचिकी हूल वैसी सराईकेला-खरसावां जिला कमेटी तथा ओलचिकी टीचर्स एसोसिएशन चांडिल के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक में 22 दिसंबर को संताली भाषा विजय दिवस चांडिल के शीशमहल परिसर स्थित पातकुम म्यूजियम में संयुक्त रुप से मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय संताली लेखक संघ झारखंड शाखा की ओर से टोठाकिया सांवहेद आखड़ा के माध्यम से चयनित सुपर 100 संताली राइटर्सों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही साथ विभिन्न ओलचिकी इतून आसड़ा के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। संताली भाषा विजय दिवस को यादगार बनाने के लिए कोल्हान प्रमंडल के साथ-साथ झारखंड के अलग-अलग इलाकों से हजारों संताली साहित्यकारों तथा समाज के लोग उपस्थित रहेंगे। बैठक का संचालन अध्यक्ष रजनी कान्त माण्डी ने किया तथा सचिव सुधीर चंद्र मुर्मू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में मुख्य रूप से साहित्यकार भुजंग टुडू, श्यामल मार्डी, हाराधन मार्डी, महेंद्र नाथ टुडू, परेश हांसदा, आदि थे।

### 10 सूत्री मांगों को लेकर देशभर के ग्रामीम डाक सेवक 12 दिसंबर से हड़ताल पर

# अनिश्चितकालीन हड़ताल से डाक सेवा ठप्प

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरूलडीह :** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ की देशव्यापी अनिश्चतकालीन हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। इधर जमशेदपुर डिवीजन के तिरुलडीह उप डाकघर में चौथे दिन भी सभी डाककर्मी एक जगह एकत्रित होकर अपने दस सूत्री मांगो पर नारा लगाते रहे। अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के निजाम अंसारी के नेतृत्व में तिरुलडीह उप डाकघर में 13 ब्रांच डाकघर के ग्रामीण डाक सेवकों ने अपनी मांगों के समर्थन और केंद्र सरकार के विरोध में नारे लगाये। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण डाक कर्मचारी जीडीएस पर लगाए गए नियम 3ए को तत्काल हटाने, ग्रामीण डाक सेवकों को पेंशन सहित सभी प्रकार के लाभ देने, समूह बीमा कवरेज को 5 लाख रुपये तक बढ़ाने, विभागीय कर्मचारियों के बराबर जीडीएस की ग्रेच्युटी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। वे टीआरसीए को शीघ्र समाप्त करने और सेवाओं में सुधार के लिए सभी शाखा कार्यालयों में लैपटॉप, प्रिंटर आदि आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण डाक कर्मियों की हड़ताल के कारण बीओ बैग का आदान-प्रदान पूरी तरह से ठप हो गया है। दैनिक लेखा कार्य भी प्रभावित हुआ है। ग्रामीण डाक कर्मियों की हड़ताल के कारण स्पीड पोस्ट और जनरल पोस्ट के काम पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। जानकारी के अनुसार झारखंड के सभी प्रखंडों के ग्रामीण डाक सेवक भी हड़ताल है। इनके हड़ताल पर चले जाने से डाक सेवा पूरी तरह चरमरा गयी है।मौके पर ग्रामीण डाक सेवक बनारसी रजक, अमिऊदीन मोमिन, मंगल प्रसाद आड्डी, टीके हाजरा, स्वपन कुमार हलदर, बिरेन महतो, रबिन्द्रनाथ महतो, पंकज कुमार, शशिकपूर सिंह मुंडा, भजोहरि कुमार, जगदीश साव, रविन्द्र नाथ दास आदि ग्रामीण डाक सेवक शामिल है।



## जेबीकेएसएस की बांगुड़दा पंचायत कमेटी के अध्यक्ष बने निर्मल कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत बांगुड़दा फुटबॉल मैदान में आयोजित बैठक के दौरान झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की पंचायत कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से चुने गए पदाधिकारियों में पंचायत अध्यक्ष निर्मल कुमार महतो, उपाध्यक्ष संजीव कुमार महतो, युधिष्ठिर महतो, किशोर कुमार महतो व शशधर महतो, सचिव राजेश सिंह सरदार, सह सचिव प्रेम चांद महतो, संतोष महतो व श्यामापद प्रमाणिक, कोषाध्यक्ष गिरिधारी महतो, मीडिया प्रभारी अमित महतो, नयन महतो, आशीष कुमार, सलाबत महतो, बीनाधर महतो, सनत कवि, दुर्योधन महतो व सुमित महतो के अलावे खगेन महतो, अंकुर महतो समेत 48 लोगों को शामिल किया गया है। मौके पर जेबीकेएसएस के जिला संयोजक समिति सदस्य विश्वनाथ महतो, मानिक चन्द्र बेसरा, दिनेश महतो, पिंकी महतो, राजा कालिंदी, उज्ज्वल महतो, प्रखंड संयोजक समिति से चंदन महतो, विजय महतो, अनिल बास्के, उत्तम महतो, कृष्ण सहिस, हरिमोहन महतो, विवेक सहिस, रविंद्र गोराई, सौरभ दास, निमाई महतो, गणेश कुम्भकार, शंकर महतो व कृष्णपद महतो आदि शामिल थे।



## अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के अधिवेशन में देश-विदेश से भोजपुरी प्रेमी करेंगे शिरकत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के स्वर्ण जयंती वर्ष में 27वाँ अधिवेशन की पूर्व संध्या पर बिष्टुपुर तुलसी भवन में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में सम्मेलन के भावी अध्यक्ष ब्रजभूषण मिश्र, महामंत्री डॉ जयकांत सिंह %जय%, मॉरीशस से पधारीं डॉ सरिता बुधु, नेपाल से उपस्थित प्रतिनिधि गोपाल ठाकुर, गोपाल अश्क, भोजपुरी जंक्शन के सम्पादक मनोज भावुक, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रसेनजित तिवारी, सचिव डॉ सन्ध्या सिन्हा, तुलसी भवन के न्यासी अरुण तिवारी, संयोजक डॉ अजय ओझा आदि ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। श्री तिवारी ने कहा कि आगामी 16 तथा 17 दिसंबर को अधिवेशन में विभिन्न पहलुओं पर साहित्यिक विमर्श,सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुस्तक प्रदर्शनी आदि का आयोजन होगा। साहित्यकार सम्मान भी इस कार्यक्रम का हिस्सा रहेगा। भोजपुरी को आठवीं अनुसूची में शामिल करवाने की योजना भी बनेगी। डॉ बुधु ने बताया कि मॉरिशस के भोजपुरी गीतों को यूनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल किया है। मॉरीशस फिजी, सूरीनाम, गुयाना, गिनिवाव आदि अनेक देशों में भोजपुरी सेवी अपनी सक्रियता दिखला रहे हैं। डॉ सरिता बुधु के पति मॉरीशस के उप प्रधानमंत्री भी रहे हैं। नेपाल से आये प्रतिनिधि गोपाल ठाकुर जो कि वहां के पूर्व संसद सदस्य एवं वर्तमान में भाषा उत्थान के अध्यक्ष हैं ने कहा कि नेपाल में भी भोजपुरी तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। अधिवेशन का विशेष आकर्षण 16 दिसम्बर के संध्या का सांस्कृतिक संध्या, जिसमें नृत्य, नाटक, गीत इत्यादि के एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां होंगी, जिसमें पूरे देशभर से आये कलाकार भाग लेंगे। तो 17 दिसंबर की संध्या राष्ट्रीय भोजपुरी कवि सम्मेलन का आयोजन है।




## बड़ाबाम्बो में तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के जोरडीहा पंचायत के बड़ाबाम्बो फुटबॉल मैदान में पी.एस.एम.सी. जोजोपी बड़ाबाम्बो की ओर से तीन दिवसीय फुटॉबाल प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू हुई, जिसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को किक मारकर किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच श्याम ब्रदर्स बड़ाबाम्बो व रुगड़ी एफ.सी.के बीच खेला गया। इस दौरान श्री मिश्रा ने कहा कि राज्य की महागठबंधन सरकार खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में निरंतर प्रयत्नशील रहते हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 48 टीमों ने हिस्सा लिया है। फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन 17 दिसंबर को होगी। मौके पर विजय नायक, बबलू पूर्ति, देवेंद्र नायक, सत्यवान गागराई, वीरेंद्र नायक, किशन प्रमाणिक, संतोष नायक आदि उपस्थित थे।



# राजस्थान में 33 साल बाद आया ब्राह्मण राज



भाजपा ने राजस्थान में भजनलाल शर्मा के रूप में ब्राह्मण चेहरे पर भरोसा जताया है। 33 सालों के बाद राज्य में ब्राह्मण मुख्यमंत्री ने शपथ लिया। आखिरी बार कांग्रेस के हरिदेव जोशी 1990 तक सीएम रहे थे। भरतपुर जिले की नदबई तहसील के अटारी गांव के मूल निवासी शर्मा कॉलेज के समय से ही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ गए थे। बाद में वह सक्रिय राजनीति में आए। हालांकि शर्मा चुनावी राजनीति में आरंभिक दौर में बहुत सफल नहीं रहे। शुरुआती दौर में वह एक बार सरपंच का चुनाव हारे। हालांकि 2000 में वह अपने गांव अटारी के सरपंच चुने गए। राजनीति शास्त्र से स्नातकोत्तर करने वाले भजनलाल शर्मा 2009 में भरतपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष बने। 2014 में पहले भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और 2016 से अब तक महामंत्री पद का जिम्मा संभाल रहे हैं। भजनलाल से पहले कांग्रेस से हरिदेव जोशी 3 बार सीएम 1973 से 1977,फिर 1985 से 1988 तक और फिर 1989 से 1990 तक सीएम रहे। भजनलाल शर्मा 2003 में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर सामाजिक न्याय मंच से नदबई से भाजपा के ही खिलाफ चुनाव लड़ा लेकिन हार गए थे। उन्हें सिर्फ 5,969 वोटों से संतोष करना पड़ा था।भजनलाल शर्मा एबीवीपी के 1990 में हुए कश्मीर मार्च में भी सक्रिय रहे। करीब 100 कार्यकर्ताओ के साथ उन्होंने ऊधमपुर तक मार्च किया और फिर गिरफ्तारी भी दी। 1992 में श्रीराम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी गए। 1991-92 में भारतीय जनता युवा मोर्चा की जिम्मेदारी मिली।सीएम और डिप्टी सीएम मामले में भाजपा नेतृत्व के फैसले वसुंधरा के भविष्य के लिए बेहतर संकेत नहीं है। भजन लाल शर्मा सांगानेर की उस सीट से विधायक चुने गए हैं जहां वसुंधरा के करीबी अशोक लाहोटी का टिकट काट दिया गया था। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मुख्यमंत्री के नामों की घोषणा के बाद 2019 में प्रधानमंत्री मोदी के दिए भाषण का एक अंश सच साबित हो गया है। इस भाषण में पीएम ने कहा था कि मीडिया की खबरों से न तो मंत्री बनते हैं और न मंत्री पद जाते हैं। ये भाजपा और एनडीए का चरित्र नहीं है।भजनलाल शर्मा को एक निर्विवाद व्यक्तित्व के तौर पर जाना जाता है. भजनलाल शर्मा को सीएम बनाकर बीजेपी ने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश दिया है। किसी भी नेता का लगातार जीत दर्ज करवाना ही किसी पद के लिए कोई बड़ा पैमाना नहीं है, बल्कि आम कार्यकर्ता और नेता की निष्ठा तथा समर्पण भी बेहद अहम है। गुलाबी नगरी जयपुर की हल्की गुलाबी सर्दी की सुबह शुक्रवार को केसरिया रंग में रंगी नजर आ रही थी। एयरपोर्ट से लेकर शपथ ग्रहण स्थल ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल तक और उसके अलावा पूरे जयपुर शहर को भारतीय जनता पार्टी ने केसरिया रंग में रंग दिया था। इसी केसरिया माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर जयपुर की धारा पर उतरे और उनकी मौजूदगी में राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह लगभग 15 मिनट चला और उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा ने उपस्थित जनता का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

### विष्णुदेव के दिवंगत दादा बुधनाथ साय 1947 से 1952 तक विधायक रह चुके हैं

## विष्णुदेव साय का नाम आगे करके भाजपा ने देशभर के आदिवासी वर्ग को साध लिया है

ललित गर्ग

> वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विष्णुदेव साय का निर्णय नया राजनीतिक धरातल तैयार करेगा एवं नयी राजनीतिक दिशाओं को उद्घाटित करेगा। जमीन से जुड़े, विनम्र, ईमानदार एवं सादगीप्रिय विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की दूरगामी सोच एवं राजनीतिक परिपक्वता से जुड़ी साहसिक एवं करिश्माई राजनीति की निष्पत्ति है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि अब तक चार बार के सांसद, तीन बार के विधायक और छत्तीसगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष की कमान एवं केंद्र सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं।

विष्णुदेव साय को छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री घोषित करके भारतीय जनता पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। वैसे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जीवंत आदिवासी समाज को उन्नति के नये शिखर एवं राजनीति में समुचित प्रतिनिधि देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति बनाकर उन्होंने इस समुदाय की आशाओं पर खरे उतरने की कोशिश की है। निश्चित ही विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने से आदिवासी समुदाय में खुशी जगी है, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पड़ोसी राज्य झारखंड और ओडिशा में भी भाजपा को लाभ मिलेगा, वहीं मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोगों भी प्रभावित किया जा सकेगा। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से विष्णुदेव साय का निर्णय नया राजनीतिक धरातल तैयार करेगा एवं नयी राजनीतिक दिशाओं को उद्घाटित करेगा। जमीन से जुड़े, विनम्र, ईमानदार एवं सादगीप्रिय विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय निश्चित ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की दूरगामी सोच एवं राजनीतिक परिपक्वता से जुड़ी साहसिक एवं करिश्माई राजनीति की निष्पत्ति है। छत्तीसगढ़ की राजनीति में विष्णुदेव साय इसलिए बड़ा नाम है, क्योंकि अब तक चार बार के सांसद, तीन बार के विधायक और छत्तीसगढ़ में भाजपा के अध्यक्ष की कमान एवं केंद्र सरकार में राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। 26 साल की उम्र में ही पहली बार विधायक बनने वाले विष्णुदेव के दिवंगत दादा बुधनाथ साय 1947 से 1952 तक विधायक रह चुके हैं। उनके दिवंगत ताऊ नरहरि प्रसाद साय भी दो बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। विष्णुदेव साय ने ताज़ा चुनाव कुनकुरी विधानसभा सीट से लड़ा था, जिसमें उन्होंने 25 हजार 541 वोटों से जीत दर्ज की। कम बोलने और बेहद विनम्र माने जाने वाले विष्णुदेव साय को, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का बेहद करीबी माना जाता है। निश्चित ही उनकी मुख्यमंत्री की पारी ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं राजनीतिक परिपक्वता का उदाहरण बनेगी। 21 फरवरी 1964 को एक आदिवासी परिवार में जन्में विष्णुदेव साय ने अपनी 10वीं तक की पढ़ाई कुनकुरी के लोयला हायर सेकेंडरी स्कूल से की है। अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा भी था, विष्णुदेवजी हमारे अनुभवी कार्यकर्ता हैं, नेता हैं, सांसद रहे, विधायक रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे। एक अनुभवी नेता को भाजपा आपके सामने लाई है। आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे। अमित शाह ने बड़ा आदमी बनाने का अपना वायदा इतना जल्दी पूरा कर दिया है। वैसे भी 32 फ़ीसद आदिवासी जनसंख्या वाले छत्तीसगढ़ की विधानसभा में आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित 29 सीटों में से 17 पर भाजपा के कब्जे के बाद माना जा रहा था कि किसी आदिवासी विधायक को भाजपा मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री बना सकती है। प्रधानमंत्री मोदी



ने सत्ता में आने के बाद से ही भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया है। भ्रष्टाचार में लिप्त विपक्षी पार्टी के नेताओं के घरों पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स की रेड हो रही है। झारखंड के कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के घर पर इनकम टैक्स की रेड और 500 करोड़ रुपए की बरामदी हुई है। इसलिये भाजपा ईमानदार नेताओं को आगे लाना चाहती है, विष्णुदेव साय जमीन से जुड़े हैं, आदिवासी हैं और लंबे समय से राजनीतिक जीवन में रहने के बावजूद भ्रष्टाचार के आरोपों से दूर हैं। ऐसे में वे भाजपा के इस कैटेगरी में एकदम फिट बैठे और मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार भी। ईमानदारी के साथ विनम्रता भी उनकी बड़ी विशेषता है। एक दिन पहले उन्होंने कहा- "विनम्रता को कमज़ोरी नहीं मानना चाहिए। मैं तो इसे अपनी ताक़त मानता हूं और मेरी कोशिश रहेगी कि आजीवन विनम्र बना रहूं।" राजनीतिक स्वार्थ के चलते आजादी के बाद से जंगलों और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले आदिवासियों को हमेशा से दबाया और कुचला जाता रहा है जिससे उनकी जिन्दगी अभावग्रस्त ही रही है। कांग्रेस ने आदिवासी के नाम पर सत्ता तो अनेक बार हासिल की, लेकिन उनके कल्याण के लिये कोई ठोस काम नहीं किये। जबकि आदिवासी समुदाय को कांग्रेस विचारधारा का ही माना जाता रहा है, लेकिन नरेन्द्र मोदी ने अपनी सूझबूझ एवं विवेक से आदिवासी लोगों का दिल जीता है। वर्ष 2007 में मुख्यमंत्री रहते नरेन्द्र मोदी गुजरात के आदिवासी इलाके कवांट में जैन संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एक समारोह में 15 हजार करोड़ की वनबंधु योजना की शुरुआत की। इन दिनों इन्हीं जैन मुनि की चर्चा चुनाव सभाओं में एवं गुजरात की एक सभा में प्रधानमंत्री ने की। उनके मन में आदिवासी कल्याण की भावना है। राजनीति जोड़तोड़ की दृष्टि से देखा जाये तो कांग्रेस जहां मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण एवं तुष्टिकरण कर रही है तो भाजपा के लिये आदिवासी समुदाय ही रौशनी बनते हुए दिख रहे हैं। निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में इन आदिवासी वोटों की महत्वपूर्ण भूमिका बनने वाली है। जब भाजपा हिन्दू राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है, ऐसे में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्म परिवर्तन की है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यहीं से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गए वे वनवासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गए वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। इसी बड़ी आबादी को प्रभावित करने के लिये द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाना एवं विष्णुदेव को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा की परिपक्व राजनीति को दर्शाता है। विष्णुदेव साय का निर्णय राज्य में आदिवासी वोटर्स को ध्यान में रखते हुए सामने आया है। इससे पहले भी आदिवासी वोटर को साधने के लिए भाजपा ने कई सकारात्मक घोषणाएं की हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत आगे बढ़ रही है। स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान् आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डॉ. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुर्गावती, शहीद बिरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है। यही कारण है कि यह समाज अनेक समस्याओं से घिरा है। भाजपा आदिवासी समाज के अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाने के प्रयासों को नियंत्रित करने एवं सक्रिय होकर आदिवासी कल्याण की योजनाओं को लागू करने में जुटी है। निश्चित तौर पर लोकसभा चुनाव में आदिवासी वोट काफी अहम होगा। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में फिर आदिवासी कार्ड खेला है। विष्णुदेव साय प्रभावी आदिवासी नेता हैं और आदिवासी समुदाय में उनकी बड़ी पकड़ है।

दृष्टि कोण

## पांच राज्यों में चुनाव नतीजों के निहितार्थ

हाल के पांच राज्यों के चुनाव परिणाम देश की दोनों पार्टियों- भाजपा व कांग्रेस के तौर-तरीकों को भी उजागर करते हैं। ये बताते हैं कि इन पार्टियों ने किन तरीकों से अपनी-अपनी चुनावी समर लड़ी है। क्या हैं इन दोनों के फर्क, और इनका असर, इस आलेख में इसी विषय पर चिंतन की कोशिश करेंगे। कभी जादूगर का खेल देखा है? राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं, लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। पांच राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें। मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी शैली की नींव 2014 से डाली है, उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित होने पर चुनावी-



मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लडना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना, ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देखकर नहीं चलती, नयी तारीखें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौलकर वह अपना हर काम करती है। उनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है, यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फिलस्तीन-गाजा-इसरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव हैं। जी-20 भी चुनाव है। खेल व खिलाड़ी भी चुनाव हैं। चंद्रयान भी चुनाव है, सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं, कई हैं जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है। मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नए चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता। मोदी जी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी। किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशतः आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाकों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं, बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है। यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं, उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी टक्कर लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीती थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं, पिछले के मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नए चुनावी आधार गढने की योजना का एक हिस्सा था। स्मार्ट सिटी योजना, अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नए कारक हैं जिनके जनक मोदी जी हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

### उरीमारी में 66वा खान सुरक्षा सप्ताह व निरीक्षण दिवस समारोह मना

## उरीमारी परियोजना को 34.64 हेक्टेयर भूमि का फोरेस्ट क्लियरेंस मिला : पीओ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के उरीमारी परियोजना में शुक्रवार को बेस वर्कशॉप के समीप 66वां खान सुरक्षा सप्ताह व निरीक्षण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से निरीक्षण दल मे जितेन्द्र कुमार, रविन्द्र बोन्था,अजय तिर्की, दिनेश मालाकार, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार,सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के मेम्बर विकास कुमार,शशी भूषण सिंह व एरिया सेफ्टी आफिसर विजय प्रसाद मौजूद थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा झंडोत्तोलन कर सुरक्षा के प्रति शपथ ग्रहन किया गया ओर साथ ही कोल इंडिया कोरपोरेट गीत बजाया गया। वही सीसीएल में शहीद हुए मजदूरों के प्रति दो मिनट का मौन धारण किया गया। इसके पश्चात सुरक्षा के मद्देनजर स्टोल लगाया गया था जिसमे सुरक्षा से संबंधित उपक्रम मौजूद थे जिसका आये हुए अतिथियों के द्वारा निरीक्षण कर जानकारी दी गई। इसके बाद अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस दौरान विस्थापित ग्रामीणो की बच्चीयो के द्वारा पारंपरिक स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस दौरान दो कलाकार एस सरकार व मिस रूबी ने खान सुरक्षा के प्रति गीतों से समा बांधते हुए कर्मीयों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।वहीं अतिथियों ने अपने भाषण में संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए कोयला बहुत जरूरी है लेकिन सुरक्षा को देखते हुए कोयले का उत्पादन करना है इसलिए सुरक्षा नियमों का पालन करें। वहीं परियोजना पदाधिकारी उरीमारी दिलीप कुमार ने कहा कि सुरक्षा को ताक में रखकर काम ना करें उन्होंने कहा कि उरीमारी का भविष्य बहुत ही बेहतरीन है इसकी विस्तारीकरण के लिए 34.64 हेक्टेयर जमीन स्टेट फारेस्ट क्लियरेंस मिल चुका है हम लोग ढाई मिलियन टन कोयला का उत्पादन करेंगे। वहीं कार्यक्रम का संचालन बिनोद मिश्रा ने किया। बेहतर कार्य करने वाले डोजर आपरेटर, शावेल आपरेटर, डम्फर आपरेटर, पेलोडर आपरेटर, ड्रिल आपरेटर, मेकेनिकल आपरेटर, इलेक्ट्रिशियन आपरेटर, क्रेन आपरेटर, तंडेल कर्मचारी को अतिथियों द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया गया जिसमें सिकन्दर उरांव, अजय लकड़ा, सहदेव मुंडा, बैजनाथ सिंह, सावना मांझी, राजकिशोर बेदिया, सुभम कुमार रोहित ठाकुर आदि को दिया गया। अतिथियों द्वारा विस्थापित बच्चों व कलाकारों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में राकोमयू के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव,युसीडब्लूयू क्षेत्रीय सचिव विन्ध्याचल बेदिया, मुखिया चरका करमाली, महादेव मांझी, सीताराम किस्कू,डा जीआर भगत, विश्वनाथ मांझी, महादेव बेसरा,डीपी मेहता ,चमन मुंडा,शिव चरण करमाली, दिलिप कुमार, इन्द्रदेव राम, सुनील कुमार, विजय कुमार, गणेश राम, उपेन्द्र राम, सेफ्टी बोर्ड मेम्बर रवि कुमार, मुन्ना चौहान, चंदन कुमार, एसके चटर्जी, अजय सिंह, अशोक कुमार आदि लोग मौजूद थे।



### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## वंचित लाभूकों को आर्थिक रुप से सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है : सुधीर मंगललेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुलमी :** दुलमी प्रखंड के सिरु पंचायत मे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के कार्यक्रम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, जिला पार्षद प्रीति दीवान, प्रभारी प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह, प्रमुख रेणु देवी, सीओ मदन महली, जिला कृषि पदाधिकारी, डालसा से दिलीप राजेश्वर तिर्की सहित अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आम जनता को उनके पंचायत में आकर पदाधिकारी द्वारा उन्हें योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुँचाने के लिए पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। जिसका जनता लाभ उठाए और अपने से संबंधित योजनाओं का लाभ ले। साथ ही किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मौके पर मौजूद



पदाधिकारी या प्रतिनिधि से मदद ले। अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया गया एवं लाभुकों के बीच फुलो झानो योजना के तहत चेक, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, कंबल, धोती-साड़ी, प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का भी स्वीकृति पत्र, सामान और चेक का वितरण किया गया। मौके पर सीडीपीओ पुनम कुमारी, मुखिया वीणा देवी, राजीव मेहता, प्रमेश्वर पटेल, रंजू देवी, संजू चौधरी, राजू मेहता, पंचायत सेवक बासुदेव महतो, मनेशवर महतो सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## नव वर्ष के आगमन को लेकर पिकनिक स्थल सैलानियों का कर रही है इंतेजार

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के एन एच 23 मार्ग से 3 किलो मीटर की दूरी में चोकाद पंचायत के ऊपर खंखरा गांव में स्थित धारा फॉल (धोर धोरवा)जलप्रपात का का दृश्य मन को काफी प्रफुल्लित करता है। (धोर धोरवा)पर्यटक जलप्रपात में नए साल के मौके पर प्रकृति की गोद में उत्सव मनाने कई सैलानियां यहां पहुंचते हैं। यहां ऊंचाई से गिरता पानी और पहाड़ की सुंदरता मन को खुब आनंदित करती है।नव वर्ष को लेकर इस स्थल पर पर्यटकों को पंहुचने का इंतजार रहता है। पर्यटक भी धारा फॉल के दीदार को बेताब रहते हैं। नए साल में यहां पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ेगी। यहां का नजारा अपने आप में बहुत अद्भुत है। जो एक बार यहां आ जाए, वह यहां की तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किए बिना नहीं रह सकता।पिकनिक के लिए शानदार स्पॉट वातावरण की सुंदरता, चिड़ियों की चहचहाहट और प्रकृति ने तो जैसे यहां गहना पहन रखा है। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड अंतर्गत धोर धोरवा जलप्रपात जिला प्रशासन क्षेत्र को पर्यटन विकास के दृष्टिकोण से देख रही है। यहां की सुंदरता अपने आप में अद्भुत है।जो भी पर्यटक यहां पर एक बार आता है, वह कहे बिना नहीं रह सकता कि हमने लाख जहां देखे हैं, पर ऐसा नहीं देखा। निश्चित रूप से धोर धोरवा जलप्रपात अपने आप में अद्भुत और दिल को सुकून देने वाला स्थल है। यहां प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को मेले का भी आयोजन किया जाता है जहां आस पड़ोस व दूरदराज के लोग खूब आनंद लेते हैं।धारा फॉल जलप्रपात तक जाने के लिए पर्यटकों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। यहां का जलप्रपात का आकर्षण लोगों को यहां पर आने को विवश कर देता है। चारों और जंगलों से घिरा यह क्षेत्र अपने आप में अद्भुत है। नए साल के मौके पर लोग पूरे परिवार के साथ यहां पर आकर नए साल का आनंद लेते हैं। नहीं रह पाएगें सुंदरता को कैमरे में कैद किए बिना कई नागपुरी एलबम की यहां होती है शूटिंग यहां की वादियां और यहां की सुंदरता लोगों को मोहित कर देती है। लोग अपने मोबाइल कैमरे में यहां की सुंदरता को समेटकर रखना चाहते हैं। इस जलप्रपात की सुंदरता अपने आप में अद्भुत है। दूर-दूर तक फैली पहाड़ी और घने जंगल लोगों को रोमांचित करते हैं। प्रकृति की गोद में नए साल का स्वागत करने वाले लोगों के लिए यह जगह बेहद खास है।



## प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने लगाया जोर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला अधिवक्ता संघ रामगढ़ के सत्र 2023-25 के होने वाले चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव प्रशासन, कोषाध्यक्ष, सहकोषाध्यक्ष एवं नो कार्यकारणी सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में कुल 41 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं जिनके भाग्य का फैसला जिला अधिवक्ता संग्रह के 421 अधिवक्ता करेंगे संघ की होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार निवर्तमान आनंद अग्रवाल एवं अनुज कुमार सिन्हा चुनाव मैदान में है वैसे तो चंद्रिका सिंह ने भी नामांकन किया है लेकिन उनका चुनाव में कोई अभिरुचि नहीं होने से मुकाबला दोनों के बीच ही हो रहा है उपाध्यक्ष पद हेतु झलक देव महतो एवं ऋषि महतो के बीच है जबकि महासचिव के रूप में बहुकोणीय संघर्ष दिख रहा है इसमें मुख्य रूप से राजेंद्र महतो, प्रभात सिंह, सीताराम मुनेश्वर महतो, सिकंदर सिंह, एवं होरिल रजक प्रत्याशी है इसी तरह कोषाध्यक्ष के लिए निवर्तमान कोषाध्यक्ष हरख नाथ महतो एवं सतीश पाठक के बीच मुकाबला है सह कोषाध्यक्ष में धनंजय प्रसाद यादव एवं विकेश रंजन के बीच जबकि संयुक्त सचिव प्रशासन में शंभू नाथ प्रसाद , प्रकाश रंजन एवं सतीश कुमार के बीच मुकाबला है प्रचार के अंतिम दिन आज सभी प्रत्याशियों ने प्रचार में पुरजोर कोशिश करते हुए अपने मेनिफेस्टो का भी वितरण किया इसमें अधिवक्ता संघ के विकास के लिए अपनी योजनाओं को अधिवक्ताओं के बीच रखें इस बार संघ के चुनाव में महासचिव के बीच हो रहे मुकाबला चुनाव में चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि पहली बार 6 की संख्या में प्रत्याशी इस पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं ।

## संक्षिप्त खबरें

### माओवादी का होटवार जेल रांची से शव पैतृक गांव पहुंचा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिबला पंचायत के बेसरा स्थित बाराखार निवासी रामेश्वर गंझु उर्फ़ प्रताप जी उर्फ़ संजय जी की होटवार रांची जेल में लम्बे समय से बीमारी के बाद मौत हो गई। मौत के बाद प्रसाशनिक विधिसंगत के तहत उनके परिजनों को शव को सौंपा गया गया। ज्ञात हो की प्रताप जी उर्फ़ रामेश्वर गंझु 26 जुलाई 2012 को माओवादी उग्रवादी केश में गिरफ्तारी के बाद जेल गए थे। उनको लम्बे समय से इलाज चल रहा था। रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिनका शव प्रशासनिक विधि संगत 14 दिसंबर को परिजनों को सौंपा गया। प्रताप के चार पुत्र हैं। पुत्र संदीप कुमार बालूमाथ बाईक के सोरूम में काम करता है वहीं पत्नी पियसवा देवी, बड़ा पुत्र अर्जुन गंझु, कुलदीप व रंजीत गंझु चार पुत्र हैं। अचानक मौत की खबर सुनते ही पत्नी पियासवा देवी सहित परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

### बड़की नदी के समीप चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**गिद्धौर :** थाना अंतर्गत बघमरी तथा बड़की नदी के बीच गिद्धौर थाना के पुलिसकर्मियों ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसका नेतृत्व अवर निरीक्षक जायरा बाखला ने किया। इस दौरान सड़क में आने जाने वाले दो पहिए वाहन के चालक जो हेलमेट लगा कर नहीं चल रहे थे। वैसे लोगो को वाहन चलाते समय हर हाल में हेलमेट लगा कर चलने का निर्देश दिया। इस मौके पर थाना के पुलिस जवान शामिल थे।

# साल्वे पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय साल्वे के प्रांगन मे शुक्रवार को मुखिया राजीव भगत की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया . शिविर का विधिवत उद्घाटन, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ नंद कुमार राम, मुखिया भगत, बीपीओ रवि यादव, पंचायत सेवक उमाशंकर सिंह, एटीएम मो शमीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पुर्वक जानकारी दिया। बीस सुत्री अध्यक्ष गंझु ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। इस शिविर में झारखंड सरकार द्वारा चलाया जारहा महत्वकांक्षी योजना अबुआ आवास, गुरूजी स्टुडेंट्स क्रेडिट कार्ड, का सिधा लाभ देने एंव आप सभी लोगों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य, भुमि संबंधित, बिजली, राशनकार्ड, पशुधन, आयुषमान, शिक्षा, आधार, प्रवासी मजदूर का रजिस्ट्रेशन, पहचान पत्र, नरेगा, 15 वीं वित्त, जेएसएलपिएस, कौशल विकास, बाल विकास सहित कई कल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाएं गए हैं और सभी विभाग के संबंधित अधिकारी अपने अपने स्टॉल में बैठे हैं आप अपनी समस्या को लेकर संबंधित स्टॉल में आवेदन करें। संभवतः तुरंत निष्पादन किया जायेगा।जिला परिषद राम ने कहा कि हेमंत सरकार की सोंच है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हर गरीब, जरूरत मंदो तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि शिविर के अलावा आप प्रखंड कार्यालय से भी संपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी महत्वकांक्षी योजनाओं का जानकारी प्राप्त कर लाभ ले सकते है। शिविर में महिला स्वयं सहायता समुह के 270 सदस्यों के बीच जेएसएलपीएस के द्वारा आइडी, 380 लाभुकों के बीच धोती साड़ी लुंगी, व 52 वृद्ध, गरीब असहाय के बीच कंबले का वितरण किया गया।साथ ही चार छात्राओं को सावित्री बाई फुले समृधि योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया गया, चार किसानों को बिरसा सिंचाई कुप संवर्धन का प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं शिविर में विभिन्न योजनाओं को लेकर समचार लिखे जाने तक अबुआ आवास योजना के लिए 1015, एंव सिंचाई कुप निर्माण, म्युटेशन, आयुषमान कार्ड, राशनकार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन योजना सहित अन्य योजनाओं के लिए 292, आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं आये आवेदन में से 18 मामले का ऑन द स्पॉट निवारण किया गया।

## सम्मान देने से मिलता है दिल को सुकून : शशिकांत मंडल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** प्रखंड के सम्मानित संकूल साधन सेवी शशिकांत मंडल के द्वारा पिछले कई सालों से अपने तन्खवाह के एक हिस्से से शिक्षाविद, प्रतिभाशाली छात्राओं और सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जाता रहा है। जहां शुक्रवार को बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के प्रांगण में फिर एकबार समाज और शिक्षाविद के साथ छात्र छात्राओं को प्रेरणा देने का काम किया है।इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमने सुखमय जीवन को साकार करने का कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि सम्मान देने से हमारे दिल को सुकून मिलता है। उन्होंने बताया कि फूली कुमारी जिनके पिता नहीं हैं, इनकी मां इन्हें परवरिश करतीं हैं। यह लड़की मैट्रिक प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। जब यह छुट्टी पर रहती है तो वह अपने मां को काम पर नहीं जाने देती वह स्वयं काम करने चली जाती है। इस लड़की ने हमें काफी प्रभावित किया। ऐसे ही सुदूरवर्ती गांव मोरवाईकला की नेहा कुमारी जो नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। ऐसे लोगों के प्रति हमारी संवेदना रही है। उन्होंने प्रार्थना करते लोगों के दिलों को छू लिया, तुमसे जुड़ी है ये मेरी कहानी तुम्हीं दे रहे हो दाना-पानी ,ये एहसान का बदला कैसे चुकाऊं, जो तुने दिया है मैं न भूल पाऊं।वहीं जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने शशिकांत मंडल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इनकी तारीफ के लिए शब्द ही नहीं हैं। इनके काम से हमें और हमारे समाज को सीख लेनी चाहिए। मौके पर दर्जनों छात्राओं के साथ सम्मानित अतिथियों, पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, कांग्रेस नेता रविन्द्र राम, बीससूत्री सदस्य रंजीत कुमार राजू, प्राचार्या सुनिता खलखो, अजय कुमार दास, शिक्षक शब्बीर खान, बरवाडीह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## कबरा पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम हुआ संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टंडवा :** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को टंडवा प्रखंड के कबरा पंचायत भवन परिसर में मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी के सामने कबरा पंचायत मुखिया निलेश ज्ञासेन और टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने संयुक्त रूप से विधिवत् फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इन सबों की उपस्थिति में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया और कार्यक्रम में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। अपने अपने वक्तव्य में वक्ताओं ने कहा कि आज भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को जो मजबूती मिला जिससे भारत का वैश्विक सम्मान और पहचान सबसे उपर है। लोकल को ग्लोबल यानी स्थानीय को वैश्विक बनाने के विजन का नाम मोदी सरकार है। गरीब कल्याण देश का कल्याण के सूत्र से कमजोर वर्गो की आकांक्षाओं को पूरा करने का नाम मोदी सरकार है। पिछले 9 वर्षो में देश महिला नेतृत्व विकास की दृष्टि से आगे बढ़ा है। इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सुमन भारतीय ने किया।

## सहायक अध्यापकों ने विधानसभा घेराव करने को लेकर किया बैठक लिए कहीं निर्णय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत बरियातू पंचायत भवन के समीप झारखंड प्रदेश सहायक अध्यापक महासंघ की बैठक शुक्रवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार यादव ने किया। बैठक में उपस्थित अध्यापकों निर्णय लिया कि 19 दिसंबर को झारखंड के तमाम सहायक अध्यापक विधानसभा का घेराव करेंगे। विगत 20 वर्षो से सहायक अध्यापक शिक्षा का अलख जगा रहे हैं?। लेकिन यह माटी के सरकार अपने चुनाव में जो वादे किए थे। हमारी सरकार बनेगी तो तीन माह के अन्दर सहायक अध्यापकों को वेतन मान देंगे। लेकिन इस सरकार बने 4 वर्ष बीत चुकी है। हमारी मांगे वेतनमान अभी तक सरकार पूरी नहीं की है। इसके चलते 19 दिसम्बर को विधानसभा सत्र सरकार का घेराव करेंगे। अगर सरकार बात नहीं मानी तो झारखंड मुक्ति मोर्चा का स्थापना दिवस 29 दिसंबर को सहायक अध्यापक घोर विरोध करेंगे। इसकी सारी जवाबदेही झारखंड सरकार की होगी। इस बैठक में गिद्धौर प्रखंड के सहायक अध्यापक उपस्थित हुए सोहन राणा अमरेश दांगी, भीम यादव, पंकज कुमार राणा। संदीप सिंह, हेमंत यादव, रंजीत साव, उपेंद्रनाथ दांगी, ममता कुमारी अंजू देवी, जयमाला कुमारी, मंजू कुमारी, संजू कुमारी, सरवण कुमार धर्मेंद्र दांगी उपस्थित थे।

## हेलमेट पहने बिना ही ज्यादातर बाइक सवारों का एक्सीडेंट में हुआ है मौत


➲एसपी राकेश रंजन ने जिले वासियों से हेलमेट पहनने के लिए किया है भावुक अपील



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** एसपी राकेश रंजन ने जिले वासियों से भावुक अपील किया है। उन्होंने जिले के सभी मीडिया और सोशल मीडिया ग्रुप से अपील किया है कि सड़क दुर्घटना में बाइक सवार को अधिकतर मौत हेलमेट नहीं पहनने के कारण ही होता है। एसपी राकेश रंजन ने अपील किया है कि खबर लिखते समय इस बात की जानकारी जरूर दें कि यदि हेलमेट पहने होता तो वो जीवित रहता। अक्सर ऐसा देखा जाता है की रोड ऐक्सिडेंट में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति की मौत की खबर सामने आती है। प्रेस मीडिया में भी यह खबर चलती है। मीडिया बंधुओं से अनुरोध है कि जब भी ऐसी एक्सीडेंट की खबर निकले तो उसमे यह भी लिखने का प्रयास करें की एक्सीडेंट के वक्त मोटरसाइकिल सवार द्वारा हेलमेट पहना गया था अथवा नहीं।इसका एक परिणाम यह होगा की लोग स्वतः हेलमेट के फायदे को समझेंगे तथा यह बात सामने आएगी की किस प्रकार हेलमेट पहनने से हमारी जान बच सकती है। ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरुकता फैलाने में आपकी यह मदद हमें निश्चय ही जानलेवा मौत को कम करने में सहायक होगी।

## विद्यालय के बच्चों ने उठाया वनभोज का आनंद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मसूरिया के बच्चे शुक्रवार को वनभोज पर गए। विद्यालय शिक्षक तथा समिति के लोगों ने बच्चों को वन भोज के लिए बड़की नदी ले गए। इस दौरान बच्चो ने खूब मस्ती किया। बच्चो को कई जानकारी भी दिया। इस बीच वहां सीआरपी शंभू कुमार पांडेय भी पहुंचे थे।वनभोज में विद्यालय के प्रभारी सचिव मोहन कुमार अध्यक्ष रसोइया सहित बच्चे शामिल थे।

## पीटीआर वन क्षेत्र में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई जोरों पर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** बेतला नेशनल पार्क पलामू व्याघ्र परियोजना के नाम से मशहूर,नियम कायदे कानून से परिपूर्ण वन क्षेत्र का सफाया करने की मुहिम चला दिया गया है। जहां पीटीआर के सभी नियमों की धज्जियां उड़ाते छिपादोहर पूर्वी और पश्चिमी चुंगरु, हेहेगाडा, नावाडीह, बढ़निया, होरिलौंग, हुंटार, सिंधोरवा और पुटवागढ़ वन क्षेत्र के घने जंगलों को प्रतिदिन सैंकड़ों छोटे बड़े पेड़ों की अवैध कटाई कर उजाड़ा जा रहा है जिसपर वन अधिकारी अनदेखी करते ऑफिस में बैठकर तमाशा देख रहे हैं या वन क्षेत्र में चहलकदमी करने वाले वनकर्मियों की मिलीभगत का नतीजा है ऐसा प्रतीत होता है। बता दें कि कुछ महीने पहले से ही पेड़ों की कटाई के साथ विशालकाय पेड़ों को काटकर जंगल में ही चिरान कर उसे बेखौफ होकर तस्करी किया जा रहा है। सुत्रों से मिली जानकारी अनुसार सीज किए गए सखुआ के बोटा का चिरान किया गया है, जिसका खुलासा जल्द होने वाला है। वहीं इस संबंध में वन कर्मियों से संपर्क करने की कोशिश की गई पर उनके मोबाइल बंद बता रहे हैं।

## जल पर्याप्त गांव हो से संबंधित थिम चयन को लेकर की गई ग्राम सभा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय पंचायत सचिवालय सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान 2023 से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देशानुशार मुखिया निर्मला देवी की अध्यक्षता में विशेष ग्रामसभा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें जल संबंधित कुआं चापानल पर विशेष चर्चा की गई। तथा चुस्त दुरुस्त करने की बात कही गई। गांव में पर्याप्त मात्रा में ग्रामीण लोगों को जल मिल सके इस पर भी चर्चा की गई।मुख्य रूप से उपस्थित पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया वार्ड सदस्य ममता कुमारी मुसाफिर कुशवाहा सुरेश प्रसाद राणा प्रकाश दांगी महावीर दांगी विजय भारती मानकी दांगी समाजसेवी एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## क्षेत्र के कबाड़खाने में बेसकीमती पार्ट्स पुर्जे की धड़ल्ले से हो रही है बिक्री

➲ओने पौने दामों बेच सरकार को लगाते हैं करोड़ों की चुना
➲सीसीएल, एनटीपीसी, मगध रेलवे आदि कंपनियों का कीमती पार्ट्स पुर्जे पहुंचते हैं कबाड़खाने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमरिया :** प्रखण्ड क्षेत्र में इन दिनों कबाड़खाने के संचालक मालामाल हो रहे हैं। साथ हीं टंडवा के एनटीपीसी, मगध, सीसीएल, अम्रपाली, रेलवे साइडिंग का वेशकीमती पार्ट्स पुर्जे धड़ल्ले से इन्ही कबाड़खाने में बेचे जा रहे हैं और सरकार को करोड़ो का चूना लग रहा है। प्रखण्ड क्षेत्र के कबाड़खाने की बात करें तो सतीश सिंह सिमरिया कुट्टी में, मुस्लिम मियां डाड़ी के बकचौमा में, नेजाम अंसारी डाड़ी के बकचौमा में, छोटू कसेरा बगरा चौक, मुमताज मियां बगरा चौक, माजिद मियां बगरा जबड़ा रोड़, मो जहांगीरा सिमरिया आदि कबाड़ खाने मौजूद हैं। कबाड़े के लोग रात के अंधेरे में उक्त कम्पनीयों से मिश्रौल धनगड़ा के रास्ते सैकड़ो दो पहिया एवं चार पहिया वाहन से इन्हीं कबाड़खाने में कीमती समानो का खरीद बिक्री कर दी जाती है। अगर वास्तविकता से इन सभी कबाड़खाने की जांच की जाय तो कई कीमती सामान इनके कबाड खाने से मिलेंगे। कबाड़खाने के संचालकों से पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया कि इस धंधे में टंडवा क्षेत्र व अन्य कुछ लोगों से मैनेज किया रहता है। वहीं शिक्षा विभाग की बात यदि करें तो झारखण्ड सरकार बच्चों के हाथों में जहां पढाई के लिए निःशुल्क किताब वितरण करती है। वहीं उक्त किताबे बच्चों के हाथ में ना होकर झारखण्ड सरकार का निःशुल्क किताब कबाड खाने में धड़ल्ले से शिक्षक लोग बेच रहे हैं। यही कारण है कि अब बच्चों के हाथ से निःशुल्क किताब अब दूर होता नजर आ रहा है।

## अभाविप लातेहार के द्वारा बरवाडीह नगर इकाई का पुर्नगठन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुर्नगठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष अमित कुमार नगर मंत्री रूपेश यादव को बनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश जनजातीय कार्य प्रमुख व राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य रमेश उरांव उपस्थित रहे.साथ में प्रदेश कार्यकारणी सदस्य कमलेश उरांव, सागर कुमार अनेकों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।मौके पर रमेश उरांव ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हर परिसर में अब नजर आने लगा है, जहां जहां परिसर वहां वहां परिषद का नारा लेकर पूरे विश्व में प्रचंड लहरा रहा है। विद्यार्थी परिषद का संकल्प है की सशक्त भारत और समृद्ध भारत हो।

## आईजी ने व्यवहार न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा ने शुक्रवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन भी उपस्थित थे। उन्होंने न्यायालय परिसर में कोर्ट हाजत, कोर्ट परिसर से जेल की ओर जाने वाला रास्ता, न्यायालय परिसर आनेवाले इंट्री गेट का निरीक्षण किया। उस दौरान आईजी ने कोर्ट हाजत मालखाना भवन के प्रथम तल्ला व सबसे ऊपरी तल्ले से न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी कई निर्देश दिए। आईजी ने कहा कि न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सभी लोगों से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि वह न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे। उस दौरान न्यायालय में कई स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा को लेकर निर्देश भी दिए हैं। मौके पर एसडीपीओ लातेहार संतोष कुमार मिश्रा, सदर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुलिस निरीक्षक मदन शर्मा पु.अ.नि.गौरव सिंह, थाना के रिजर्व गार्ड समेत कई पुलिस जवान मौजूद थे।

## विद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय लातेहार में 15 दिसंबर शुक्रवार को केन्द्रीय विद्यालय का 60 वां स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए साथ ही साथ वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय लातेहार के सभी सदन के छात्र एवं छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय लातेहार के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।और उन्होनें हमारे जीवन में खेल कूद के महत्व को भी बताया। खेल का समापन बलजिंद कौर देव के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई।


# किसान सिंगल विंडो सेंटर पत्थलगड़ा प्रशिक्षण के दौरान किसानों ने किया खुलकर विरोध



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र के किसान सिंगल विंडो सेंटर पत्थलगड़ा परिसर में शुक्रवार को आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं तकनीकी रूप से फसलों में लगने वाले रोग बीमारी के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि ऋष्ण माफी योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी से किसान का रजिस्ट्रेशन, केसीसी जैविक खेती के बारे में किसानों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस मौके पर उपपरियोजना निदेशक आत्मा पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। जबकि इसी दौरान प्रखंड के किसानों ने प्रशिक्षण का विरोध करते हुए कहा कि सिर्फ यहां पर मिली भगत करके सारे बीजों को किसी दूसरे जगह खपाया जाता है। साथ ही किसानों ने कहा कि बीटीएम राजीव रमन के द्वारा हमेशा प्रखण्ड में बीजों का घोटाला किया जाता है। कुछ दिन पूर्व विभाग में चना उपलब्ध कराया गया था, जिसमें कुछ किसानों को चेहरा देख कर 2 किलोग्राम, 5 किलोग्राम, 10 किलोग्राम दिया गया बाकी रजिस्ट्रेशन डेरी कर के पदाधिकारी एवं बिचौलियों के द्वारा बीजों बंदरबाट कर दिया जाता है। वही पत्रकारों के द्वारा जानकारी मांगी तो इसकी जानकारी देने से राजीव रमन जवाब देने से इंकार कर दिया। वहीं सभी किसानों ने उच्च स्तरीय पदाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ : राकेश सहाय



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरवाडीह :** झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत पंचायत केड़ में शिविर लगाकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के साथ प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जहां शिविर में कुल 1352 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 491 आवेदनों का निष्पादन किया गया। मौके पर बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रम से ग्रामीणों को काफी हद तक फायदा मिला है। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से अबुआ आवास का आवेदन जरुरतमंद लोग बढ़-चढ़कर कर रहे हैं जिसपर कार्रवाई तेजी से अग्रसर है।अबुआ आवास के लिए जियो टैग का कार्य शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि जो अत्यंत जरुरतमंद लोग हैं उन्हें इसका लाभ जरूर मिलेगा। मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## मीशो ने 2 महीने में 25,000 बिना जीएसटी वाले विक्रेताओं को जोड़ा

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के इकलौते ट्रू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मीशो ने अक्टूबर 2023 से लगभग 25,000 गैर-जीएसटी विक्रेताओं की अपने प्लेटफोर्म पर सफल ऑनबोर्डिंग की। इस साल की शुरुआत में, मीशो ने महत्वपूर्ण तकनीकों को अपनाया था, जिससे गैर-जीएसटी विक्रेताओं के लिए 1 अक्टूबर, 2023 से प्लेटफॉर्म पर बिक्री शुरू करने का मार्ग आसान एवं और भी प्रशस्त हुआ। इस रणनीतिक कदम को उठाने के पीछे जीएसटी परिषद द्वारा की गई वह घोषणा थी, जिसने ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों को 40 लाख रुपये तक के कारोबार वाले गैर-जीएसटी विक्रेताओं को शामिल करने की अनुमति दी थी। इस विकास ने लाखों नए विक्रेताओं के लिए दरवाजे खोल दिए हैं, जिससे वे डिजिटल कॉमर्स रेवोलुशन में शामिल हो सके हैं।पिछले दो महीनों में, गैर-जीएसटी विक्रेताओं में मीशो के 40ब नए विक्रेता पंजीकरण हुए हैं, जो आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे 20 से अधिक राज्यों से आए हैं। इस समूह में रिटेलर्स और छोटे निर्माता शामिल है जो शुरुआत में अपनी वेबसाइटों के साथ-साथ इट्से, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से बिक्री कर रहे थे। ये नए शामिल हुए गैर-जीएसटी विक्रेता 1.3 लाख से अधिक प्रोडक्ट लिस्टिंग में अपना योगदान दे रहे हैं।



## रियलमी ने अपनी चैंपियन सीरीज़ में पहला 5जी स्मार्टफोन रियलमी सी67 5जी पेश किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ के पहले 5जी स्मार्टफोन, रियलमी सी67 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी सी67 5जी में 5जी कनेक्टिविटी के साथ शानदार कैमरा, फास्ट चार्जिंग, शक्तिशाली बैटरी, आकर्षक डिज़ाईन, बेहतरीन 5जी चिपसेट और मल्टीटास्किंग एवं बड़ी स्टोरेज क्षमता के लिए विशाल रैम है, जिसके कारण यह 5जी चार्जिंग चैंपियन है।रियलमी सी67 5जी का उद्देश्य युवाओं को बेहतरीन मूल्य में उत्पाद का शानदार अनुभव प्रदान करना है। सी67 5जी में 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा है, जिसके द्वारा यूज़र्स बेहतरीन फोटोग्राफी कर अपनी रचनात्मकता दिखा सकते हैं। यूज़र्स सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी में ये पिक्चर देख सकें, इसके लिए सी67 5जी में एफएचडी+ डिस्प्ले के साथ 120 हर्ट्ज़ का अल्ट्रा स्मूथ डिस्प्ले और 91.4 प्रतिशत का स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है, जो बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसमें एक बेहतर विज़न डिज़ाईन में मिनी कैप्सूल 2.0 भी दिया गया है।इस स्मार्टफोन में फास्ट चार्जिंग के लिए 33 वॉट का सुपरवूक चार्जिंग समाधान है। इसके साथ इसमें 5000 एमएएच की बैटरी लगाई गई है, जो केवल 29 मिनट में 1 से 50 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है।



## रेलवे माल गोदाम श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन की मंजूरी दिलाकर दिल्ली में भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन का रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन द्वारा आयोजित और स्किल इंडिया, भारत सरकार द्वारा समर्थित, रेलवे गुड्स शेड वर्कर्स मंथन 2023 डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। सभी प्रकार के सरकारी लाभ की मांग को लेकर भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के लंबे संघर्ष के बाद सफलता मिलने से राष्ट्रीय स्तर पर इस महासम्मेलन मंथन 2023 का आयोजन किया गया। इस आयोजन को शुभकामनायें और समर्थन देते हुए उपस्थित थे भारत सरकार की माइनोरिटी अफेयर्स मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री जॉन बारला। साथ में उपस्थित थे मेंबर (फाइनेंस), प्रसार भारती और पूर्ब चीफ लेबर कमीशनर (सेंट्रल) डी पी इस नेगी, श्रम एवं कल्याण की डी जी डब्ल्यू बिभाग से उप श्रम कल्याण आयुक्त निरंजन कुमार, उप महानिदेशक डॉ. ओंकार शर्मा, क्षेत्रीय श्रम आयुक्त (मुख्यालय) ओम प्रकाश सिंह, सहायक श्रम आयुक्त (मुख्यालय) कुमार अमृतेश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी (मुख्यालय) डॉ. अब्दुल कादर, डिप्टी सीएलसी (नई दिल्ली) डॉ. आरजी मीना, डिप्टी सीएलसी (मुख्यालय) सुशील कुमार और रजिस्ट्रार-एनएचआरसी बृजवीर सिंह।भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के खाद्य मंत्रालय की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति के सदस्य, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य, दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. परिमल कांति मंडल, संगठन के उपाध्यक्ष इंदुशेखर चक्रवर्ती, केंद्रीय समिति के सदस्य और भारत के विभिन्न राज्यों के रेलवे माल गोदामों के श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## मोदी जी ने जो किया कभी अपने दल के लिए नहीं, देश की जनता के लिए किया : अमित शाह

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने एजेंडा आज तक के मंच पर शिरकत करते हुए चर्चा के दौरान स्पष्ट कर दिया कि, 'मोदी जी ने अपने लिए कुछ नहीं किया। अपने दल के लिए भी कुछ नहीं किया, उन्होंने जो किया सिर्फ देश की जनता के लिए किया।भारतीय राजनीति में मोदी जी जैसा दूरद्रष्टा प्रधानमंत्री और अमित शाह जैसा अथाह परिश्रम करने वाला नेता आज तक नहीं देखा गया है। राजनीति के अंदर लोकतांत्रिक मूल्य को स्थापित करने के लिए मोदी-शाह की जोड़ी ने अभूतपूर्व प्रयास किए हैं। देश की जनता ने देखा है कि मोदी जी की अगुआई में अमित शाह ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति को खत्म कर देश की राजनीति को पॉलिटिक्स और परफॉर्मेंस के रास्ते पर ले जाने का काम किया है। यह किसी से छुपा नहीं है कि पिछले 9 साल में दलितों, वंचितों और पिछड़ों को सम्मान देकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। 9 साल पहले तक इस देश में भाजपा की स्थिति बहुत मजबूत नहीं थी। लेकिन आज मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह की नीतियों के मार्गदर्शन में भाजपा देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वोट बैंक की परवाह किए बगैर देश के अंदर परिवर्तन और विकास की बहार लाने के साथ-साथ मोदी-शाह की जोड़ी ने भारतीय जनता पार्टी को शून्य से शिखर पर पहुँचाने का काम किया है।



## अरगड्डा में पीएमएआई लिए सीएम, डीसी, सिटी मैनेजर को भेजा पत्र

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद वार्ड 12 के अरगड्डा चेक पोस्ट निवासी पांच पीएमएवाई आवाव लाभुक बीते वर्ष 2019-20 में जांचों उपरांत सीसीएल से मिले एनओसी के बाद भी अभी तक आवास नहीं मिलने संबंधी राशि भुगतान सबंधी गुहार पत्र कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, डीसी रामगढ़, सीएम झारखंड आदि को पत्र आवेदन सौपा हैं। लाभुकों ने जल्द से जल्द उचित कारवाई व राशि भुगतान का अनुरोध किया हैं। इसमें पीएमएवाई लाभुकों में फुलकुमारी देवी, ममता देवी, एस. खातून, गुड़िया देवी आदि शामिल हैं।

## रामगढ़ के पतरातू थाना अंतर्गत पोचरा में आबकारी विभाग ने 11. 25 लीटर विदेशी शराब जप्त किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के पतरातू थाना अंतर्गत पोचरा के सीएसडी डिपो के समीप आबकारी विभाग ने 11.25 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। आबकारी विभाग की जानकारी के अनुसार ब्लैक डॉग 750 एमल पांच बोतल , 100 बाइपर 750 एमल नौ बोतल , टीचर हाइलैंड 750 एमल एक बोतल जप्त किया गया है । इस विदेशी शराब में मिलिट्री पर्सनल ऑन के उपयोग के लिए था उनको बेचा जा रहा था उसे लेकर आबकारी विभाग ने छापामारी कर यह विदेशी शराब जप्त किया है इस छापामारी में उत्पाद विभाग रामगढ़ और गृह रक्षक जवान मौजूद थे।



## झारखंड पार्टी रामगढ़ जिला समिति की बैठक हुई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड पार्टी रामगढ़ जिला समिति रामनगर सांडी कार्यालय में झारखंड पार्टी के मुख्य लोगों के साथ एक बैठक रखी गई । इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 24/12/2023 कुज्जू में जिला कमेटी का विस्तार का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थिति हुये झारखंड पार्टी रामगढ़ जिला अध्यक्ष सोमदेव करमाली केंद्रीय सदस्य भवानी शंकर गुप्ता रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष जाकिर अंसारी शंकर करमाली रुबा कुमार चंद्रशेखर पोद्दार अजीम अंसारी इत्यादि उपस्थित हुए।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मोनिटरिंग कमिटी की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला शिक्षा अधीक्षक के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई।जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। नमामि गंगे योजना के तहत गंगा एवं उसकी सहायक नदियों तथा अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से संचालित भुवन गंगा एप के माध्यम से चिन्हित किये गए रामगढ़ जिले के विभिन्न जल स्रोतों में ड्रेनेज व डंप स्थलों की जानकारी उप विकस आयुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी से ली जिसपर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि भुवन गंगा ऐप्प के तहत दिए गए निर्देशों के आलोक में कार्यों को कर लिया गया है। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के द्वारा उप विकास आयुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को नमामि गंगे योजना के तहत जनवरी माह में आयोजित किये जाने वाले गतिविधियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसपर उप विकास आयुक्त ने नमामि गंगे योजना के उद्देश्य के प्रति जागरूक करने हेतु जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर जनवरी माह के कैलेंडर के अनुसार श्रमदान एवं स्पोर्ट्स एक्टिविटीज का आयोजन करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को इस वर्ष के लिए बनाए गए कैलेंडर के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने, रामगढ़ जिले को धार्मिक रूप से पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।



## गुरु नानक स्कूल ने पांच विकेट से मैच जीता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आरके इंटरनेशनल स्कूल बनाम श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल बीच खेला गया अंडर-16 स्कूल/क्लब लीग क्रिकेट रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित छावनी फुटबॉल मैदान में शांति देवी जैन मेमोरियल अंडर-16 स्कूल/क्लब लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 के अंतर्गत शुक्रवार का मैच आरके इंटरनेशनल स्कूल बनाम श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। आरके इंटरनेशनल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35-35 ओवर के मैच में आरके इंटरनेशनल बल्लेबाजी करते हुए 18.5 ओवर में 72/10 बना कर आलआउट हो गया। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने जवाबी पारी खेलते हुए 21.4 ओवर मे 73/5, विकेट के नुकसान पर बना कर 5 विकेट से सेकंड मैच जीता। आरके इंटरनेशनल के बल्लेबाज आयुष कुशवाहा ने 25 रन विमल राज ने 21 रन बनाए। वही श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल के गेंदबाज मृत्युंजय शर्मा ने 6.5 ओवर में 20 रन देकर 3 विकेट एवं रोशन कुमार 5ओवर, 15/5 विकेट निवास कुमार को 2 विकेट प्राप्त हुए। श्री गुरु नानक स्कूल के बल्लेबाज चिराग नाथ ने 19 रन, दानिश खान ने 13 रन, डेविड प्रसाद ने 12 रन, आयुष कुमार ने 12 रन बनाए। आरके इंटरनेशनल के गेंदबाज शहजाद आमिर, कृष्ण कुमार, पीयूष कुमार एवं हंसराज को एक-एक विकेट मिला।आरसीए सचिव अरुण कुमार राय दोनों टीमों को शुभकामना व बधाई दी।

### रामगढ़ जिले के घर-घर बटेगा अयोध्या का पूजित अक्षत

## रामगढ़ जिला में घर-घर तक जाएगा अक्षत : मनोज पोद्दार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** आज रामगढ़ सुभाष चौक स्थित दुर्गा मंदिर में अयोध्या से पूजित अक्षत वितरण को लेकर एक बैठक रखी गईद्यजिसमें प्रखंड के कार्यकर्ताओं को अक्षत वितरण किया गया। बैठक में मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह मंत्री और इस अभियान के प्रांत प्रमुख मनोज पोद्दार, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख सह विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला पालक मिथिलेश्वर मिश्र, जिला अध्यक्ष डॉ आलोक कुमार, जिला मंत्री छोटू वर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक भागीरथ पोद्दार , मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो , दुर्गा वाहिनी संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, सुरक्षा प्रमुख कन्हैया रविदास,धर्म धर्म प्रसार प्रमुख दिनेश पाठक , संघ प्रतिनिधि रवि अग्रवाल , कोषाध्यक्ष अभय वर्मा एवं सभी खंड एवं उपखंडों के दायित्वान कार्यकर्ता उपस्थित हुए। हिंदू समाज के वर्षों के संघर्ष के बाद वर्ष 22 जनवरी को श्री राम अपने घर में विराजेंगे। साक्षी देश-विदेश के 4000 से अधिक संत बनेंगे वही 3000 से अधिक प्रमुख लोग भी शामिल होंगेद्यजिन लोगों को आयोजन में शामिल होना हैद्य उन्हें निमंत्रण भेजा जा रहा है। झारखंड से भी 50 से अधिक संत शामिल होंगे आम लोगों को भी 22 जनवरी को स्थानीय मंदिरों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने के लिए राम भक्त शहर से लेकर गांव तक जाएंगे। 1 से 15 जनवरी तक इसके लिए झारखंड सहित पूरे देश में विशेष अभियान चलेगा। झारखंड के 30 लाख परिवारों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है आरएसएस विश्व हिंदू परिषद समविचार संगठनों के कार्यकर्ता इस अभियान में लगेंगे। इसी निमित्त रामगढ़ जिले में भी हर हिंदू के घर में पहुंचने का कार्य किया जाएगा जिसमें अयोध्या से आए पूजित अक्षत , राम मंदिर की तस्वीर और निमंत्रण पत्र का दिए जाएंगे। अयोध्या से आए हुए पूजित अक्षत कलशो को हर प्रखंडों में दिया गया जिसमें प्रखंडों के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। प्रखंडों के पदाधिकारी हर घर अपने गांव मोहल्ला और टोला तक पहुंचकर निमंत्रण पत्रिका पूजित अक्षत देकर हर हिंदू को आमंत्रित करेंगे।



## डाक कर्मियों का अनिश्चितकालीन हड़ताल चौथे दिन भी जारी

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ का अनिश्चितकालीन का विभिन्न मांगों को लेकर जारी हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। हड़ताल के चौथे दिन ग्रामीण डाक सेवक संघ द्वारा प्रधान डाकघर रामगढ़ के समक्ष धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुदीप गोस्वामी ने और संचालन संजय कुमार महतो ने किया। जबकि धरने का नेतृत्व सचिव शैलेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की जब तक हमारी मांग नही मानी जाएगी हड़ताल जारी रहेगा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा की हमारी काम की अवधि 8 घंटे हो, पेंशन की सुविधा मिले, कमलेश चंद्रा कमेटी की सिफारीस लागू किया जाए, हम सबों को सिविल सर्वेंट का दर्जा मिले, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू हो , आर्टिकल 3ए को समाप्त किया जाये, सभी शाखा डाकघरों को लैपटॉप, प्रिंटर और ब्रॉडबैंड की सुविधा दी जाए।धरने में संजय कुमार महतो, चंदन कुमार , उमाशंकर सिंह, किशोर राम, कुमार गौरव, कुलदीप कुमार , प्रकाश कुमार , सुनील कुमार , सावन कुमार, विशेश्वर पासवान, महेश ठाकुर , सतीश कुमार, अरविंद कुमार , सुनीता कुमारी , रविंद्र पाठक , जलेश्वर महतो हेमंत शर्मा , श्याम कुमार, चंदन कुमार, संजू देवी , सुनील कुमार महतो, हरिलाल मुंडा , अजय कुमार , देवचरण कुमार, तिलक महतो, मो अत्तउलाह, अजय कुमार , प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।



## लोगों को विधिक सेवा के बारे में जानकारी दी गई

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के आदेशानुसार ग्राम गणडके में लोगों को विधिक सेवा के बारे में जानकारी दिया। जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो, उन्हें बिना पैसे लिए या बहुत कम पैसे में कानूनी सहायता करना विधिक सहायता (स्द्धद्दड्ढ्र ड्डद्बस्र) कहलाता है। कानूनी सहायता देना, विधिक समता के लिए बहुत आवश्यक तत्त्व है।क्योंकि निर्धनता के कारण कोई न्याय न प्राप्त कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है। कानूनी सहायता प्रदान करने के की तरीके अपनाए जाते हैं। प्रत्येक राज्य में एक राज्य कानूनी सहायता प्राधिकरण तथा प्रत्येक उच्च न्यायालय में एक उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति गठित की गई है। जिला कानूनी सहायता प्राधिकरण और तालुका कानूनी सेवा समितियां जिला और तालुका स्तर पर बनाई गई हैं। इनका काम नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को निशुल्क कानूनी सेवा प्रदान करना और लोक अदालतें चलाना है। राज्य कानूनी सहायता प्राधिकरणों की अध्यक्षता संबंधित जिले के मुख्य न्यायाधीश और तालुका कानूनी सेवा समितियों की अध्यक्षता तालुका स्तर के न्यायिक अधिकारी करते।



## मांडू चट्टी पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र मुखिया अनीता देवी के द्वारा बच्चों को स्वेटर दिया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू चट्टी आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका मुन्नी देवी 23 बच्चों को गर्म स्वेटर दिया गया 2 मांडू चट्टी आजाद मोहल्ला 17आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका फरहाना परवीन के 18 बच्चों के बीच गरम स्वेटर दिया गया 3 मांडू चट्टी आंगनबाड़ी केंद्र सेविका जमुरत खातून।16 बच्चों का बीच गरम स्वेटर दिया गया मुखिया अनीता देवी ने कहा की सरकार द्वारा जो भी योजना चलाया जा रहा है उसको पंचायत स्तर पर धरातल पर उतारने का काम करेंगे इस कार्यक्रम में उपस्थित मिस्टर आलम मोहम्मद मोबीन योगेश्वर महतो सुरेंद्र गुप्ता बालेश्वर भुईयां उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता ने सरकार का अच्छी योजना है

## डीसी रामगढ़ के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** किसी व्यक्ति द्वारा डीसी रामगढ़ के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है। सभी जिले वासियों से अपील है कि इस तरह के किसी भी फर्जी अकाउंट से कोई भी मैसेज आने पर किसी तरह की प्रतिक्रिया न दें, साथ ही फर्जी अकाउंट को ब्लॉक करें। जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में कार्रवाई की जा रही है।

## ऑन द स्पॉट दी गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की स्वीकृति

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में राज्य के दूरदराज क्षेत्र में रह रहे लोगों को सरकार के कल्याणकारी योजना से आच्छादित करने के उद्देश्य से आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम अंतर्गत ऑन द स्पॉट आम लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए अन्य योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में पतरातू प्रखंड के लबगा पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान प्रियंका कुमारी को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 5000 रुपये का स्वीकृति पत्र दिया गया। मौके पर प्रियंका कुमारी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वर्तमान में मैं जहां रहती हूं वहां मेरे जैसी कई लड़कियों ने पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी है। कुछ के घर में आर्थिक परेशानियां है तो कुछ के यहां उनके माता-पिता ही अपनी बेटी को आगे पढ़ाने के इच्छुक नहीं है। बिना सही शिक्षा प्राप्त किया जीवन में सफल होना संभव नहीं है। सरकार द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लाए जाने से न केवल मैं और मेरे जैसी कई लड़कियां अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी बल्कि आने वाले समय में हम अपने साथ-साथ अपने क्षेत्र के विकास में भी सहभागी बन सकेंगे। मेरे माता-पिता भी सरकार द्वारा लाई गई सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से खुश हैं और मुझे मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।




**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.**
**Request for Proposal for Performance based Maintenance Contracts.**
**E-mail: eenhgumlajhr@gmail.com / eenhgumla-jhr@nic.in**

**NIT No. NH/GUMLA/PBMC/01/2023-24** **Dated : 13-12-2023**

Application in the prescribed format form eligible contractors for Request for Proposal Performance based Maintenance Contracts (PBMC) mode are invited for following project in two bid systems, (Technical & Financail)

| Sl. No. | Name of Work | State | Length | Approximate Cost | Cost of RFP document in Rs | Bid Security | Contract Duration* (Month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PBMC Work of NH-78 (New NH-43) from km 0.00 to Km 10.00 (Total Length=10.00Km) in the State of Jharkhand | Jharkhand | 10.00 km | 74725880.00 | 10,000/- | 7.5 Lakhs | 60 |

**Important Dates.**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Issue of Notice Inviting RFP | 13-12-2023 |
| 2. | Last Date For Receiving Queries | 02-01-2024 |
| 3. | Pre-BID Meeting At Venue (as mentioned in RFP) | 08-01-2024 at 12:30 Hrs Office of the Chief Engineer, NH Wing Ranchi, Jharkhand. |
| 4. | Authority Response To Queries Latest by | 05-01-2024 |
| 5. | Period of Sale of Bid Document | From 18-12-2023 12:00 HRS to 18-01-2024 upto 15:00 HRS Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 6 | BID Due Date | Date 18-01-2024 Up to 15:00 HRS Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 7. | Last date of physical submission of bid security, POA and other documents in original | 18-01-2024, up to 15.00 HRS |
| 8. | Time and Date of Opening Technical Bid (RFP) | Date 19-01-2024, 15:00 HRS Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 9. | Time and Date Opening Financial Bid | To be notify. Through official portal of : [https:// eprocure.gov.in] |
| 10. | Place of Opening of Bids | Office of the Chief Engineer, NH Wing Ranchi, Jharkhand. Thorugh official portal of : [https:// eprocure.gov.in/] |
| 11. | Bid Validity | 120 Days From the Bid Due Date. |
| 12. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer NH Division, Gumla RCD Jharkhand |

(a). Bid Document fee (Cost of RFP document) which **Rs. 10,000/-(Rupees Ten thousand only)** shall be paid only through NTRP(Non –Tax Receipt Portal) Portal https://bharatkosh.gov.in to Pay & Accounts Officer (PAO: 034756 in "Regional Pay Accounts Officer [RPAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.] . The GST of Rs. 1800/- (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall be submitted in the form of Demand Draft favouring "Regional Pay & Accounts Officer (NH), MoRT&H, Kolkata", payable at Kolkata.

(b). Bid Security "Bid Security of Rs. **7.5 Lakhs** (Rupees Seven lakhs fifty thousand) in the form Original Bank Guarantee in the format as mentioned in RFP from a scheduled Bank in favour of Executive Engineer, National Highway Division, Gumla . Bid Security in the form of B.G. only will have to be deposited in any office of the (i) Executive Engineer, National Highway Division, Gumla (ii) Superintending Engineer, National Highway Circle, Ranchi (iii) Chief Engineer, National Highway Wing, Ranchi (iv) Regional Officer, Ministry of Road Transport & Highway, Jharkhand Ranchi on before 15:00 HRS on **18-01-2024** failing which the bid will be rejected.

**Sd/-**
**Executive Engineer**
**National Highways Division ,Gumla.**

PR 313495 Road(23-24).D

## बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी व बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए में सेमिनार संपन्न




**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी एवं बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए आज बनस्थली विद्यापीठ एवं राजगंज इंटर कॉलेज, में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में करीब 1000 सो छात्रों एवं शिक्षको ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण के लिए शपथ लिया। सेमिनार को संबोधित करते हुए झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक प्रो0 शंकर रवानी ने बाल यौन शौषण से बचने के लिए छात्रों को कई उदाहरण देकर, एवं गुड टच एवं बेड टच की जानकारी विस्तार से दिया। प्रो0 रवानी ने आगे कहा कि बाल विवाह करने एवं कराने वाले दोनो समान रूप से दोसी है, बाल विवाह होने पर दो वर्ष की जेल या एक लाख रुपया जुर्माना का प्रावधान है या दोनो हो सकता है। श्री रवानी ने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया, खास कर इंस्टाग्राम एवं फेस बुक से दूर रहे। प्राचार्य धुर्वे कुमार चौबे, ने कहा जागरूकता लाकर ही पॉक्सो एवं बाल विवाह जैसे कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है राजगंज इंटर कॉलेज के प्रो सोमनाथ ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा बताए गए सभी महत्वपूर्ण बातों को सभी छात्रों को आत्मसात करने की आवश्यकता। उन्होंने 1098 एवं 112 पर विस्तार से प्रकाश डाला।मौके पर संजीत कुमार , झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के फील्ड कॉर्डिनेटर कामेश्वर प्रसाद महतो आदि ने संबोधित किया।

## बाइक लदे ट्रेलर में लगी आग



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को गिरिडीह ज़िले के सिहोडीह आम बागान के समीप मैजिक में बाइक लेकर जा रहे ट्रेलर में आग लग गयी। बताया गया कि ट्रेलर दिल्ली से देवघर जा रहा था और ट्रेलर में हीरो कंपनी की 32 मोटरसाइकिल भी लोड थी। इस घटना से अफरा तफरी मच गयी। घटना की सुचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

## बच्चों के बीच मुखिया ने बांटे पोशाक व स्वेटर



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को ग्राम पंचायत अरारी के ग्राम डबरी के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डबरी में वर्ग एक एवं वर्ग दो के बच्चों के बीच विद्यालय पोशाक के साथ साथ गर्म कपड़े एवं जूते का वितरण किया गया । इस बीच मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि दोनों कक्षाओं के कुल 23 बच्चो के बीच पोशाक वितरण किया गया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सुनील कुमार वर्मा ने शिक्षकों से कहा कि विद्यालय में बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए, सही समय पर सही शिक्षा दिया जाए मध्यान भोजन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और ठंड को देखते हुए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए स्वेटर पहन कर ही बच्चे आए। इसे भी ध्यान में रखना है कोई भी बच्चा बिना स्कूल ड्रेस का स्कूल नहीं आए इसके लिए सहायक अध्यापक को निर्देश दिया गया। मौके पर वार्ड सदस्य संजय कुमार, विद्यालय के सहायक अध्यापक तारकिशोर विश्वकर्मा, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार, ग्रामीण सुजीत कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक नागेंद्र महतो व जय प्रकाश वर्मा ने फीता काट कर किया कपड़ा दुकान का उद्घाटन

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के बरहमसिया



चौक पर स्थित अमन मार्ट नामक कपड़े के दुकान का उद्घाटन बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने फीता काट कर किया। इस बीच पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि बरहमसिया बाजार अब तेजी से विकसित हो रहा है, जिसमें सभी प्रकार के प्रतिष्ठानों में वृद्धि हो रही अमन मार्ट उन्हीं में से एक है मैं दुकान के संचालक टेकलाल प्रसाद वर्मा को शुभकामनाएं देता हूं कि वे अपने व्यवसाय में सफल हों, ग्राहकों के साथ मधुर संबंध बनाकर उनके पसंद के हिसाब से बेहतर सेवा देते रहें। मौके पर गांडेय विधानसभा के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जय प्रकाश वर्मा, बरहमसिया पंचायत के पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति विभाग प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, पेशम पंचायत पूर्व मुखिया टुपलाल प्रसाद वर्मा, भाजपा नेता सुभाष वर्मा, लक्ष्मण प्रसाद वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, लक्ष्मण राम, राजेन्द्र कुमार, प्रमोद वर्मा, घनश्याम प्रसाद वर्मा, हेमलाल प्रसाद वर्मा, गुरुगोबिंद प्रसाद वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कांग्रेस का हाथ गरीबों के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए जिलाध्यक्ष संतोष सिंह

# मोदी सरकार में सुरक्षा व्यवस्था हुई ध्वस्त, देश के सभी वर्ग हतोत्साहित व त्रस्त : संतोष सिंह




प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की उपस्थिति में निरसा के पांडरा, बेजरा पंचायत और बेनागोडिया में कांग्रेस का हाथ-गरीबों के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से लोगों को जोड़ने को लेकर जिला के सभी प्रखंडों के पंचायत एवं नगरों के वार्डो में निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर संगठन में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी देश की रीढ़ है, हम सभी को मिलकर कांग्रेस पार्टी के विचारधारा एवं पार्टी के द्वारा देश हित में किए गए अनगिनत उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने की दरकार है। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी जिला के सभी प्रखंडों, पंचायत एवं नगरों के वार्डो में ÷कांग्रेस का हाथ - गरीबों के साथ÷ कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया है। कांग्रेस पार्टी का देशहित में और गरीबों के उत्थान हेतु उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस पार्टी के बिना देश चलना और चलाना संभव नहीं है। कहा कि देश की वर्तमान मोदी सरकार ने कांग्रेस के द्वारा किए गए सभी संस्थाओं को चंद पूंजी पतियों के हाथों गिरवी रखने का काम कर किया है, असफल मोदी सरकार के कारण देश की जनता गरीब, महिलाएं, छात्र बेरोजगार, युवा, मध्यम वर्ग के लोग लगभग सभी त्रस्त एवं हतोत्साहित है। कांग्रेस पार्टी देश में रहेगी यहां तभी देश बचेगा अन्यथा भाजपा देश को चंद व्यापारियों के हाथों बेचकर ही दम लेगी। अब कांग्रेस पार्टी के प्रति लोगों का विश्वास जगा है। देश की जनता आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीतने के साथ -साथ भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करेंगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले दिनों संसद भवन में हुई घटित घटना बहुत ही भयावह व निंदनीय हैं। उक्त घटना से मोदी सरकार के सुरक्षा तंत्र की ब्यवस्था ध्वस्त व असफलता साफ झलकती है। शायद जहरीली गैस या मानव बम होता तो निश्चित रूप से उपस्थित सांसदों की जान जा सकती थी। इस घटना से विश्व पटल पर देश की छवि काफी शर्मसार हुई है। तड़ीपार के बेटे ने दुबई में 500 करोड़ का खरीद लिया बंगला और दुसरी तरफ अंधभक्त गोबर को ही 56 भोग समझ कर खा रहें हैं।

## विश्वनाथ नर्सिंग होम में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के बरमसिया स्थित विश्वनाथ नर्सिंग होम में एक महिला की मौत इलाज के दौरान हो गयी. जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया. मृतका की पहचान अहिल्यापुर थाना क्षेत्र के बांकी गावं निवासी किटिया देवी (पति ङ्क सुभाष पासी) के रूप में की गई. घटना के बाबत मृतका के परिजनों ने बताया की किटिया देवी को शनिवार को परिजनों ने विश्वनाथ नर्सिंग में पथरी का ऑपरेशन कराने के लिए भर्ती कराया था. जंहा महिला को ऑपरेशन कराने के बाद छुट्टी दे दिया. घर जाने के बाद पीड़िता को दर्द उठ गया. जिसके बाद उसे सोमवार को फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया जंहा चिकित्सकों ने पीड़िता के परिजनों को बताया कि मरीज को डेंगू है, इसके बाद महिला को ब्लड चढ़ाया गया ओर फिर शुक्रवार की सुबह मरीज की मौत हो गयी. परिजनों का आरोप है की अस्पताल में मरीज का इलाज डॉक्टर की बजाय कम्पाउंडर ने किया जिसके कारण मरीज की मौत हो गयी. इधर परिजनों का आरोप है की महिला की मौत हो जाने के बाद अस्पताल प्रबंधक ने शव के जाने के पहले बकाया 11 हजार रुपये फीस जमा करने को कहा तब ही शव को ले जाने दिया जाएगा. जिसके बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया. इधर हंगामा की सूचना मिलने के बाद नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई।

## एसएसपी आवास पर तैनात पुलिस जवान की इलाज के दौरान मौत



*ड्यूटी के दौरान बिगड़ी थी तबीयत*

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएसपी आवास में तैनात पुलिस जवान अंबिका सिंह की एसएनएमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। वे गढ़वा जिला के रहने वाला थे। पिछले सात वर्ष से वे धनबाद में कार्यरत थे। गुरुवार को उनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद आनन फानन में एसएनएमएमसीएच लाया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शनिवार तक उनके शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंपने की तैयारी चल रही है। पोस्टमार्टम हाउस में मृत पुलिस जवान के सहकर्मी और उनके परिजन मौजूद हैं। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र ने बताया कि डॉक्टर द्वारा प्रथम दृष्ट्या ब्रेन हेमरेज से मौत होने की बात कही गई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने के बाद ही साफ हो सकेगा कि आखिर मौत की वजह क्या है। परिजनों एवं झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन धनबाद शाखा के अध्यक्ष कमलेश कुमार रवि ने विभाग से उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या के एक आरोपी की तबीयत खराब एसएनएमएमसीएच में भर्ती, अस्पताल की बढ़ाई गई सुरक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जेल के अंदर गैंगस्टर अमन सिंह को गोली मारने वाले सुंदर महतो उर्फ रितेश यादव ने जिन दो लोगों का नाम के खुलासा किया था, उन दोनों को भी पुलिस 72 घंटे के लिए रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। विकास बजरंगी और सतीश साव उर्फ गांधी ने पुलिस के समक्ष कई राज उगले हैं। तीनों को पुलिस ने एक साथ बैठा कर पूछताछ की है।

रिमांड पर लेने के बाद कोर्ट के निर्देशानुसार 24 घंटे के बाद तीनों का मेडिकल कराया जाना था। जिसके तहत गुरुवार को सरायढेला इंस्पेक्टर विनय कुमार तीनों को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे।

सदर अस्पताल में मेडिकल के दौरान विकास बजरंगी की तबीयत बिगड़ी हुई पाई गई। जिसके बाद उसे इलाज के एसएनएमएमसीएच ले जाया गया। जहां अब तक विकास बजरंगी इलाज चल रहा है। डॉक्टर ने विकास बजरंगी को भर्ती कर लिया है।

उसे पेट दर्द की शिकायत थी। इसके साथ ही सीने में भी दर्द हो रहा था। जिसके बाद उसे एसएनएमएमसीएच लाया गया। अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। अस्पताल में पुलिस जवानों की तैनाती की गई है।

बता दें कि रितेश यादव की पांच दिनों की रिमांड पूरी होने के बाद केस के आईओ विनय कुमार के द्वारा अदालत में रितेश के साथ विकास बजरंगी और सतीश साव को रिमांड पर लेने की अनुमति मांगी गई थी। रितेश ने पुलिस को बताया था कि वे दोनों भी इस हत्या में शामिल हैं।

कोर्ट ने पुलिस को तीन दिनों तक रिमांड पर पूछताछ करने की इजाजत दी थी। पुलिस को कई सुराग तीनों से पूछताछ के दौरान मिले हैं।

## साल भर से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को बिरनी पुलिस ने कांड संख्या 143/22, धारा 379 तहत दर्ज एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने ले गई बता दें कि आरोपी राहुल तुरी साल भर से फरार चल रहा था, जिसे गुप्त सूचना के आधार पर बिरनी पुलिस ने गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में गिरिडीह भेजा दिया। इधर थाना प्रभारी मृतुन्जय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी राहुल तुरी को छापेमारी करते हुए उसके घर ग्राम केशोडीह से गिरफ्तार किया गया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चपुअडीह पंचायतभवन में हुई कार्यशाला



**बेंगाबादी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चपुअडीह पंचायत भवन में शुक्रवार को कार्यशाला रखी गई । कार्यक्रम में मौजूद बेंगाबाद विकसित भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और कमजोर आबादी तक कल्याणकारी योजना के लाभ पहुंचाने की सुविधा प्रदान करना है। यह अभियान नागरिकों तक पहुंचने, सूचना का प्रसार करने, लोगों से सीखने और प्रक्रिया में लाभार्थियों का नामांकन करने पर केंद्रित है।

## बिरनी पुलिस की अनोखी पहल यमराज बन चलाया हेल्मेट चेकिंग अभियान



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को प्रखंड के बरहमसिया चौक पर बिरनी पुलिस का एक अलग रूप देखने को मिला। बता दें कि बिरनी में विगत दिनों हो रही सड़क दुर्घटना में असमय मृत्यु को देखते हुए थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह की अगुआई में बिरनी पुलिस यमराज का रूप धारण कर हेल्मेट चेकिंग अभियान चलाया जिसमें सभी बाइक सवार लोगों को हेल्मेट पहनना कितना जरूरी है इसके बारे में लोगों को जानकारी दिया गया साथ हीं मोटरसाइकिल चालकों को गुलाब का फूल दे कर हिदायत देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन से तो बच सकते हैं परंतु यमराज से कैसे बचोगे इसलिए हेलमेट पहनना सभी को अनिवार्य है ताकि अपनी सुरक्षा स्वयं से कर सकें।

## नेशनल लोक हेल्थ प्रोग्राम इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय समन्वयक बने डॉ. विवेक कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** दिनांक 15 दिसंबर 2023 को डेंटल काउंसिल आफ इंडिया के द्वारा डॉ विवेक कुमार को नेशनल लोक हेल्थ प्रोग्राम इंडियन डेंटल एसोसिएशन के लिए राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया। मौके पर डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि समर्पित दांत पेशेवरों की संयुक्त सदस्यता के साथ वर्ल्ड लेवल पर सबसे बड़े पेशेवर दंत चिकित्सा निकायों में से एक है, इंडियन डेंटल काउंसिल के प्रति सराहनीय व उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ विवेक कुमार को नेशनल ओरल हेल्थ प्रोग्राम इंडियन इंटेल एसोसिएशन के लिए राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ विवेक कुमार ने डेंटल काउंसिल आफ इंडिया की कार्यकारी समिति के सदस्य से लेकर झारखंड राज्य के अध्यक्ष के साथ-साथ देश भर में गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा सेवाओं में सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण समितियां के सदस्य के रूप में के पद संभाल रहे हैं। डॉ विवेक कुमार डेंटल काउंसिल आफ इंडिया के लिए पूर्व में भी अनगिनत महत्वपूर्ण उल्लेखनीय कार्य कर चुके हैं और उन्हें सम्मानित किया गया है। डेंटल कौंसिल ऑफ़ इंडिया एवं दंत चिकित्सकों एवं डेंटल काउंसिल के बेहतरी एवं उत्थान के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और आगे भी दंत चिकित्सा एवं डेंटल काउंसिल के बेहतरी एवं उत्थान के लिए तत्पर रहेंगे।

## यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर चलाई जाएंगी स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा पटना एवं आरा से आनंद विहार, सहरसा से अम्बाला कैंट तथा मुजफ्फरपुर से पुणे तथा सिकंदराबाद के लिए स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जायेगा जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1.गाड़ी सं. 02351/02352 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेषल (क्लोन संपूर्ण क्रांति) - गाड़ी संख्या 02351 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल 17.12.23 से 31.12.2023 तक सप्ताह के रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार को पटना से 16.00 बजे खुलकर अगले दिन 06.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 02352 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट स्पेषल 18.12.23 से 01.01.2024 तक सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आनंद विहार से 08.00 बजे खुलकर उसी दिन 21.55 बजे पटना पहुंचेगी । इस स्पेषल में 1।ब् का 01 कोच, 2।ब् के 02 कोच, 3।ब् के 02 कोच, 3म् के 05 कोच, शयनयान श्रेणी के 06 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

2. गाड़ी सं. 03227/03228 आरा-आनंद विहार-आरा एक्सप्रेस स्पेषल - गाड़ी संख्या 03227 आरा-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेषल 18.12.23 से 29.12.23 तक सप्ताह के सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को आरा से 15.45 बजे खुलकर अगले दिन 07.15 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03228 आनंद विहार-आरा एक्सप्रेस स्पेषल 19.12.23 से 30.12.23 तक सप्ताह के मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को आनंद विहार से 09.30 बजे खुलकर अगले दिन 04.00 बजे आरा पहुंचेगी । इस स्पेषल में, शयनयान श्रेणी के 11 एवं साधारण श्रेणी के 11 कोच होंगे ।

3.गाड़ी सं. 05565/ 05566 सहरसा-अम्बाला कैंट-सहरसा एक्सप्रेस स्पेषल (खगड़िया-समस्तीपुर-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते) - गाड़ी संख्या 05565 सहरसा-अम्बाला कैंट एक्सप्रेस स्पेषल 21.12.2023 एवं 28.12.2023 को सरहसा से 19.30 बजे खुलकर अगले दिन 23.15 बजे अम्बाला कैंट पहुंचेगी ।


## टुंडी में लगातार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के आयोजन से ग्रामीणों में खुशी की लहर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी जैसे पिछड़े क्षेत्रों में इन दिनों लगातार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रम के आयोजन होने से ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही हैं और लोग इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। विदित हो कि झारखंड सरकार के निर्देश पर इस तरह के शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है इसी को ध्यान में रखते हुए आज शुक्रवार को लच्छुरायडीह पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का मुखिया श्रीमती सविता देवी समेत सभी जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया। इस शिविर के माध्यम से उपस्थित सभी लाभुकों को सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभान्वित किया गया । सर्वप्रथम शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सभी स्कूली बच्चों को जाति प्रमाण पत्र के साथ साथ साइकिल खरीद के लिए चेकों का वितरण किया गया तत्पश्चात सर्वजन पेंशन,अबुआ आवास, जॉब कार्ड, राशनकार्ड, धोती साड़ी,कंबल समेत कई तरह के सरकारी परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

## सुपरवाइजर ने समाज को लज्जित करने का किया काम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया :** सरिया प्रखंड में बाल विकास परियोजना विभाग के एक सुपरवाइजर द्वारा समाज को एक लज्जित करने का मामला सामने आया है.इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 दिसंबर को आंगनबाड़ी सेविकाओं की विभागीय बैठक के दौरान कार्यालय में ही सरिया बाल विकास विभाग की प्रवेक्षिका अंजली कुमारी के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के चार आंगनबाड़ी सेविकाओं को कान पकड़कर सभी के सामने उठक बैठक करवाया गया.सुपरवाइजर का गुस्सा इतने में ही शांत नहीं हुआ.उन्होंने इस कार्रवाई की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल कर दी.हालांकि सेविकाओं के विरोध के बाद उस वीडियो को बाद में डिलीट कर लिया गया.इन सेविकाओं का दोष सिर्फ इतना ही था कि वे बाल विकास परियोजना के चहेता राशन दुकानों से बच्चों के पोषाहार का बिल प्रस्तुत न कर किसी अन्य दुकान के बिल को प्रस्तुत करने का काम किया गया था.इससे बौखलाए सुपरवाइजर अंजली कुमारी इतनी आग बबूला हो गई कि उन्हें सभी सेविकाओं के समक्ष कान पड़कर उठक बैठक तक करवा डाला.इस घटना से आक्रोशित अन्य सेविकाओं के द्वारा इसकी सूचना सरिया प्रखंड के प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी राखी चंद्रा व कार्यालय प्रभारी को दिया गया.लेकिन उन्होंने सरिया से बाहर रहने की बात कह कर मामला शांत करने की बात कही. सीडीपीओ द्वारा शुक्रवार को इन सेविकाओं को एवं दोषी सुपरवाइजर को अपने कार्यालय में बुलाकर मनाने का दौर 11 बजे से 1 बजे तक चला.अंततः सुपरवाइजर को अपनी गलती का एहसास हुआ.उसके बाद सभी सेविका के समक्ष सुपरवाइजर को माफी मांग कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश की गई.लेकिन इसके बाद पीड़ित प्रखंड के बागोडीह आंगनबाड़ी केंद्र की चारों पीड़ित सेविकाओं ने घटना की पुष्टि करते हुए कहि कि वरीय अधिकारियों के समक्ष दोषी सुपरवाइजर के द्वारा सॉरी बोला गया?. सुपरवाइजर ने कही कि आज के बाद से ऐसी गलती नहीं होगी. उक्त सेविकाओं ने कहा कि अब आगे हम सभी चारों मिलकर सोचेंगे कि इनके खिलाफ क्या करना है ।

## चलते चलते एक नजर

### 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता आज से, तैयारी पुरी



**गढवा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में 16 दिसम्बर से 14 जनवरी तक आयोजित होनी वाली 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शनिवार से गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शुरू होगा। प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं। उद्घाटन एसपी दीपक कुमार पांडेय और डीडीसी राजेश कुमार राय करेगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े क्रिकेट प्रतियोगिता में इस वर्ष 49 टीमें भाग ले रही है। इसमें 735 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। प्रतियोगिता एक माह तक चलेगी तथा समापन 14 जनवरी को होगा। इसमें जिले के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय के बच्चे भाग ले रहे है। उन्होंने बताया कि अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 22वें वर्ष में प्रवेश कर गई है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा की प्रतियोगिता की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता के खिलाड़ी जिला का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह राज्य में खेल के क्षेत्र में होने वाले सबसे बड़े आयोजनों में से एक है। इस मौके पर संघ के उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, जितेंद्र सिंह, अशोक कुमार दुबे, चंद्रभूषण सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, मनोज तिवारी, मनीष उपाध्याय, आदित्य तिवारी, अभिषेक द्विवेदी, प्रिंस खान, मनीष पाठक, प्रवीण मिश्रा, आलोक गुप्ता, रोहन तिवारी, पंकज सोनी, आदित्य, विशाल कुमार, अनिल कुमार मेहता, आयुष सिंह, साकेत कुमार, सिकंदर आदि शामिल थे।

### फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी ने गर्म स्वेटर वितरण किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: फ्रेंड्स ऑफ विकर्स सोसाइटी के द्वारा जरूरतमंद छात्राओं के दरमियान स्वेटर वितरित किया गया। शर्दियों के मौसम में बच्चे स्कूल यूनिफार्म के तौर सवेटर नहीं रहने के कारण स्कूल से गैरहाजिर रहते है। जिससे ड्रॉप आउट का खतरा बना रहता है। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए फ्रेंड्स ? विकर सोसाइटी, रांची के स्कूल और मदरसा जाने वाले जरूरतमंद बच्चों के बीच स्वेटर तसीम करती है। इसी सिलसिले में इरकिया मिडिल स्कूल, कर्बला चौक, कुरैशी अकैडमी, कुरैशी मोहल्लह, एच. एम. के. पब्लिक स्कूल, मोजाहिद नगर हिंदपीढ़ी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, छोटा तालाब, ताज एसकड पब्लिक स्कूल कांटाटोली रांची के बच्चों के बीच स्वेटर तसीम किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल, फ्रेंड्स ऑफ विकर सोसाइटी के सचिव सोहैल अख्तर, कार्यकारणी सदस्य मजहर हुसैन, इम्तियाज अहमद आदि मौजूद थे।

# पलामू जिला बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव आज

## * बलराम व रामदेव आमने-सामने * संजीव-राजीव व अजय में त्रिकोणात्मक संघर्ष







प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव आज शनिवार को है। चुनाव के आखिरी दौर में जो रूझाने सामने आ रहे हैं उसके मुताबिक बार के अध्यक्ष पद के लिए बलराम तिवारी और रामदेव यादव आमने-सामने हैं। दोनों के बीच जीत का अंतर मामूली रहने की उम्मीद है। यह चुनाव भी बैकवर्ड और फॉरवर्ड में बटता हुआ दिख रहा है।।जहॉ तक बार के दूसरे महत्वपूर्ण पद महासचिव का सवाल है तो इस पद पर त्रिकोणात्मक संघर्ष के आसार हैं। पिछले चार चुनावों से हार की मार खा चुके राजीव रंजन की इस बार काफी मजबूत स्थिति दिखलायी पड़ रही है। लेकिन उनकी इस मजबूती को पत्रकार के रूप में प्रख्यात और पिछले सात सालों से वकालत की दुनिया में अपनी नई पहचान बना चुके अधिवक्ता संजीव नयन जबरदस्त चुनौती दे रहे हैं और राजीव को सीधे कड़ी टक्कर देने की कवायद करते हुए मालूम पड़ रहे हैं। हालांकि इस टक्कर को बेहतर तरीके से त्रिकोण बनाने में बार के कई अन्य पदों पर पहले भी विजय हासिल कर चुके व पहली मर्तबा बार महासचिव के पद पर चुनाव लड़ रहे अजय पाण्डेय भी हम किसी से कम नहीं की तर्ज पर बढ़त बनाये हुए हैं। यहां उल्लेखनीय है कि महासचिव के एक और प्रत्याशी दीपक कुमार को भी बहुत कम आंका नहीं जाना चाहिए। क्योंकि उन्हें कहीं न कहीं बार के पूर्व महासचिव रहे सुबोध सिन्हा का बरदहस्त प्राप्त है। मगर यह भी सच्चाई है कि सुबोध सिन्हा प्रत्यक्ष रूप से वोट के लिए दीपक की वकालत करते नहीं दिख रहे हैं और आखिरी वक्त दिखेंगे भी तो बहुत बड़ा प्रभाव परिणाम के रूप में तब्दील होने की गंजाईश कम है। क्योंकि मतदाता सुबोध और दीपक के बीच का अंतर भली-भांति समझ रहे हैं।परिणामस्वरूप यह हो सकता है कि दीपक अपनी उम्मीदवारी को त्रिकोण में समावेश करने में शायद सफल न हो सके। कुल मिलाकर देखें तो महासचिव पद की दावेदारी की सीधी लड़ाई राजीव और संजीव के बीच सीधे इसलिए भी दिख रही है, क्योंकि राजीव जहां एक ओर बैकवर्ड कार्ड के सहारे सत्ता का रास्ता अख्तियार करना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर संजीव नयन अपनी पकड़, पहुँच तथा सारे कुनबों में पैठ रखने वाली बात को एक मजबूत स्तम्भ के रूप में मतदाताओं के पटल पर रख रहे हैं। पलामू बार के ख्वाबों को हकीकत में परिवर्तन करने की एक बड़ी संभावनाओं को भी मतदाता संजीव नयन के बड़े पक्ष के रूप में देख रहा है, जो उनके सत्ता के गलियारों के पास पहुंचने का इशारा कर रहा है। उन्हें इस आशय का भी लाभ मिल रहा है कि बार में करोड़ों की आदतन होने वाली हेरा-फेरी पर श्री नयन के आने से बड़ा विराम लग सकता है। प्रारंभिक दिनों में श्री नयन का ग्राफ काफी कम आंका जा रहा था।

लेकिन जैसे ही श्री नयन ने 21 सूत्री घोषणा पत्र जारी किया वैसे ही इनका ग्राफ बढ़ना शुरू हो गया। इस तरह से अनुमान लगाया जा रहा है कि महासचिव पद के रेस में संजीव नयन और राजीव रंजन के बीच कांटे की टक्कर है। हालांकि बार के इस प्रतिष्ठित चुनाव में भी जातिगत वोटो का बोलबाला जबरदस्त तरीके से देखा जा रहा है, अब इसी कड़ी में देखने वाली बात यह होगी कि जीत की ऊंट किस करवट अपना रूख करती है।पलामू बार के तीसरे महत्वूर्ण कोषाध्यक्ष में भी रस्सा-कस्सी का दौर जारी है। मदन तिवारी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि उन्हें प्रसिद्व अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह के सहयोगी दीपक कुमार कड़ी टक्कर देते हुए दिख रहे हैं। जय किशोर पाठक भी एक रणनीति के तहत इस पद को त्रिकोणीय संघर्ष बनाने में जुटे हुए हैं। हालांकि इस पद पर अनिल कुमार, लाजवंत कुमार तिवारी और संतोष कुमार तिवारी भी बढ़त की ओर बढ़ रहे हैं। इनमें से कोई आगे आ जाए तो यह बहुत अचंभे वाली बात नहीं होगी। उपाध्यक्ष पद पर भी विनोद कुमार तिवारी, सचिन्द्र कुमार पाण्डेय और राणा मनोज सिंह के बीच त्रिकोणात्मक संघर्ष होने के संकेत मिल रहे हैं। इस तरह से पलामू जिला बार एसोसिएशन के रोचक चुनाव का आज वोटिंग हैं और परसों काउंटिंग है। जिसमें सब कुछ बिल्कुल साफ हो जायेगा कि किसके सिर पर ताज और किस पर गिरेगा गाज।

### खलारी में अपराधियों ने एक हाइवा को फूंका



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के खलारी में गुरुवार देर रात हथियार बंद अपराधियों ने एक हाइवा को आग के हवाले कर दिया और वहां से फरार हो गये। घटना की सूचना मिलने के बाद शुक्रवार को पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी हुई है। हाइवा में आगजनी की घटना को अंजाम अपराधियों ने दिया या फिर उग्रवादी संगठनों ने दिया है, पुलिस इसकी जांच कर रही है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। अरगोड़ा थाना पुलिस ने गुरुवार रात पिस्टल और गोली के साथ दो अपराधियों ठाकुर धर्मेंद्र सिंह और रविन्द्र कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस अपराधी से पूछताछ जारी है।

बताया जाता है कि हथियार के साथ अपराधी किसी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा था। पुलिस ने इन दोनों को वीर कुंवर सिंह चौक, अरगोड़ा चौक से गिरफ्तार किया गया।

### भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन आज करेंगे सांसद वीडी राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम पलामू संसदीय क्षेत्र के पाटन प्रखंड अंतर्गत उताकी में समय 11 बजे एवं ग्राम पाल्हे कला स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में समय 2 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उक्त कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जिसमें आप सभी अपना स्वास्थ्य का चेकअप करा सकते हैं। साथ ही साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा।कार्यक्रम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के सभी पंचायतों में सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी,पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना,जल जीवन मिशन आदि योजनाओं की जानकारी दी जायेगी तथा ड्रोन दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत ड्रोन से दवाइयों एवं खाद के छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन किसानों के समक्ष किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना,उनके बीच सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार करना तथा उन्हें लाभान्वित कराना है। इस अवसर पर कार्यक्रम के सभी से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, नहीं रुकेगी विकास की रफ्तार : मंत्री मिथिलेश

*** 40 करोड़ की लागत से होगा दो सुदूरवर्ती सड़कों का निर्माण**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : जिले में 40 करोड रुपए की लागत से दो सुदूरवर्ती अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। लगभग 59 किलोमीटर लंबी इन सड़कों के निर्माण की पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार ने प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा के तहत 18 करोड़ 9 लाख 11 हजार 300 रुपए की लागत से भंडरिया से टेहरी वाया बड़गड़ 26 किलोमीटर सड़क तथा 21 करोड़ 92 लाख 49 हजार 700 रुपए की लागत से लगभग 33 किमी चिनिया, रणपुरा, खुथुवा मोड़ सड़क का 5.5 मीटर कैरिजवे के साथ राइडिंग क्वालिटी में सुधार किया जाएगा। यह सड़क एनएच 343 का वैकल्पिक मार्ग है। यह छत्तीसगढ़ राज्य को भी जोड़ती है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह दोनों सड़कें जिले के अति सुदूरवर्ती क्षेत्रों से गुजरती हैं। उनकी स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। इन सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। साथ ही छत्तीसगढ़ पहुंचना काफी आसान हो जाएगा। इससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी बचत होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा विकास की रफ्तार पकड़ चुका है। विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, गढ़वा की विकास की रफ्तार रुकने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोगों की मानसिकता ही नकारात्मक होती है। जब उन्हें कुछ बेहतर करने का मौका मिलता है तब वे काम करने के बजाय भोली-भाली जनता को झूठ एवं फरेब के बल पर बेवकूफ बनाते हैं। हाथ से मौका निकल जाने के बाद जब दूसरे लोग बेहतर कार्य करते हैं तो वे सिर्फ हर कार्य में टांग अड़ाने का ही कार्य करते हैं। परंतु किसी की नकारात्मक विचारों एवं कार्यो से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। गढ़वा ने अब विकास की रफ्तार पकड़ लिया है और अपने रफ्तार में गढ़वा का विकास निर्बाध रूप से होता रहेगा। मंत्री ने कहा कि आज गढ़वा की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां बेहतर आवागमन की सुविधा के साथ-साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के लोगों ने काफी जांच, परख कर उन्हें अपना सेवक चुना है। वे सेवक के रूप में गढ़वा वासियों की उम्मीदों पर पूरी तरह से खर्रा उतरने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास कर रहे हैं। यही कारण है कि आज पूरे गढ़वा में जहां भी खड़े हो जाएं वहां विकास की नई झलक दिखती है।

### झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर निषेधाज्ञा लागू

**रांची :** झारखंड विधानसभा का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र आज (शुक्रवार) से शुरू हो रहा है। सत्र को लेकर निषेधाज्ञा लागू की गई है। एसडीओ दीपक दुबे ने गुरुवार देर रात इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। निषेधाज्ञा शुक्रवार सुबह छह बजे से 21 दिसम्बर की रात 11:30 बजे तक के लिए लागू रहेगा। विधानसभा परिसर के एक किलोमीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। साथ ही इस दौरान पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली , आमसभाका आयोजन करने और किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना वर्जित रहेगा।

# समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन बढ़ाएं संस्थान : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों या अन्य शिक्षण संस्थानों को टापू या तटस्थ बने रहने की बजाय समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों को चाहिए वे समाज की व्यावहारिक आवश्यकताओं के अनुरूप अध्ययन बढ़ाएं। व्यावहारिक आवश्यकताओं को समझने के लिए सिर्फ पुस्तकीय ज्ञान पर निर्भर रहने की बजाय फील्ड में अनुभव हासिल करने और रिसर्च पर ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स बायोनेचर कॉन-2023 विषयक संगोष्ठी के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान से तटस्थ होने के कारण भारत पिछड़ गया था और यहां के शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने के केंद्र तक सीमित हो गए थे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ सालों में इस दिशा में सुधार के प्रयास हुए तो अब अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों से पारंपरिक चिकित्सा भारत की देन है। वर्तमान समय मे इसे आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने कई विभागों के बीच आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि आपसी आयुर्वेद, फॉर्मेसी, बायो केमिस्ट्री, कृषि जैसे कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को एक नई ऊंचाई मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े लोग प्राकृतिक संसाधनों से औषधि बनाने के क्षेत्र में बहुत योगदान दे सकते हैं।

# हिंदुओं की भावनाओं से ना खेले सरकार : अरुणा शंकर





*** 18 दिसंबर को उच्च न्यायालय में होगी पुनः सुनवाई**

*** 10 से 15 फरवरी को पलामू आएंगे बागेश्वर सरकार**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर सह हनुमंत कथा समिति के संयोजक अरुणा शंकर ने बताया कि बागेश्वर बाबा श्री धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम जो दिनांक 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक मेदिनीनगर के खनवा नदी के तट पर होना तय था। जिसकी अनुमति मेदिनीनगर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा हनुमंत कथा समिति को प्राप्त थी। इस कार्यक्रम को अचानक उपायुक्त द्वारा नदी में पॉल्यूशन होने की संभावना को बताते हुए स्थगित कर दिया गया। अब पुनः समिति ने बागेश्वर धाम से धीरेंद्र शास्त्री जी महाराज के आने का दूसरा तिथि 10 से 15 फरवरी 2024 के बीच नदी तट से दूर निजी भूमि पर गढ़वा डाल्टनगंज के बीच चैनपुर प्रखंड के औरनार गांव में कराने की अनुमति धाम से प्राप्त कर ली गई है। प्रथम महापौर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अब तक अनुमति नहीं मिलने के कारण हमारी समिति उच्च न्यायालय के शरण में गई है। जिसकी सुनवाई 15 दिसंबर को करते हुए उच्च न्यायालय ने पुनः 18 तारीख को सुनवाइ पर रखा है। प्रथम महापौर ने कहा कि बागेश्वर बाबा के काफी अनुयाई हैं। लाखों लोगों की आस्था उनसे जुड़ी है। यह हम पलामू वासीयो के लिए सौभाग्य की बात है। परम पूज्य श्री धीरेंद्र शास्त्री जी झारखंड में पहली बार पलामू आने की अपने स्वीकृति प्रदान की है। मैं झारखंड सरकार से भी अनुरोध करूंगी कि हम हिंदुओं की आस्था का सम्मान करते हुए श्री धीरेंद्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर बाबा को झारखंड में आने दिया जाए। कार्यक्रम को रोक कर हिंदुओं की भावनाओं से ना खेले सरकार।

### डीजीपी ने सिख विरोधी दंगे के दौरान झारखंड में दर्ज मामलों की समीक्षा की

**रांची :** राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में 1984 सिख विरोधी दंगा को लेकर झारखंड के विभिन्न जिलों में दर्ज मामले की समीक्षा की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से डीजीपी ने समीक्षा की। इसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद एसएसपी, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, सरायकेला-खरसावां, गढ़वा, पलामू, गिरीडीह, कोडरमा और धनबाद रेल एसपी सहित अन्य ने भाग लिया। झारखंड हाई कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस मुख्यालय गंभीर है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने और सिख दंगा से संबंधित क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। 1984 के सिख दंगा के मामले में मुआवजा और लंबित आपराधिक मामलों से संबंधित मामले को लेकर बीते मंगलवार को हाई कोर्ट में सुनवाई हुई थी।

# छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया ?

**जेएसएससी व झारखंड सरकार से आक्रोशित हजारों छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया और आयोग व सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की।**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** जेएसएससी व झारखंड सरकार से आक्रोशित हजारों छात्रों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव किया और आयोग व सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इस छात्र महाआंदोलन का सबसे बड़ी विशेषता है कि यह विशुद्ध रूप से छात्रों का आन्दोलन है। इसमें नेता या छात्र नेता की कोई भूमिका नहीं है। बताया गया कि हेमंत सोरेन ने 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले झारखंड के युवाओं को दो वर्ष के अंदर पांच लाख नौकरी देने की वादा किया था। समय-समय पर युवाओं द्वारा नौकरी की मांग उठने लगी दबाव को देखते हुए हेमंत सरकार ने आनन-फानन में 2021 को नियुक्ति वर्ष घोषित कर दिया। जो पुरी तरह असफल रहा। छात्रों द्वारा जब भी नियुक्ति की मांग की गई सरकार एक महीने में 20 हजार, दो महीने में 30 हजार नियुक्ति करती रही और आश्वासन पर आश्वासन देकर चार वर्ष गुजार दी। बहुत से छात्र नेता इन मुद्दों को भंजा कर नेता बन गये। लेकिन छात्रों की मुद्दे जस के तस है उसकी भविष्य अंधकारमय होती चली गई। जेपीएससी व जेएसएससी पुरी तरह निष्क्रिय हो चुकी है। समय पर कोई परीक्षा नहीं ले रही है। कोई परीक्षा होती भी है तो विवादित हो जाती है और अंत में रद्द कर दी जाती है।

परीक्षा के इंतजार में लाखों छात्र की उम्र खत्म हो रही है या हो गई है। पिछले दिनों जेएसएससी सीजीएल जो वास्तव में 2016 की वैकेंसी है कई बार रद्द हो चुकी है कि परीक्षा होने वाली थी। परीक्षा से कुछ दिन पहले आयोग ने परीक्षा लेने में असमर्थता जताई और परीक्षा स्थगित कर दिया जिससे आक्रोशित हजारों छात्रों ने 15 दिसंबर को कार्यालय घेराव की रणनीति बनाई और कंपकंपाती ठंड में आयोग के कार्यालय की घेराबंदी की सभी परीक्षा सीघ्र व पारदर्शी तरीके से करने की मांग की। साथ ही साथ सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। आंदोलन में मुख्य रूप से राजेश ओझा , विशाल पाल,प्रकाश पोद्दार,काजल मंडल, कुणाल प्रताप, सत्यनारायण शुक्ला, विनय मेहता, अरुण अग्रवाल,भारती खुशवाहा, अनुज शंकर, इमाम सफी, अनिल मिश्र, संजय तिवारी,पवन झा,स्मृति ऐश्वर्या, राजा दास, रामशरण, जैसे छात्र एवं शिक्षक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### गूंज महोत्सव का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर घर पहुंचना : सुदेश

**रांची :** सिल्ली स्टेडियम में 18 दिसंबर से शुरू होने वाले आजसू पार्टी के तीन दिवसीय गूंज महोत्सव के पूर्व शुक्रवार को सोनाहातू प्रखंड के थाना मैदान में क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का समापन हो गया।महोत्सव में कला संस्कृति के कार्यक्रमों के साथ समाज कल्याण और गरीब के उत्थान के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सह गूंज के संरक्षक सुदेश महतो ने कहा कि क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का उद्देश्य लोगों के बीच जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचने के साथ स्थानीय कलाकारों की प्रतिभाओं को मंच देना और अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि मुख्य महोत्सव से पहले क्षेत्रीय स्तर पर गूंज महोत्सव का आयोजन इसी साल से शुरू हुआ है।